34 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-202 | रायपुर, शुक्रवार 08 दिसंबर 2023 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com



## फर्स्ट कालम

### उत्पादन बढ़ाने की आपाधापी का परिणाम है जलवायु परिवर्तन : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाने की आपाधापी ने मानवता को नुकसान पहुंचाया है और जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरणीय गड़बड़ी इसी का परिणाम है। श्रीमती मुर्मु ने गुरूवार को यहां लक्ष्मीपत सिंघानिया-आईआईएम लखनऊ राष्ट्रीय लीडरशीप पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की आपाधापी ने मानवता को नुकसान पहुंचाया है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गड़बड़ी उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व इस चुनौती से जूझ रहा है।

### जम्मू कश्मीर में 11 महीने में रिकार्ड दो करोड़ पर्यटक पहुंचे

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि उसकी नीतियों से जम्मू कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र मजबूत हुआ है और इस वर्ष केवल 11 महीने में रिकार्ड दो करोड़ पर्यटकों ने केन्द्र शासित प्रदेश की यात्रा की है। पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने गुरूवार को राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद मौजूदा वर्ष के पिछले 11 महीनों में जम्मू कश्मीर में दो करोड़ पर्यटक गये जो जम्मू कश्मीर के इतिहास में एक रिकार्ड है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सदन में मौजूदगी के दौरान श्री रेड्डी ने कहा कि श्री मोदी दुनिया भर में भारत के पर्यटन एम्बेसडर हैं।

### 30 साल बाद मणिपुर में शराब बेचना लीगल, सरकार का 600 करोड़ राजस्व बढ़ेगा

**इंफाल।** मणिपुर में 30 साल बाद शराब बेचना और पीना लीगल होगा। 1991 से ड्राय स्टेट मणिपुर में शराब का बैन हटने से सरकार का सालाना राजस्व 600 करोड़ रुपये बढ़ेगा। सोमवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की कैबिनेट ने मीटिंग में ये फैसला लिया था। बुधवार (6 दिसंबर) को सरकारी नोटिफिकेशन में बताया गया कि मणिपुर के सभी जिलों, ग्रेटर इंफाल और ट्यूरिस्ट लोकेशन में शराब का सेवन किया जा सकता है।

### आईएसआईएस से जुड़े 6 संदिग्ध गोधरा से पकड़ाए

**अहमदाबा।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गोधरा से इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रोविंस से जुड़े 6 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एटीएस के डीआइजी दीपेन भद्रन ने दिव्य भास्कर को बताया कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से इनपुट मिला था कि आतंकी संगठन आईएसकेपी का स्लीपर सेल गुजरात के गोधरा शहर में एक्टिव है। इसी जानकारी के बाद गोधरा में छापेमारी कर इन्हें हिरासत में लिया गया। फिलहाल इनकी पहचान गुप्त रखी गई है।

### भारतीय मूल के समीर शाह बीबीसी के नए चेयरमैन होंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के समीर शाह ब्रिटिश मीडिया बीबीसी के चेयरमैन चुने गए हैं। ब्रिटेन की सुनक सराकर ने ये फैसला लिया है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में पैदा हुए 71 साल के समीर फिलहाल जूनिपर कम्यूनिकेशन्स के सीईओ हैं। बतौर बीबीसी चेयरमैन समीर हफ्ते में 3 दिन काम करेंगे, जिसके लिए उन्हें सालाना 1.67 करोड़ की तनख्वाह मिलेगी।

### कतर में 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों से मिले इंडियन एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** कतर की जेल में कैद भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों से वहां मौजूद भारत के एम्बेसडर विपुल ने मुलाकात की है। ये मुलाकात रविवार यानी 3 दिसंबर को हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी। बागची ने कहा- हमने पूर्व नौसैनिकों की मौत की सजा के खिलाफ अपील की थी। इसके बाद 2 बार सुनवाई हो चुकी है। हम मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्हें सभी कानूनी और काउंसलर मदद दी जा रही है। ये बेहद संवेदनशील मामला है, इसलिए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।

## भाजपा विधायकों से रायशुमारी के बाद होगा नए सीएम का ऐलान

# सीएम पर मंथन : छत्तीसगढ़ के लिए आज तय हो सकते हैं पर्यवेक्षक



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश व राजस्थान में नए मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली में मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के लिए शुक्रवार को भाजपा पर्यवेक्षक तय हो सकते हैं। रायपुर में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और नितिन नबीन के साथ पर्यवेक्षक विधायकों से रायशुमारी करेंगे। इसके बाद 9 दिसंबर को विधायक दल की बैठक में सीएम का ऐलान किया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास में गुरुवार को पर्यवेक्षक तय नहीं हो सके। दिनभर नेताओं की बैठक होती रही। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने जेपी नड्डा से मुलाकात की। श्री नड्डा के निवास पर काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। रेणुका सिंह ने भरतपुर-सोनहत सीट से विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की हैं। मुख्यमंत्री पद की रेस में उनका भी नाम चल रहा है। इस लिहाज से इस मुलाकात के मायने लगाए जा रहे हैं। इससे पहले बुधवार को छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीते 2 सांसदों अरुण साव और गोमती साय ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

### प्रदेश में छठी विधानसभा गठन की अधिसूचना जारी

प्रदेश के राज्यपाल हरिचंदन ने छठी विधानसभा गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही पांचवी विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो गया। इसके साथ ही 2018 में निर्वाचित विधायकों की विधायकी भी खत्म हो गई है। हारे हुए विधायक अब पूर्व की श्रेणी में आ गए हैं। ऐसे में विधानसभा सचिवालय ने उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया है।

### मध्यप्रदेश में सीएम की रेस में शिवराज के साथ 5 बड़े नेता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट में शिवराज सिंह चौहान के बाद नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा के नाम लिए जा रहे हैं। हालांकि, शिवराज सिंह के बाद वीडी शर्मा ने भी कहा है कि वे सीएम की रेस में नहीं हैं। बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर सस्पेंस रविवार को खत्म हो जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि कोई नया चेहरा भी आ सकता है क्या? इस पर उन्होंने कहा कि 10 तारीख का इंतजार करिए।



### भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम बोले-तीन राज्यों में जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ समेत तीन राज्यों के मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली में गुरुवार को संसद भवन परिसर में बीजेपी संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई मंत्री-नेता मौजूद रहे। बैठक शुरू होते ही पीएम मोदी को इस जीत के लिए सम्मानित किया गया। सबसे पहले तीन राज्यों में भाजपा की धमाकेदार जीत के लिए नेताओं ने पीएम मोदी का स्वागत किया। नेताओं ने 'मोदी जी का स्वागत है' के नारे भी लगाए। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मीडिया को ब्रीफ किया। उन्होंने बताया कि बैठक में पीएम ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया। पीएम ने कहा कि तीन राज्यों में हमें अच्छी जीत मिली, साथ ही तेलंगाना और मिजोरम में भी हमारी स्ट्रेंथ बढ़ी है। इसके अलावा पीएम ने तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश में साइक्लोन मिचौंग से हुए नुकसान पर भी बात की।

# तेलंगाना में रेवंत रेड्डी ने ली सीएम पद की शपथ, कांग्रेस की 6 गारंटी पर लगी मुहर

- भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए
- महिलाओं-किसानों को कैश मदद, 200 यूनिट फ्री बिजली, बेघरों को जमीन देगी सरकार



**हैदराबाद (ए)।** कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने 7 दिसंबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। उनके साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलबी स्टेडियम में हुआ। इसमें सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

रेवंत ने शपथ लेने के तुरंत बाद दो फाइलों पर दस्तखत किए। पहली फाइल चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से दी गईं 6 गारंटियों की थी। दूसरी फाइल में एक दिव्यांग महिला को नौकरी देने का वादा किया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय %प्रगति भवन% के बाहर लगी फेंस को हटवा दिया, जिसकी वजह से कई साल से लोगों को ट्रैफिक जाम की परेशानी हो रही थी। तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। तब से लेकर 2023 तक दो बार बीआरएस केके चंद्रशेखर राव (केसीआर) मुख्यमंत्री रहे। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में केसीआर को हार मिली और रेवंत रेड्डी के रूप में राज्य को दूसरा (कार्यकाल के हिसाब से तीसरा) सीएम मिला।

**पहले 6 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होना था :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में पार्टी की जीते के बाद से सीएम पद के लिए रेवंत रेड्डी का नाम लगभग तय था। 6 दिसंबर की शाम उनका शपथ ग्रहण समारोह भी होना था, लेकिन पार्टी में विरोध के चलते इसे रद्द करना पड़ा। सीएम के रूप में रेवंत रेड्डी के शपथ ग्रहण का विरोध करने वालों में तेलंगाना के पूर्व कांग्रेस प्रमुख एन उत्तम कुमार रेड्डी, पूर्व सीएलपी नेता भट्टी विक्रमार्क, पूर्व मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पूर्व डिप्टी सीएम दामोदर राजनरसिम्हा थे। इन नेताओं ने रेवंत रेड्डी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। यह पहला मौका नहीं है, जब रेवंत रेड्डी को पार्टी में विरोध का सामना करना पड़ा। जब 2021 में उन्हें तेलंगाना कांग्रेस का प्रभार सौंपा गया था, तब भी उन पर पद पाने के लिए करोड़ों रुपए देने का आरोप लगा था।

**उत्तम कुमार ने भी सीएम पद के लिए दावेदारी पेश की थी :** एन उत्तम कुमार रेड्डी ने 5 दिसंबर को कहा था कि वह भी मुख्यमंत्री पद की रेस में हैं। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए उत्तम कुमार ने कहा- मैं सात बार से विधायक और पार्टी का वफादार हूं। आर्म्ड फोर्स में सेवा करने का अनुभव भी है, इसलिए मैं सीएम बनने योग्य हूं।

### राहुल ने लगाई थी रेवंत के नाम पर मुहर

तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के बाद 5 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी नेताओं की बैठक हुई। इसमें राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई सीनियर नेता मौजूद थे। बैठक में राहुल गांधी ने रेवंत रेड्डी के नाम पर मुहर लगी थी। रेवंत तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष हैं।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित



**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2023 पारित किया गया।

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि तेलंगाना सरकार की ओर से स्थान निर्धारित नहीं हो पाने के कारण इसमें विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि बार-बार आग्रह किये जाने के बाद तेलंगाना के मुलुगू में यह जगह दी गयी है जहां 900 करोड़ रुपये की लागत से विश्वविद्यालय स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार नारे के माध्यम से शासन व्यवस्था नहीं चलाती बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार करने में विश्वास रखती है। केंद्रीय मंत्री ने 'ड्रॉप आउट' को लेकर सदस्यों के आंकडों को आधा सच करार देते हुए कहा कि विभिन्न विकल्पों की तलाश और घर-परिवार की परिस्थितियों के कारण बीच में पढ़ाई छोड़ना भी इसकी महत्वपूर्ण वजह होती है।

### सभी बीजेपी आज सांसद लोकसभा में मौजूद रहें, व्हिप जारी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज 7 दिसंबर को चौथा दिन था। भाजपा ने अपने सभी सांसदों को 8 दिसंबर को लोकसभा में मौजूद रहने को कहा है। इसके लिए पार्टी ने व्हिप भी जारी किया है। इसमें लिखा- कल जरूरी बिजनेस होना है, सभी सांसद उपस्थित रहें। इस बीच, भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसदीय समिति से माफी मांगी है। पिछले सत्र में बिधूड़ी ने सपा सांसद दानिश अली पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### दिग्विजय ने बरैया को मुंह काला करने से रोका, सिर्फ काला टीका लगाया

**भोपाल।** भोपाल में गुरुवार को हाई पॉलिटिकल ड्रामा देखने को मिला। नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया अपना मुंह काला करने के लिए राजभवन के लिए निकले। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया और मुंह काला नहीं करने दिया। दिग्विजय सिंह ने बरैया को काला टीका लगाकर उनका वचन पूरा कराया।

बाद में बरैया ने ईवीएम वाले पोस्टर्स पर काली स्याही पोत दी। उन्होंने कहा कि 'हम ईवीएम का मुंह काला कर रहे।' फूल सिंह बरैया दतिया जिले की भांडेर सीट से विधायक का चुनाव जीते हैं। चुनाव से पहले उन्होंने दावा किया था कि अगर भाजपा की मध्यप्रदेश में 50 सीट भी आती हैं तो वे अपना मुंह काला करेंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा को 230 सीट में से 163 सीट मिली। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर बरैया को अपना वचन निभाने की नसीहत दी जा रही थी। बरैया ने ईवीएम वाले पोस्टरों पर काली स्याही पोतकर विरोध जताया। दिग्विजय साथ रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा अवैध आप्रवासन के आंकड़े



**नई दिल्ली, (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने असम में अवैध प्रवासियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह 1971 के बाद अवैध आप्रवासन संबंधी उपलब्ध आंकड़े पेश करे।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अवैध आप्रवासन पर पश्चिम बंगाल से भी जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने धारा 6ए के इतर कहा, हम जानना चाहते हैं कि सरकार अभेद्य सीमा सुनिश्चित करने के लिए क्या कर रही है। क्या निवेश है कि सीमा अभेद्य हो जाए, सरकार क्या कार्यकारी कदम उठा रही है? सीमा पर कितनी हद तक बाड़ लगाई गई है? पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से 1971 के बाद अवैध आप्रवासन पर सरकार के पास उपलब्ध आंकड़ों के बारे में पूछा। याचिकाकर्ताओं के इस तर्क पर कि असम के साथ जो किया गया वह पश्चिम बंगाल के साथ नहीं किया गया के मद्देनजर श्री मेहता ने कहा कि मेरे ख्याल से बंगलादेश के मामले में उनकी (अवैध अप्रवासी) भाषा, खान-पान, पहनावा समान होने के कारण वे आसानी से मिल जाते हैं। शायद इसी वजह से कोई हंगामा या ऐसी कोई बात नहीं होती जो सरकार के कदम न उठाने को उचित न ठहराए। पीठ ने कहा, हम जानना चाहते हैं कि संसद द्वारा नागरिकता प्रदान करने के लिए पश्चिम बंगाल को बाहर करने का क्या कारण था।

## अमेरिका से एफबीआई की टीम आएगी भारत

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू के कत्ल की साजिश की जांच करेगी

**चंडीगढ़ (ए)।** खालिस्तानी आतंकी और प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़े मामले की जांच के लिए अमेरिका से एक टीम अगले सप्ताह भारत आ सकती है। ये टीम यहां अपने स्तर पर जांच करेगी। पिछले महीने ही अमेरिका ने भारत सरकार के एक अधिकारी पर अपने नागरिक पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप लगाए थे।

जानकारी के अनुसार अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो इन्वेस्टिगेशन के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे अगले सप्ताह भारत आ सकते हैं।

## बढ़ेगी सेना की ताकत : शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 की ट्रेनिंग लॉन्चिंग सफल



**नई दिल्ली (ए)।** शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-1' का प्रशिक्षण प्रक्षेपण आज एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से सफलता पूर्वक किया गया। यह जानकारी गुरुवार को रक्षा मंत्रालय ने दी। इस लॉन्चिंग के साथ ही भारत की सैन्य ताकत में और इजाफा हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किए गए प्रशिक्षण लॉन्च ने सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक मान्य किया। इससे पहले, एक जून को भी एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से सामरिक बल कमान द्वारा एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। अग्नि-1 मिसाइलें बहुत ऊंचाई से टारगेट को भेदने में पूरी तरह से सक्षम हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया था इस प्रक्षेपण के जरिए मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया।

## गोगामेड़ी के हत्यारों पर 5 लाख का इनाम अंतिम दर्शन के लिए गांव में जुटे लोग

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात अलवर-हनुमानगढ़ रहा बंद

**जयपुर (ए)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों में भी छापेमारी कर रही हैं। उधर, सुखदेव सिंह की आज शाम उनके पैतृक गांव हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में अंतिम संस्कार होगा। बुधवार देर रात एसएमएस हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया था। गुरुवार सुबह जयपुर से एंबुलेंस से शव रवाना किया गया, जो शाम करीब 4 बजे उनके पैतृक गांव पहुंचा। यहां पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। इससे पूर्व जयपुर के राजपूत सभा भवन में समाज के लोगों ने अंतिम दर्शन किए। इधर, हत्या के विरोध में अलवर और हनुमानगढ़ शहर बंद रहा।

## तूफान

### पीएम ने फ्लड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के 561 करोड़ मंजूर किए

# तमिलनाडु में बाढ़ से 1.2 करोड़ लोग प्रभावित, स्कूल-कॉलेज लगातार चौथे दिन बंद



**चेन्नई (ए)।** बंगाल की खाड़ी से उठे मिचौंग तूफान के कारण आई बाढ़ से तमिलनाडु के 1.2 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिले में सबसे ज्यादा तबाही हुई।

गुरुवार को चेन्नई आने-जाने वाली 15 ट्रेनें कैंसिल की गईं। 4 दिसंबर से सभी स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उधर,पीएम मोदी ने फ्लड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के लिए 561 करोड़ के फंड को मंजूरी दे दी है। डीएमके सांसद टीआर बालू ने संसद में बताया कि राज्य में 47 साल बाद ऐसे हालात बने हैं। तूफान की वजह से राज्य में 2 दिनों में 3 महीने की बारिश हुई। चेन्नई में एक दिन में सबसे ज्यादा 50 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके चलते आई बाढ़ से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। शहर के कई हिस्सों में तीन दिन से बिजली और इंटरनेट बंद है।

सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 561.29 करोड़ रुपए की मदद मांगी थी। पीएम मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर तूफान में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई।

### राजनाथ ने चेन्नई और उसके आसपास चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

**चेन्नई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चेन्नई और उसके आसपास बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से मुलाकात कर चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के बारे में चर्चा की। हवाई सर्वेक्षण के दौरान तमिलनाडु के वित्त एवं मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री थंगम थेनारासु और मुख्य सचिव शिव दास मीना रक्षा मंत्री के साथ थे। श्री सिंह और श्री स्टालिन के बीच हुयी बैठक के दौरान केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

## मोदी सरकार में विकास का लाभ निचले वर्ग तक पहुंच रहा है : सीतारमण



**नई दिल्ली (ए)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करते हुए कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है और नरेंद्र मोदी सरकार समाज के सबसे निचले वर्ग तक पहुंचने में कामयाब रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में लगभग सात घंटे तक चली ÷देश में आर्थिक स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा÷ का उत्तर देते हुए कहा कि मोदी सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं, महिला और समाज में सबसे निचले वर्ग के हितों की चिंता करने वाली सरकार है। सरकार की योजनाओं का लाभ उन लोगों तक पहुंच रहा है जिन तक कोई भी सरकार नहीं पहुंची थी। उन्होंने कहा कि महिला, युवा और शिक्षा से जुड़े जैसे मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। मंगलवार से शुरू हुई इस चर्चा में 60 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### अरुण साव को मुख्यमंत्री बनाने प्रधानमंत्री को तहसील साहू संघ पाटन ने लिखा पत्र

**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया एकाउंट एक्स(ट्वीटर) के माध्यम से पत्र प्रेषित कर छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को बनाये जाने का निवेदन किया गया। तहसील साहू संघ पाटन अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ने प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी से अनुरोध करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में श्री अरूण साव जी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। उसके लिए तहसील साहू संघ पाटन की ओर से राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व को हार्दिक बधाई। छत्तीसगढ़ में साहू समाज अन्य पिछड़ा वर्ग में सबसे बड़े समाज होने के नाते हमारी मांग है कि श्री अरूण साव जी को छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बनाया जाय जिससे सम्पूर्ण अन्य पिछड़ा समाज गौरवान्वित होगा। अतएव उक्त मांग को पूर्ण करने की महान कृपा करें।



### भण्डारित उर्वरकों का पॉस मशीन से होगा भौतिक सत्यापन

**खैरागढ़।** संचालक कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर ने आदेशानुसार मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत सहकारी समितियो में भण्डारित उर्वरकों के भौतिक सत्यापन एवं केवल पॉस मशीन के माध्यम से होगा। भारत सरकार द्वारा उर्वरकों के विक्रय हेतु डीबीटी योजना लागू की गयी है, जिसके अंतर्गत अनुदानित उर्वरकों का विकय पॉस मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य किया गया है। मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आबंटित उर्वरकों के आपूर्ति हेतु संचालित आईएफएमएस पोर्टल में उपलब्ध पॉस स्टॉक (संलग्न) में दर्शित उर्वरकों की मात्रा एवं वास्तविक रूप से उपलब्ध भौतिक स्टॉक में विसंगति के कारण राज्य में उर्वरक उपलब्ध अधिक दर्शित हो रही है। जिससे भारत सरकार द्वारा जारी मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत माहवार उर्वरक प्लान के आधार पर माह अक्टूबर एवं नवम्बर 2023 में उर्वरकों की शत् प्रतिशत आपूर्ति नहीं हुई है। इस लिए पॉस मशीन में दर्शित स्टॉक का मिलान वास्तविक रूप से उपलब्ध भौतिक स्टॉक से कर किसानों को उर्वरको का वितरण पॉस मशीन से ही करने अधिनस्थ सहकारी समितियों को निर्देशित करने कहा गया है ।

### चोरों ने दिनदहाड़े तोड़ा आत्मानंद स्कूल लेक्चरर के घर का ताला गहने, मोबाइल, घड़ी, कैश समेत अन्य सामान चोरी

**भिलाईनगर।** दिन के समय महज तीन घंटे के भीतर पाश कालोनी के सूने मकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर घर का सामान ले भागने में कामयाब हुए हैं। पीड़ित आत्मानंद स्कूल के लेक्चरर साढ़े 10 बजे स्कूल गए और डेढ़ बजे लौटने तक चोर अपने मनसूबे को अंजाम दे निकल भागे। इस वारदात पर पुलिस धारा 380, 454 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में जुट गई है। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि प्रतीक वर्मा आत्मानंद स्कूल चरोदा में लेक्चरर हैं। उनके माता पिता रांची गये हुए थे तथा घर पर वो अकेले ही थे। हूं। सोमवार की सुबह 7:30 बजे प्रतीक स्कूल पढ़ाने के लिए चले गए और करीबन 10:30 बजे स्कूल के आलमारी का चाबी लेने घर लौटे, तब तक सब ठीक था। फिर वापस स्कूल चरोदा जाने के बाद पौने 1 बजे घर लौटने पर बाउंड्रीवाल में लगे लोहे के गेट का ताला लगा हुआ था उसे खोलकर अंदर आकर देखा तो घर के सामने मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर चारों कमरे तथा हाल का सामान बिखरा हुआ मिला। चारों कमरो को चेक किया तो पता लगा कि कोई अज्ञात चोर घर के बाउंड्रीवाल को फांद कर मेन गेट का ताला तोड़ घर अंदर घुसा और कमरे में रखी एक नग सोने की अंगूठी, चांदी का कड़ा, चांदी की पेन, एक बीयर्ड ट्रीमर, वीवो कंपनी का मोबाईल और चार्जर, टाईमेक्स घड़ी, बोट कंपनी का नेकबेण्ड चोरी कर ले गया है।

### रोजगार कार्यालय में आज प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तहसील परिसर राजनांदगांव में 8 दिसम्बर 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सेफइंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण पुरूषों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 100 पद, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण एवं अनुत्तीर्ण पुरूषों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, लेबर के 300 पद, मिस्त्री एवं कुल के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी।

# प्रशासन आया हरकत में, साफ हुआ अवैध एकता मार्केट

### यहां हो रहे अनेक असामाजिक हरकतों से नगरवासी थे परेशान, मिलेगी राहत

समवेत शिखर संवाददाता

**साजा।** आज समवेत शिखर खबर का असर देखने को मिला,नगर के मुख्य मार्ग में चखना सेंटर के रूप में शासकीय जमीन पर तंबू और ठेला लगाकर मुर्गा मटन और अन्य चखना बेचने वाले दुकानदारों को नगर के प्रशासनिक अमले ने अल्टीमेटम के बाद आज उक्त जगह को खाली करा लिया है।

बता दे कि समवेत शिखर न्यूज ने खबर के माध्यम से सर्वप्रथम इस मुद्दे को अधिकारियों के जानकारी में लाया कि किस तरह से इस जगह में खतरनाक होते जा कुत्तों का आतंक आमजन राहगीरों के लिए जानलेवा होते जा रहा था,वहां से गुजरने वाली स्कूली लड़कियों को फब्तियों का सामना करना पड़ता था,स्पीड बाइक राइडिंग से अनेक लड़कियों,बुजुर्गों को भारी परेशानी होती रही थी,आज समवेत शिखर की खबर पर मुहर लगाते हुए प्रशासन ने एकता मार्केट का सफाया किया।




#### होगी अपराध में कमी, अस्थाई दुकान चला सकते हैं

एकता मार्केट में आए दिन होने वाले मारपीट एवं झगड़े के विषय में हर किसी को ज्ञात है,साथ ही मदिराप्रेमियो की गफ्लत में उलझकर अनेक तरह के विवादों का जन्म देने वाले इस मार्केट के सफाए से बहुत से अपराधो के रुकने की प्रबल संभावना है। कुछेक लोगो का कहना है कि मार्केट को हटाए जाने से इनके रोजगार का क्या होगा इसके जवाब में अधिकारियों के संतुष्टिपूर्ण जवाब देते हुए कहा है कि उनके स्थायित्व कब्जे वाले दुकानों को हटाया गया है चूंकि उक्त स्थान में सिविल कोर्ट भवन प्रस्तावित है इस वजह से ये कार्यवाही की गई है रही बात इनके रोजगार की तो ये अस्थाई दुकान हाथ ठेला से अपना रोजगार चला सकते है।

#### और भी ऐसे स्थान जहां कार्यवाही की आवश्यकता

एकता मार्केट के सफाए के साथ प्रशासन ने दुरुस्ती दिखाई है,नगर में बढ़ रहे अपराधों में लगाम लगाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण हो सकता है जबकि जानकारों का कहना है कि शराब दुकान के आसपास स्थाई रूप से कब्जा जमाकर चखना सेंटर चलाने वाले ऐसे दुकान जिसमे शराब परोसी जाती हैं उसमे भी कार्यवाही होनी चाहिए,तब जाकर आज की कार्यवाही और अपराध बढ़ने से रोकने का उद्देश्य सफल होगा।

# बारिश से किसान हलाकान सोसायटी में भी वसूली

समवेत शिखर संवाददाता

**सेलूद।** बीते सप्ताहभर से हो रहे मौसम में बदलाव के चलते रुक-रुक कर बारिश हो रही है। ऐसे में इसका असर धान की खड़ी फसलों पर देखा जा रहा है। जिले के पाटन ब्लाक सहित कई क्षेत्रों में अब तक धान की कटाई नहीं हुई है। जिन खेतों में कटाई के बाद धान रखा हुआ है, वे भीग रहे हैं और किसानों को सीधा नुकसान पहुंच रहा है । मौसम में बदलाव के चलते बीते तीन दिनों से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है, जिसकी वजह से फसलों को नुकसान हो रहा है। बे-मौसम हो रही इस बारिश से धान की खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। खेतों में धान के पौधे झुक गए हैं और बारिश से धान में नमी भी आ गई है। वहीं कुछ खेतों में कटाई के बाद धान रखा हुआ है, इस धान पर भी नमी आ रही है। ऐसे में किसानों को सीधा नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि नमी की वजह से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।



दूसरी ओर सोसाइटी में धान बेचने जा रहे किसानों को कई व्यक्त अव्यक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक-एक महीने बाद का डेट मिल रहा है। किसान अपना धान कहां रखें , उन्हें समझ नहीं आ रहा है । सरकार बदलने का सीधा असर समिति के विपणन व्यवस्था पर देखने को मिल रहा है। कई सोसाइटी में किसानों से पैसा लिया जा रहा है । किसानों ने मांग की है कि धान खरीदी केन्द्रों में मौसम को देखते हुए नमी वाले धन भी खरीदे जाने चाहिए।

# दुर्ग विस क्षेत्र से गजेंद्र यादव की ऐतिहासिक जीत पर बधाई देने वालों का लगा तांता

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का गजेंद्र यादव की ऐतिहासिक जीत के बाद शहर की जनता का अपने नवनिर्वाचित विधायक से मुलाकात करने और बधाई देने का सिलसिला लगतार तीसरे दिन भी जारी रहा। सुबह से ही विधायक निवास पर दुर्ग शहर की जनता कई संस्थाओं के पदाधिकारी शासकीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य नागरिक व समाज प्रमुखों का आने का सिलसिला जारी है । सभी ने गजेंद्र यादव के दुर्ग शहर के विधायक में निर्वाचित होने पर खुशी जाहिर की एवं विधायक गजेंद्र यादव के उज्जवल भविष्य की कामना की ।



आज सुबह से ही विधायक गजेन्द्र यादव को बधाई देने वालों में शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, नगर पालिका निगम दुर्ग के कर्मचारी, निषाद समाज के जनप्रतिनिधि ,सतनामी समाज के जनप्रतिनिधि ,नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति के प्रतिनिधि ,श्री राम मानस मंडली पोटिया कला के प्रतिनिधि सहित कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को बधाई दी ।

दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने बधाई देने वालों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। वहीं उन्होंने एक सामान्य परिवार से प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति को सेवा का अवसर दिया दुर्ग शहर की जनता का प्यार और आशीर्वाद जो मतदान के दौरान मिला उस पर पूरी तरह खरा उतरने और दुर्ग शहर में विकास की एक नई परिभाषा लिखने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाने की बात कही । बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गजेंद्र यादव की ऐतिहासिक जीत ने यह बता दिया कि शहर और प्रदेश के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी एवम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक परिश्रम और पूरी दुनिया में भारत को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में जो प्रयत्न किया जा रहे हैं उस पर दुर्ग की जनता ने भी अपना पूर्ण समर्थन दिया ।

# दुर्ग मेरा परिवार, अब भी पूरे मनोयोग से सेवा करता रहूंगा: अरुण वोरा

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कांग्रेस नेता, निवर्तमान विधायक और दुर्ग (शहर) विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा ने जनादेश को विनम्रतापूर्वक स्वीकार कर इस बात का संकल्प व्यक्त किया है कि वे अब भी पूरे मनोयोग से दुर्ग क्षेत्र की सेवा करते रहेंगे। श्री वोरा ने अपने पिताश्री स्व. मोतीलाल वोरा के ध्येय वाक्य को अपने राजनीतिक जीवन का मूलमंत्र बताया कि 'पद आते हैं और चले जाते हैं, और पद आने-जाने के बाद में आदमी को हमेशा विनम्र रहना चाहिए।' कांग्रेस के निवर्तमान विधायक श्री वोरा ने कहा कि इस चुनाव में सबने कांग्रेस और उनका साथ दिया है। वे आजीवन दुर्गवासियों की सेवा करते रहेंगे। उसके लिए ऐसा नहीं है कि पद ही हो। पद नहीं है तो, क्या अपने कांग्रेस-परिवार को छोड़ देंगे? श्री वोरा ने कहा कि दुर्ग हमारा परिवार है। इससे हमारा नाता 55 वर्षों से है और अपने परिवार का सदस्य मानकर दुर्गवासी स्नेह और प्रेम देते रहे हैं। इस प्रेम में कहीं कमी नहीं आई है, चुनाव के नतीजे चाहे जो भी आए हैं। श्री वोरा ने कहा, 'मुझे पहले भी असफलता मिली है लेकिन मैंने दुर्गवासियों को कभी नहीं छोड़ा। 'बाबूजी ' जीवन पर्यंत दुर्ग के साथ रहे चाहे वह किसी भी पद पर रहे हों, लेकिन दुर्ग को कभी उन्होंने नहीं भुलाया।'निवर्तमान कांग्रेस विधायक श्री वोरा ने कहा कि जिन्होंने चुनाव में उनका साथ दिया है, उनका दिल से आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने साथ नहीं दिया, या नहीं दे पाए हों तो उनका भी आभार मानते हैं। श्री वोरा ने कहा, 'मेरे प्रयासों में कुछ कमी रह गई होगी, जिसके कारण मैं नहीं सफल हो सका। लेकिन, मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं ऐसा कोई भी कार्य नहीं करूं। मैं तो हमेशा इस बात को कहता भी रहा हूं कि एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही होता है जो अपने मतदाताओं की भावनाओं की कसौटी पर खरा उतरता है और जो खरा नहीं उतरता, वह सही मायने में जनप्रतिनिधि नहीं होता। हो सकता है, कोई गलती हुई होगी, उसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं लेकिन मैं ऐसा कोई कार्य कभी नहीं करूंगा जिससे दुर्ग के मतदाताओं को यह लगे कि हमारा जो नेता हमारा प्रतिनिधि हमारी भावनाओं को सम्मान नहीं करता है।' भीतरघात और खुलाघात की चर्चा को लेकर श्री वोरा ने कहा कि वह मानते हैं कि सबने उनका साथ दिया है और जिन्होंने भीतरघात या खुलाघात किया होगा तो उनका दिल जानता है।



# 1919 स्मारक स्तंभ के माध्यम से गंडई का प्राचीन इतिहास लोगों के सामने आएगा

### असुरक्षित रूप से गड़े 1919 को स्मारक को राज्य संग्रालय ले जाया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** गंडई क्षेत्र कला, साहित्य, संस्कृति, इतिहास की दृष्टि से प्राचीन समय से प्रसिद्ध रहा है। सुरही नदी के किनारे दोनो ओर स्थित पुरत्तिविक स्थल इसके प्रमाण है। भवरदाः, भड़भड़ी,घटियारी, बिरखा, कटंगी, पंडरिया, गंडई टिकरीपारा आदि स्थानो पर अनेक पुरावशेष मिलते हैं। पंडरिया मिडिल स्कूल के मैदान में, एक स्मारक स्तम्भ काफी दिनों से आंशिक रूप से गड़ा हुआ असुरक्षित रखा था जिसे छत्तीसगढ़ शासन पुरातत्व विभाग विवेक आचार्य व उपसंचालक डॉ.पीसी, पारख के मार्गदर्शना में पुरातत्व अधिकारी राजीव जे.मिंज व प्रवीण तिर्की के द्वारा निकाला गया स्थल इस स्मारक को राज्य संग्रहालय में स्थापित किया जायेगा। उक्त स्मारक स्तंभ में विजय यादगार ब्रिटिश शासन युध्द संधि सन् 1919 अंकित है। इस अवसर पर पुरातत्व अधिकारियों के साथ लाल तारकेश्वर शाह खुशरो पूर्व जमींदार,गंडई अश्वनी ताम्रकार पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई, साहित्य कार डॉ. पीसी लाल यादव के साथ अनेक ग्रामीण जन उपस्थित थे स्मारक स्तम्भ के माध्यम से गंडई प्राचीन इतिहास लोगो के सामने आयेगा।



# दूसरे दिन भी निगम क्षेत्र में निर्मित चखना सेंटरों पर निगम प्रशासन की गाज गिरी

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा एवं चखना सेंटरों को हटाने अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार शाम को बरसते पानी में निगम आयुक्त रोहित की उपस्थिति शुरू किया गया बेदखली अभियान दुसरे दिन गुरूवार को भी जवाहर नगर, कुरूद, और खुर्सीपार स्थित शराब दुकान के पास बने अवैध चखना सेंटर को तोड़फोड़ कर ध्वत किया गया और प्रतिबंधित पानी पाउच व अन्य सामग्री को जप्त किया गया।



कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर निगम क्षेत्र मे संचालित शासकीय शराब दुकान के आस-पास अवैध रूप से चल रहे चखना सेंटर पर ताबडतोड कार्यवाही की जा रही है, बांस बल्ली के माध्यम से तंबू तानकर तथा टीन शेड का गुमटी बनाकर अवैध रूप से चखना का व्यवसाय करने के वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान दुकानों से प्रतिबंधित पानी पाउच, प्लास्टिक गिलास, अमानक खाद्य सामाग्री को भी भारी मात्रा में जप्त किया गया है। गौरतलब है कि शहर में अवैध चैपाटियों, ठेले, सड़क किनारे कच्चे - पक्के दुकान, गुमटियां के माध्यम से व्यवसाय करने वाले जिनके कारण यातायात प्रभावित होता है उन्हें बेदखल किया जा रहा है ताकि आवागमन सुगम हो सके किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यवाही के दौरान चखना सेंटर वालों से भारी संख्या में पानी पाउच की बोरी, डिस्पोजल व अन्य सामग्री जप्त किए उनके उक्त क्षेत्र में प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय और खाद्य सामग्री विक्रय करने से आस पास के क्षेत्र में भारी गंदगी फैला रहे थे, जिसे देखते हुए इनके दुकान के सामग्री को पंचनामा बनाकर जप्ती बनाया गया। निगम की टीम दो दिनों से नेहरू नगर बटालियन, जुनवानी, गदा चौक सुपेला, सिविक सेंटर, जवाहर नगर, कुरूद, खुर्सीपार, नंदनी रोड, मौर्या टॉकिज के बाजू में स्थित शराब दुकान के आस पास से चखना सेंटर को जेसीबी से ध्वस्त कर गुमटी, ठेले को भी हटाने की कार्यवाही किए। कार्रवाई के दौरान टीम के साथ अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जे.पी.तिवारी, जोन स्वास्थ अधिकारी अनिल मिश्रा, राजस्व विभाग के सुनील नेमाडे, राजेश गुप्ता, मंगल जांगडे, कन्हैया यादव, गौकरण, खेम लाल, चैतु, विष्णु सोनी मान सिंग, अमर यादव, राजा, अंजनी सिंह, आरके तिवारी, रोहित यादव, वीरेन्द्र बंजारे सहित तोड़फोड़ दस्ता मौजूद करे।

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

### कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र में असामयिक वर्षा से बचाव के लिए नोडल अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता




**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी तथा व्यवस्थाओं के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि जिले में लगातार असामयिक वर्षा हो रही है। इसके लिए धान खरीदी केन्द्रों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से कहा कि असामयिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। धान को वर्षा के जल से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर रखे तथा धान के स्टैकिंग को पूर्ण रूप से ढक कर रखे। उन्होंने कहा कि धान के स्टैकिंग के लिए नीचे में ड्रैनेज व्यवस्थित रूप से बनाएं तथा पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण भी करें। उन्होंने धान के उठाव के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि अधिक से अधिक धान का उठाव करें, जिससे धान खरीदी कार्य लगातार होते रहे। इस दौरान उन्होंने बफर लिमिट के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी के लिए जिम्मेदारी दी गई है। धान खरीदी केन्द्र में धान को वर्षा के जल से सुरक्षित रखने के लिए कार्य करें तथा धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। उन्होंने कहा कि सभी धान उपार्जन केन्द्रों में, कैप कव्हर, बारदाना, चबूतरा, कांटा-बांट, धर्मकांटा का सत्यापन, आर्द्रतामापी यंत्र का कैलीब्रेशन, डेनेज, नाली निर्माण, धान भूसा, फेसिंग, मुख्य सड़क से खरीदी केन्द्र तक रोड की व्यवस्था का निरीक्षण करें। उन्होंने असामयिक वर्षा को दृष्टिगत धान उपार्जन केन्द्रों में पानी निकासी के लिए नाली, तिरपाल, चबूतरा एवं धान भूसा में धान रखे जाने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय करने में कोई समस्या नहीं आना चाहिए। केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध रहें। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि कबीरधाम जिला राज्य के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र होने से अन्य राज्य एवं अन्य जिलों से अवैध रूप से धान का परिवहन कर उर्पाजन केन्द्रों में धान खपाए जाने की आशंका बनी रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों पर चेकपोस्ट के माध्यम से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कड़ी चौकसी बरती जा रही है। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में 90 सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत 108 धान उर्पाजन केन्द्रों के माध्यम से सुचारू रूप से धान खरीदी संचालित की जा रही है। 06 दिसंबर 2023 तक 103289.00 मी. टन धान खरीदी की जा चुकी है। इसके साथ ही 11579.00 मी. टन धान मिलर को जारी किया गया है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक, कृषि विभाग के उपसंचालक श्री राकेश शर्मा, उप पंजीयक सहकारी सेवा संस्था श्री सतीष पाटले, श्री टिकेन्द्र राठौर सहित समस्त नोडल अधिकारी, खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

### योजनाबद्ध तरीके से घटना को आरोपियों ने दिया था अंजाम, प्रेम प्रसंग बना हत्या का प्रमुख कारण

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ।** दिनांक 04. 12.2023 को ग्राम टिंगामाली पानी खोल जंगल नाला के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 40-45 साल का शव मृत अवस्था में मिला था जिसके सिर, माथा, चेहरा में गंभीर चोटे आयी थी खून निकला था प्रकरण में मर्ग क्रं 17/2023 एवं अप0 क्र0 67/2023 धारा 302 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना गातापार से विशेष टीम तैयार कर प्रकरण के हर पहलुओं पर बारिकी से विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान अज्ञात शव का शिनाख्त ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व. खूबसिंह राजपूत उम्र 40 साल साकिन ग्राम बिरासन पोस्ट करिया तहसील पवई थाना सेमरिया जिला पन्ना (मप्र) हाल पता रश्मिदेवी कालोनी खैरागढ के रूप में हुआ।

प्रकरण में घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य, गवाहों के कथन, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर के सूचना के आधार पर संदेही हेमंत वर्मा एवं तोवेन्द्र देवागंन उर्फ लाला को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म करना स्वीकार कर बताया कि आरोपी हेमंत वर्मा का प्रेम संबंध मृतक ब्रजेन्द्र सिंह की पत्नी से लगभग 03 माह पूर्व से चल रहा था, जो कि मृतक ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत एवं उसके पत्नि के मध्य आपसी तालमेल सामंजस्य नही होने से पति-पत्नि के बीच आये दिन पारिवारिक कलेश होता था। जिसके चलते मृतक की पत्नि सोनम राजपूत अपने पति को रास्ते से हटाकर प्रेमी हेमंत वर्मा के साथ आगे जीवन जीना चाहती थी इसलिये दोनो ने अपने योजना में हेमन्त के दोस्त तोवेन्द्र देवागंन उर्फ लाला को भी शामिल कर लिया घटना दिनांक 03 /12/23 को योजनाबद्ध तरीके से म्रतक की पत्नी ने आरोपी हेमंत को घर बुलाई आरोपी पूर्व परिचित होने का फायदा उठाकर मृतक के घर आकर पार्टी करने का बहाना बनाकर म्रतक को घर से लेकर मुढ़ीपार गया जहां पूर्व से सह आरोपी लाला उपस्थित था, जहां योजना के मुताबिक मृतक को खूब शराब पिलाकर मृतक के नशे में होने पर उसे मोटर सायकल से रात्रि में ही सुनशान जगह ग्राम टिंगामाली सिवनी रोड में घटनास्थल पानी खोल जंगल नाला के पास ले जाकर हेमंत और लाला ने मृतक ब्रजेन्द्र सिंह के सिर में भारी पत्थर से गंभीर चोट पहुंचा कर हत्या कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### रायपुर में 5 थाना प्रभारियों के हुए तबादले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद से ट्रांसफर का दौर जारी है। रायपुर में भी 5 थाना प्रभारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने इस आदेश को तत्काल प्रभाव से जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक टीआई स्तर के अधिकारियों के थाना में बदलाव किया गया है। आदेश के मुताबिक अविनाश सिंह को थाना पंडरी, जितेंद्र ताम्रकार को थाना सिटी कोतवाली, विनित दुबे को थाना धरसींवा, शिवेंद्र राजपूत को थाना डीडी नगर और गिरीश तिवारी को प्रभारी डीसीबी/डीसीआरबी बनाया गया है।

### स्टंटबाज बोला- गाड़ी धीरे चलाओ फिर खुद हवा में उठाई

**रायपुर।** रायपुर में स्टंट की घटनाएं लगातार जारी हैं। आए दिन नवा रायपुर और वीआईपी रोड की सड़कों पर स्टंटबाज दूसरों के लिए जान का खतरा बन रहे हैं। इसी बीच एक और वीडियो सामने आया है जिसमें स्टंटबाज करने वाले युवकों का ग्रुप दिख रहा है। इसमें एक स्टंटबाज कहा रहा है कि, गाड़ी धीरे चलानी चाहिए लेकिन उसके बाद खुद बाइक हवा में उठा देता है। इस वीडियो में कई लड़के स्पोर्ट्स बाइक में स्टंट करते दिखे हैं। इनमें से एक युवक बाइक चलाते हुए कैमरे से वीडियो भी बना रहा है। इसी दौरान वीडियो में उसका दूसरा साथी अपनी बाइक को तेज रफ्तार में हवा पर उठा देता है। फिर एक चक्के में ही बाइक सड़क पर दौड़ाते दिखता है। उसने हेलमेट भी कार्टून वाले मुखौटे जैसा पहना हुआ है।

### रायपुर में युवती से 7 लाख की ठगी महिला पर्यवेक्षक के पोस्ट पर सरकारी नौकरी लगवाने का दिया झांसा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक युवती के साथ 7 लाख रुपए की ठगी हुई है। एक युवक ने उसे सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए। युवती लगातार ठग के झांसे में आती गई। उसे रुपए भेजती गई। जब उस पर शक हुआ तो उसने डीडी नगर थाने जाकर FIR दर्ज करवाई। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। रायपुर डीडी नगर की रहने वाली शिखा जायसवाल ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही है। इसी दौरान अंबिकापुर के गंगापुर निवासी विकास ठाकुर ने उसकी महिला पर्यवेक्षक पद में नौकरी लगवाने की बात कही। उसमें खुद का परिचय मंत्रालय के बड़े अफसर के साथ बताया। युवती सरकारी नौकरी पाने के लालच में आ गई। ठग युवक विकास ने नौकरी लगाने के लिए पैसों की मांग की। जिसके बाद पीड़ित युवती शिखा ने ठग को पहले 50 हजार फिर 1 लाख, 2 लाख रुपये भेजती गई। इस तरह ठग ने उससे 7 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब युवती ने नौकरी की बात की तो वह टालमटोल करने लगा।

### रायपुर में 18-19 साल के लड़कों ने मिलकर घोंपा चाकू

**रायपुर।** रायपुर में 11वीं क्लास के स्टूडेंट को तीन युवकों ने घेरकर चाकू मार दिया। छात्र की छाती, कोहनी और पैर पर चोट लगी है। बताया जा रहा है कि वारदात के वक्त स्टूडेंट कोचिंग से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान ये वारदात हो गई। फिलहाल इस मामले में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिर उनका जुलूस निकाला है। जिसमें वो माफी मांगते नजर आ रहे है। कोतवाली थाने में प्रकाश काडू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बेटा 11वीं क्लास का स्टूडेंट है। 27 नवंबर की देर शाम वह टैगोर नगर से कोचिंग पढ़ कर वापस लौट रहा था। इस दौरान टैगोर नगर चौक के पास स्कूटी पर सवार चार युवकों ने पीछा करके उसे रोक लिया। इसके बाद वे गालियां देने लगे। इस बीच युवकों ने स्टूडेंट को बाइक से खींचकर नीचे उतार दिया, फिर उनमें से दो युवकों ने उस पर चाकू से वार कर दिया। इस घटना के बाद युवक भागते हुए पास ही स्थित मोबाइल दुकान पर पहुंचा। युवक उसके पीछे वहां पर भी पहुंच गए, फिर वहां विवाद करने के बाद चारों आरोपी मौके से भाग गए थे।

### पान सेंटर में हुक्का पिलाने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को चोरी छिपे हुक्का पिलाने वालों सहित हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री करने वालों की पतासाजी कर इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित रंगरसिया पान सेंटर में हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री की जा रही है।

# गरीबों की रोजी-रोटी पर चल रहा बुलडोजर, सरकार ने आदेश नहीं दिया तो कार्रवाई गलत : कांग्रेस

### कांग्रेस नेता बोले- अधिकारी मर्यादा में काम करें

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही बुलडोजर की कार्रवाई पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अधिकारियों से कहूंगा मर्यादाओं के इतर जाकर काम ना करें। आज भाजपा की सरकार है। अगर सरकार ने आदेश नहीं दिया है तो ऐसी कार्रवाई आप कर रहे तो गलत है। ठेले, खोमचे वालों पर बुलडोजर चलाकर क्या संदेश देना चाहते है ? अगर किसी ने गलत किया तो कानून के तहत कार्रवाई करें। रोजी रोटी पर बुलडोजर चला रहे हैं। ये पूरी तरह से गलत है। हम विपक्ष पर रहकर लड़ाई लड़ेंगे।



### अधिकारी अति स्वामी भक्ति और ओवरएक्टिंग करते है

पुलिस गुंडे-बदमाशों की सूची लेकर घूम रही वाले सवाल पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब-जब सरकार बदलती है कई अधिकारी अतिस्वामी भक्ति और ओवरएक्टिंग करते हैं। कानून के हिसाब से शासन चलता है। बुलडोजर भय और आतंक का प्रतीक है। आप क़ानून के हिसाब से कार्रवाई करिए। राजनीति और जुमलेबाजी के लिये इस तरह की कार्रवाई नहीं होनी चाहिये।

### स्काई वॉक भाजपा के भ्रष्टाचार का स्मारक

स्काई वॉक को लेकर राजेश मूणत के बयान पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हर सरकार की अपनी प्राथमिकताएं होती है। सरकार बनी है तो अपने आधार पर काम करेंगे। स्काई वॉक से कांग्रेस को लेना देना नहीं है। स्काई वॉक बीजेपी के भ्रष्टाचार का स्मारक है और हमेशा रहेगा।

### धान बर्बाद न हो इसका ध्यान रखा जाना चाहिए

धान ख़रीदी को लेकर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शपथ नहीं लिया है तो अधिकारियों को पहले की तरह व्यवस्था रखनी चाहिए। धान बर्बाद न हो इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। अपेक्षा करेंगे अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करे।

### कांग्रेस की योजनाओं की पीएम ने की थी तारीफ

गोधन न्याय योजना को बंद किए जाने के सवाल पर कहा कि हर सरकार की प्राथमिकता होती है। गोधन न्याय योजना ऐसी जिसकी प्रधानमंत्री ने भी तारीफकी थी। आगे इसको चालू करना नहीं करना बीजेपी के ऊपर है, लेकिन दलगत राजनीति से उठकर इसे आगे बढ़ाएं।

## नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स से मिले ओपी चौधरी



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** विधायक ओपी चौधरी ने नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर जानकारी देते बताया कि बीते देर रात नालंदा परिसर का जायजा लिया और वहाँ आवश्यक सुधार और जरूरतों को समझा। बता दें कि दूसरी बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे बीजेपी उम्मीदवार और पूर्व नौकरशाह ओपी चौधरी को 1,29,134 वोट मिले. उनके खाते में 63.21 फीसदी वोट आए हैं. वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश शक्रजीत नाइक रहे, उन्हें 64,691 वोट मिले. उनका वोट शेयर 31.66 फीसदी रहा। रायगढ़ सीट पर चौधरी सहित 19 उम्मीदवार मैदान में थे। ओपी चौधरी ने अपनी पूरी स्कूली शिक्षा (कक्षा 12वीं तक) विभिन्न गांव के सरकारी स्कूलों में पूरी की. मैथ्स से बी.एससी. करने के बाद, उन्होंने सबसे कम उम्र में 2005 बैच में आईएएस की परीक्षा पास की. 22 साल की उम्र में चौधरी कलेक्टर बन गए थे. 13 साल की अपनी सर्विस में उन्होंने अपने गृह कैडर छत्तीसगढ़ में काम किया।

# सनातन का अपमान करने वालों को जनता ने दिया जवाब : बृजमोहन

### अब राजधानी सहित प्रदेश में कानून का राज चलेगा, गुंडे-बदमाशों की खैर नहीं

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** सर्वाधिक मतों से आठवीं बार जीत दर्ज करने के बाद बृजमोहन अग्रवाल गुरूवार को अपने पहले सार्वजनिक आयोजन में शामिल हुए। रायपुर पुष्टिकर समाज के पुरानी बस्ती में निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का विधवत पूजन कर शुभारंभ किया। इस दौरान सनातन धर्म का अपमान करने वालों पर फिर गरजते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों को प्रदेश की जनता ने माकूल जवाब दिया हैं। अब राजधानी सहित प्रदेश में कानून का राज चलेगा, गुंडे-बदमाशों की खैर नहीं।

इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय बुलडोजर, बुलडोजर के नारे लगाने लगे, जिस पर बृजमोहन ने कहा कि चल रहा हैं ना बुलडोजर ठीक हैं न रफ़्तार। जनता ने समर्थन में दोनों हाथ उठाकर समर्थन किया तो बृजमोहन ने कहा कि चलते रहेगा बुलडोजर अवैध निर्माण पर, अवैध कार्यों पर। प्रदेश में फिर विकास रफ़्तार पकड़ेगा। रायपुर के सबसे बड़े शिवालय में बूढ़ेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर अपने आठवें सावर्जनिक कार्यकाल का आगाज करते हुए उन्होंने कहा की भोले बाबा ने बुलाया है। ये सब उनके ही आशीवाद का परिणाम हैं की रायपुर की जनता मुझे लगातार आशीर्वाद दे रही हैं। शहर का हर नागरिक बृजमोहन हैं और किसी भी काम के लिए जनता को भटकने की आवश्यकता नहीं हैं। हर नागरिक अपनेको बृजमोहन समझकर कार्य करें। रायपुर पुष्टिकर समाज के सामुदायिक भवन के लिए उन्होंने और 10 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेरी कोई ताकत नहीं हैं, मुझ में कोई दम नहीं हैं। ये सब आप सभी के मत की ताकत हैं जो मुझे लगातार सेवा करने का संबल देती हैं। बूढेश्वर बाबा और भैरुनाथ बाबा के आशीर्वाद से अब प्रदेश में कमल फुल वाली भाजपा की सरकार हैं विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। इस दौरान पुष्टिकर समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। साथ ही आम जनता ने भी बृजमोहन अग्रवाल के आठवें कार्यकाल के इस प्रथम सार्वजानिक आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लिया।

# छत्तीसगढ़ में बारिश से बढ़ी ठिठुरन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर ।** चक्रवात के प्रभाव से बीते दो दिनों से रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में हो रही हल्की बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी है और दोपहर में भी लोगों को स्वेटर, जैकेट पहनकर निकलना पड़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार आठ दिसंबर से मौसम साफ होना शुरू होगा। अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी और न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि न्यूनतम तापमान गिरने से प्रदेश में ठिठुरन और बढ़ने वाली है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ठंड ज्यादा पड़ने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बीते दो दिनों से हो रही बारिश के चलते खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचेगा। खड़ी फसलों के लिए यह बारिश काफी नुकसानदायक है। मंगलवार की भांति बुधवार व गुरुवार को भी रायपुर सहित प्रदेश भर में सुबह से ही बादल छाने के साथ ही रुक-रुक कर बारिश होती रही। बारिश के चलते दोपहर के वक्त भी ठंड में बढ़ोतरी हो गई। मौसम विज्ञानी ने बताया कि शुक्रवार आठ दिसंबर से मौसम खुलना शुरू हो जाएगा और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी व न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी।

**रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री नीचे :** रायपुर का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज कियागया,जो सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियसरहा,जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। प्रदेश भर में पेंड्रा रोड में न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को भी रायपुर में एक-दो स्थानों में बारिश हुई और बादल छाए रहे।

**इन क्षेत्रों में हुई वर्षा :** कोंटा 6 सेमी, बीजापुर 5 सेमी, सुकमा 5 सेमी, बिल्हा 4 सेमी, बिलासपुर 2 सेमी, तखतपुर 2 सेमी, मुंगेली 1 सेमी, कवर्धा 1 सेमी, मैनपाट 1 सेमी, सिमगा 1 सेमी वर्षा हुई। इन क्षेत्रों के साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी हल्की वर्षा हुई।

# कलिंगा विवि और गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ समझौता



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने छात्रों के विकास के लिए तथा व्यावहारिक रूप से काम करने के लिए 07 दिसंबर 2023 को गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा बी प्लस मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।

# विशेष अभियान के तहत रायपुर पुलिस ने 62 आरोपियों को भेजा जेल

### रायपुर पुलिस द्वारा 3 दिवस में आपराधिक तत्वों के विरूद्ध 414 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस ने अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया है।

अभियान कार्यवाही के दौरान 7 दिसंबर को 11 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट, 4 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट, 05 आरोपियों के विरूद्ध जुआ/सट्टा एक्ट तथा 30 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ ही विभिन्न अपराधों के 04 स्थायी वारंट एवं 08 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई। इस प्रकार कुल 62 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया। इसके साथ ही रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों सहित, क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग (सी.पी.पी.) व 112 की टीमों द्वारा थाना क्षेत्रो में पेट्रोलिंग कर भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने, शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की चेकिंग करने के साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रेलवे ट्रैक के आसपास, होटल, लॉज एवं ढाबों की भी चेकिंग की जा रही है।

इसके साथ ही प्रतिदिन होटल, ढाबा एवं अन्य दुकानों को निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से बंद कराया जा रहा हैं। रायपुर पुलिस द्वारा 03 दिवस में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 414 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा गया।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व : राज्यपाल

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल हुए राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में कहा कि हमारे वीर सशस्त्र बलों ने निस्वार्थ और उल्लेखनीय बहादुरी के साथ हमारे महान राष्ट्र की सेवा की है। झण्डा दिवस उनके और उनके परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने वीर नारियों एवं माताओं, वीरता अलंकरण विजेताओं, शहीद सैनिकों के परिजनों और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिससे हम अपने भूतपूर्व सैनिकों की उचित तरीके से देखभाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि राज्य सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए ग्रुप सी के पदों में 10 प्रतिशत और ग्रुप डी में 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है इससे इन पूर्व सैनिकों को विभिन्न नौकरियों के रिक्त पदों में उचित लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने सैनिक कल्याण वेबसाईट ''फ्लेम'' का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस नये एप्लीकेशन में हमारे भूतपूर्व सैनिकों के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध हैं। यह एप्लीकेशन कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को बहुत सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और खुद को लगातार अपग्रेड करते रहें। श्री हरिचंदन ने भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। समारोह की शुरूआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर श्री हरिचंदन को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया। समारोह में झण्डा दिवस निधि संग्रहण के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए राज्यपाल ने रायपुर और दुर्ग के जिला कलेक्टरों और जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों को राज्यपाल ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर रायपुर हुआ सम्मानित



**रायपुर।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर गुरुवार को रायपुर जिले को राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन ने सम्मानित किया। सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रदेश में सर्वाधिक दान राशि ईकठ्ठा करने के लिए रायपुर जिले को यह सम्मान मिला है। राजभवन में आयोजित सादे समारोह में राज्यपाल ने जिले के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे को प्रशस्ति पत्र देकर इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

# कक्षा 5वीं से ग्यारहवीं के छात्र होंगे एफटीआर एक्जाम में शामिल

### 24 दिसंबर एवं 7 जनवरी को होगी परीक्षा

समवेत शिखर न्यूज




**रायपुर।** 24 दिसंबर, 2023 और 07 जनवरी, 2024 को होने वाली एफ्टीआरई परीक्षा कक्षा पांचवी से ग्यारहवीं के विद्यार्थी दे सकते हैं। यह उनकी शैक्षणिक क्षमता जानने और सुधार के मुख्य क्षेत्रों को समझने का बड़ा अवसर होगा। विदित हो कि परीक्षा केवल ऑफ़लाइन होगी और उम्मीदवार अपनी सुविधा से तिथि चुन सकते हैं। एफ्टीआरई के उम्मीदवार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं या नजदीकी फिटजी सेंटर पर ऑफ़लाइन रजिस्ट्रेशन भी करा सकते हैं। एफ्टीआरई रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि परीक्षा की चुनी गई तिथि से दो दिन पहले है। (यानी 24 दिसंबर 2023 की परीक्षा के लिए 22 दिसंबर 2023 और 7 जनवरी 2024 की परीक्षा के लिए 5 जनवरी 2024)। जगदीश कुमार तुलसवानी, मैनेजिंग पार्टनर ऑफ़ फिटजी, भिलाई और रायपुर सेंटर के अनुसार - एफ्टीआरई परीक्षा देकर फिटजी में प्रवेश के साथ छात्रवृत्ति भी पाएं। इस परीक्षा से चुने हुए छात्रों को फिटजी क्लासरूम प्रोग्राम/इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोग्राम/लाइव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम में प्रवेश लेने का ऑफर मिलेगा। फिटजी देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले सर्वप्रमुख संस्थानों में एक रहा है। अपनी इस विरासत को मजबूत करते हुए यह वर्तमान में कक्षा पांचवी से ग्यारहवीं के छात्रों के लिए फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा (एफ्टीआरई) का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 24 दिसंबर, 2023 और 07 जनवरी, 2024 को होगी। उम्मीदवार अपनी सुविधा से एक तिथि चुन कर इसमें भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा केवल ऑफ्लाइन होगी। फिटजी टैलेंट रिवार्ड परीक्षा (एफ्टीआरई) देकर अपनी तैयारी का स्तर जानें और बढ़ाएं क्योंकि ये वही फिटजी भिलाई है जिसने इस साल 2023 में आल इंडिया रैंक 20 (समीर अरविन्द पाटिल) दिया है और 2010 में आल इंडिया रैंक 5 (विपुल सिंह ) व 2012 में आल इंडिया रैंक 3 (निशांत कौशिक) दिया है और हर साल 100 के अंदर रैंक दिया है । योग्य उम्मीदवारों को एफ्टीआरई के तहत लगभग 300 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसमें नकद छात्रवृत्ति सहित फिटजी प्रोग्राम के शुल्क में छूट और छात्रावास के खर्चे भी शामिल होंगे।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



### कश्मीर में बदलाव स्वागतयोग्य

जम्मू-कश्मीर के शासन-प्रशासन में सुधार का क्रम जारी है और इसी कड़ी में लोकसभा में दो संशोधन विधेयकों का पारित होना सुखद व स्वागतयोग्य है। देश के अनुरूप इस केंद्रशासित प्रदेश को मुख्यधारा में लाने के तमाम प्रयास जरूरी हैं। जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक के पारित होने से इस क्षेत्र के प्रतिनिधित्व में विस्तार होगा। कश्मीरी प्रवासी समुदाय के दो प्रतिनिधि और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापित लोगों का भी एक प्रतिनिधि केंद्रशासित प्रदेश की विधानसभा में नामित किया जाएगा। यह बात छिपी नहीं है कि विगत वर्षों में बड़ी संख्या में लोग जम्मू-कश्मीर से पलायन करने को मजबूर हुए हैं। यह संख्या एक से तीन लाख तक बताई जाती है। पलायन करने वालों में पंडितों की संख्या सबसे ज्यादा है। जो एक बार घाटी से निकले, तो फिर लौट न पाए। बड़ी संख्या में ऐसे कश्मीरी पंडित हैं, जो कभी कश्मीर जाने की हिम्मत नहीं कर सके। ऐसे लोगों के बीच से जब प्रतिनिधि विधानसभा के लिए नामित होंगे, तो जाहिर है, वंचितों-शोषितों को एक आधिकारिक आवाज मिलेगी, अपनी विधानसभा में उनका दर्द भी दर्ज होगा। अत- यह एक बड़ी जरूरी राजनीतिक-सामाजिक पहल है, इससे अलगाववादियों को भी मुंहतोड़ जवाब मिल सकेगा। इसके अलावा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का भी एक प्रतिनिधि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नामित होगा। जाहिर है, इसमें ऐसे कश्मीरी नेताओं को आवाज मिलेगी, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के हैं और कहीं बाहर रहने को मजबूर हैं। पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेने के संकल्प के मद्देनजर यह पहल महत्वपूर्ण है। वास्तव में, विधानसभा में कश्मीरी पंडितों और पाक अधिकृत क्षेत्र के कश्मीरियों की आवाज के बिना जम्मू-कश्मीर की बात पूरी नहीं होती थी। देखने में ये कदम छोटे लग सकते हैं, लेकिन इनका प्रभाव विशेष रूप से घाटी की राजनीति पर पड़ना तय है। अब यह सरकारों पर निर्भर करेगा कि जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में योग्यतम प्रतिनिधित्व पहुंचे और शांति-समाधान की दिशा में काम करे। कोरी राजनीति से अलग कश्मीर के व्यापक हित के बारे में सोचने का समय है। वहां धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थितियों को हर प्रकार से सकारात्मक बल देना होगा। आंकड़े गवाह हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूरे तथ्यों के साथ लोकसभा में बताया है कि पहले और आज के कश्मीर की जमीनी हकीकत में बहुत बदलाव आया है। कश्मीर में जनजीवन जैसे-जैसे सामान्य हो रहा है, उससे सरकार की भी उम्मीदें बढ़ रही हैं। साथ ही, जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक के जरिये कश्मीर में आरक्षण का वही स्वरूप हो जाएगा, जो बाकी देश में है। देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के अनुरूप ही आरक्षण में एकरूपता जरूरी है। पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देना जरूरी है, ताकि चंद लोगों का परंपरागत वर्चस्व टूट जाए। कश्मीर में ही बड़ी संख्या में ऐसी जातियां रही हैं, जो आरक्षण या किसी भी प्रकार की विशेष सहूलियतों से वंचित हैं, ऐसी तमाम जातियों को विधिवत आरक्षण देकर आगे बढ़ाना कश्मीर के लिए लाभप्रद है।

# देश में समय के साथ भ्रष्टाचार का मर्ज बढ़ता गया

ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार



दुनियाभर में 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को मनाते हुए सभी सरकारी, प्राइवेट, गैर-सरकारी सस्थाएं एवं नागरिक संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई लड़ने का संकल्प लेते हैं। 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाये जाने की घोषणा की। 2023 की थीम 'भ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करना' है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सम्पूर्ण राष्ट्र एवं दुनिया का इस जंग में शामिल होना, एक शुभ घटना कही जा सकती है, क्योंकि भ्रष्टाचार आज किसी एक देश की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। जैसे-जैसे इस दिवस को मनाने की सार्थकता एवं व्यापकता सफलता की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे एक शंका जोर पकड़ती जा रही है कि एक शुभ शुरुआत का असर बेअसर न हो जाये क्योंकि यह समस्या कम होने की बजाय दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। यह शंका बेवजह भी नहीं है, क्योंकि यह जंग उन भ्रष्टाचारियों से हैं जो एक बड़ी ताकत बन चुके हैं।

असल में राजनीतिक दुर्बलता के कारण ही बढ़ती है। हम सब जानते है सत्ता में बैठे कुछ व्यक्ति, आम जनता के साथ भ्रष्ट-व्यवहार करते है और उनकी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, जीवन और भविष्य छीन लेते है। जिसके बाद भ्रष्टाचार हर देश, क्षेत्र, समुदाय को प्रभावित करता है और कोई भी इस अपराध से अछूता नहीं है, जिसके लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमे भाग लेना चाहिए। असल में भ्रष्टाचार से लड़ना एक बड़ी चुनौती है, उसके विरुद्ध जन-समर्थन तैयार किया जाना जरूरी है, सभी गैर-राजनीतिक एवं राजनीतिक शक्तियों को उसमें सहयोग देना चाहिए। भ्रष्टाचार क्या है? सार्वजनिक जीवन में स्वीकृत मूल्यों के विरुद्ध आचरण को भ्रष्ट आचरण समझा जाता है। आम जन जीवन में इसे आर्थिक अपराधों से जोड़ा जाता है। भ्रष्टाचार में मुख्य हैं-घूस (रिश्वत), चुनाव में धांधली, सेक्स के बदले पक्षपात, हफ्ता वसूली, जबरन चन्दा लेना, अपने विरोधियों को दबाने के लिये सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, न्यायाधीशों द्वारा गलत या पक्षपातपूर्ण निर्णय, ब्लैकमेल करना, टैक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षा में नकल, परीक्षार्थी का गलत मूल्यांकन-सही उत्तर पर अंक न देना और गलत, अलिखित उत्तरों पर भी अंक दे देना, पैसे लेकर संसद




में प्रश्न पूछना, पैसे लेकर वोट देना, वोट के लिये पैसा और शराब आदि बाँटना, पैसे लेकर रिपोर्ट छापना, अपने कार्यों को करवाने के लिये नगद राशि देना, विभिन्न पुरस्कारों के लिये चयनित लोगों में पक्षपात करना, आदि। भारत में भ्रष्टाचार की समस्या इतनी उग्र है कि हर व्यक्ति इससे पीड़ित एवं प्रताड़ित है।

असल में भ्रष्टाचार एक विश्वव्यापी समस्या है। भारत में इसने कहर ढ़ाया है। इसके खिलाफ लड़ाई डेढ अरब जनता के हितों की लड़ाई है, जिसे हर व्यक्ति को लड़ना होगा। 'वही हारा जो लड़ा नहीं'- अब अगर हम नहीं लड़े तो भ्रष्टाचार की आग हर घर को स्वाहा कर देगी। नेहरू से मोदी तक की सत्ता-पालकी की यात्रा, लोहिया से राहुल-सोनिया तक का विपक्षी किरदार, पटेल से अमित शाह तक ही गृह स्थिति, हरिदास से हसन अली तक के घोटालों की साईज। बैलगाड़ी से मारुति, धोती से जीन्स, देसी घी से पाम-ऑयल, लस्सी से पेप्सी और वंदे मातरम् से गौधन तक होना हमारी संस्कृति का अवमूल्यन- ये सब भारत हैं। हमारी कहानी अपनी जुबानी कह रहे हैं। जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। आजादी के बाद से ही देश की जनता भ्रष्टाचार से जूझ रही है और भ्रष्टाचारी मजे कर रहे हैं। पंचायतों से लेकर संसद तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। मोदी के सख्त चेतावनी के बावजूद सरकारी दफ्तरों के चपरासी से लेकर आला अधिकारी तक बिना रिश्वत के सीधे मुंह बात तक नहीं करते। भ्रष्टाचार के कारण जहां देश के राष्ट्रीय चरित्र का हनन होता है, वहीं देश के विकास की समस्त योजनाओं का उचित पालन न होने के कारण जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाता। अधिकांश धन कुछ लोगों के पास होने पर गरीब-अमीर की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। समस्त प्रकार के करों की चोरी के कारण देश को भयंकर आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। देश की वास्तविक प्रतिभाओं को धुन लग रहा है। भ्रष्टाचार के कारण कई लोग आत्महत्याएं भी कर रहे हैं। भ्रष्टाचार रूपी बुराई ने कैंसर की बीमारी का रूप अख्तियार कर लिया है। 'मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की' वाली कहावत इस बुराई पर भी लागू हो रही है। अब तो हालत यह हो गई है कि हमारा देश भ्रष्टाचार के मामले में भी लगातर तरक्की कर रहा है। विकास एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत भ्रष्टाचार के मामले में नित नये कीर्तिमान बना रहा है।

भले ही मोदी की भ्रष्टाचार विरोधी हुंकार के बाद देश में व्यापक बदलाव आया है। नोटबन्दी एवं जीएसटी जैसे कठोर आर्थिक निर्णयों ने आर्थिक भ्रष्टाचार पर लगाम लगायी है। लेकिन अभी भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक नयी राजनीतिक शक्ति को संगठित करने की जरूरत है। हर राष्ट्र के सामने चाहे वह कितना ही समृद्ध हो, विकसित हो, कोई न कोई चुनौती रहती है। चुनौतियों का सामना करना ही किसी राष्ट्र की जीवन्तता का परिचायक है। चुनौती नहीं तो राष्ट्र सो जायेगा। नेतृत्व निष्क्रिय हो जायेगा। चुनौतियां अगर हमारी नियति है, तो उसे स्वीकारना और मुकाबला करना हमें सीखना ही होगा और इसके लिये हर व्यक्ति को मोदी बनना होगा। हमारे राष्ट्र के सामने अनैतिकता, महंगाई, बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण, आर्थिक अपराध आदि बहुत सी बड़ी चुनौतियां पहले से ही हैं, उनके साथ भ्रष्टाचार सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। राष्ट्र के लोगों के मन में भय, आशंका एवं असुरक्षा की भावना घर कर गयी है। कोई भी व्यक्ति, प्रसंग, अवसर अगर राष्ट्र को एक दिन के लिए ही आशावान बना देते हैं तो वे महत्वपूर्ण होते हैं। पर यहां तो निराशा और भय की लम्बी रात की काली छाया व्याप्त है। मोदी के रूप में एक भरोसा जगा क्योंकि मनमोहन सिंह की सरकार 'जैसा चलता है, वैसे चलता रहे' में विश्वास रखती थी, जिससे भ्रष्टाचार की समस्या को नये पंख मिले। उन्हें इस बात को समझना चाहिए था कि वे देश के प्रधानमंत्री है, राष्ट्र के हितों की रक्षा उनका पहला दायित्व है। उन्होंने टू-जी स्पैक्ट्रम घोटाले पर शुरू में लीपापोती की, थामस की सीवीसी पद पर नियुक्ति का जमकर बचाव किया, खेलों में भ्रष्टाचार को नजरअंदाज किया। ऐसा बहुत कुछ कहा जिससे साबित हुआ कि वे काजल की कोठरी में रहते हुए खुद अपने को और अपनी सरकार के कपड़ों को पूरी तरह धवल दिखाना चाहते थे और ऐसा करते हुए वे देश की आत्मा को तार-तार करते रहे, देश की अस्मिता एवं अस्तित्व को दागदार बनाते रहे।

दुनिया के कई विकसित देशों में भ्रष्टाचार एक जायज व्यापारिक-राजनीतिक कार्रवाई है। संस्कृतियों के बीच अंतर ने भी भ्रष्टाचार के प्रश्न को पेचीदा बनाया है। भ्रष्टाचार का मुद्दा एक ऐसा राजनीतिक प्रश्न है जिसके कारण कई बार न केवल सरकारें बदल जाती हैं। बल्कि यह बहुत बड़े-बड़े ऐतिहासिक परिवर्तनों का वाहक भी रहा है। नदी में गिरी बर्फ की शिला को गलना है, ठीक उसी प्रकार भ्रष्टाचार से जुड़े तत्वों को भी एक न एक दिन हटना है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### स्वर्ग-नरक

शास्त्रों में निपुण, प्रसिद्ध ज्ञानी एवं प्रख्यात संत श्री देवाचार्य के शिष्य का नाम महेन्द्रनाथ था। एक शाम महेन्द्रनाथ अपने साथियों के साथ उद्यान में टहल रहे थे। और आपस में वे किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। चर्चा का विषय था- स्वर्ग-नरक। किसी एक साथी ने महेन्द्रनाथ से पूछा- क्यों मित्र! क्या मैं स्वर्ग जाऊंगा?

महेन्द्रनाथ ने उत्तर देते हुए कहा- जब मैं जायेगा, तभी आप स्वर्ग जाओगे। उसके मित्र ने सोचा कि महेन्द्रनाथ को अभिमान हो गया है और सारे मित्रों ने मिलकर महेन्द्रनाथ की शिकायत अपने गुरु श्री देवाचार्य से कर दी। गुरुदेव को पता था कि उनका शिष्य महेन्द्रनाथ न केवल निरहंकारी है बल्कि अल्प शब्दों में गंभीर ज्ञान की बातें बोलने वाला है। उन्होंने महेन्द्रनाथ को बुलाकर इस घटना के बारे में पूछा, और उसने अपना सिर हिलाकर इस बात की पुष्टि की। अन्य शिष्यों में इस घटना को देखने के बाद कानाफूसी शुरू हो गयी। श्री देवाचार्य ने मुस्कुराते हुए दोबारा वही प्रश्न पूछा- अच्छा ये बताओ महेन्द्रनाथ! क्या तुम स्वर्ग जाओगे? महेन्द्रनाथ ने कहा- ÷गुरुदेव! जब मैं जायेगा, तभी तो मैं स्वर्ग जा पाउँगा। श्री देवाचार्य शिष्यों को समझाते हुए बोले- शिष्यों, इनके कहने का मतलब है जब ÷मैं÷ जाएगा यानि जब अहंकार जायेगा, तभी तो हम स्वर्ग के अधिकारी बन पाएंगे। जब-जब आपके मन में ये बातें आएंगी कि मैंने ऐसा किया, मैंने इतने पुण्य किये, मैंने सब किया। उस स्थिति में स्वर्ग के बारे में सोचना भी गलत है।

## धर्म-कर्म

### इन 3 मंदिरों में हनुमान जी के दर्शन मात्र से दूर हो जाते हैं सभी दुख और संताप

सनातन धर्म में मंगलवार का दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन हनुमान जी की पूजा-उपासना की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत-उपवास रखा जाता है। ज्योतिष भी कुंडली में मंगल मजबूत करने हेतु मंगलवार को हनुमान जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। धार्मिक मान्यता है कि हनुमान जी की पूजा करने से जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते हैं। आइए, इन 3 हनुमान मंदिरों के बारे में जानते हैं-

**महावीर हनुमान मंदिर :** महावीर हनुमान मंदिर बिहार की राजधानी पटना में स्थित है। इतिहासकारों की मानें तो महावीर हनुमान मंदिर की स्थापना अठारहवीं शताब्दी में हुई थी। इस मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की दो प्रतिमाएं स्थापित हैं। महावीर हनुमान में स्थानीय लोगों की अगाध श्रद्धा है। इसके लिए हर मंगलवार और शनिवार के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन हेतु आते हैं। धार्मिक मत है कि महावीर हनुमान जी के दर्शन करने से साधक को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

**मेहंदीपुर बालाजी :** मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान के सिकराय में स्थित है। हनुमान जी को कई नामों से जाना जाता है। इनमें एक नाम बालाजी है। इसके अलावा, हनुमान जी को बजरंगबली, बालाजी, मारुति नंदन, पवन पुत्र, अंजनी पुत्र, केसरी नंदन , संकट मोचन भी कहा जाता है। यह मंदिर हनुमान जी, प्रेतराज और भैरव महाराज जी का निवास स्थान है।

## आंचलिक

# शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों की आमदनी भी है बढ़ाना : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि स्वच्छता का महत्ता को बहुत कम लोग समझते हैं। शहर को स्वच्छ रखने में स्वच्छता दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वच्छता दीदी द्वारा की जा रही कचरा प्रबंधन के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों की मानदेय के अतिरिक्त अपशिष्ट पदार्थों से समूह के सदस्यों की अतिरिक्त आय को बढ़ाना भी जरूरी है। इसके लिए दीदियों को कचरा प्रबंधन में अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी। साथ ही सोर्स सेग्रीगेशन के लिए नागरिकों को गीला-सूखा कचरा को अलग-अलग रखने हेतु जागरूक करना भी जरूरी होगा।

उन्होंने कहा कि शहर हमारा, कचरा भी हमारा और हमें ही प्रबंधन करने की जरूरत है, कचरा को आय का साधन मानते हुए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। कलेक्टर श्री विजय बुधवार को टॉउन हॉल परिसर में एसएलआरएम व स्वच्छता मिशन से संबंधित




महिला समूह की सदस्यों (स्वच्छता दीदी) से परिचर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी भी उपस्थित थे।

परिचर्चा में स्वच्छता दीदियों ने कलेक्टर और आयुक्त नगर निगम के समक्ष अपनी समस्या और मांग रखी। कलेक्टर ने कचरा कलेक्शन में एसएलआरएम सेंटर के महत्व को बताते हुए कहा कि दो सप्ताह में सभी सेंटरों में 11 लाख 75 हजार से अधिक राशि की कमाई अपशिष्ट पदार्थों से की है। उन्होंने अंबिकापुर का कचरा प्रबंधन मॉडल और वहां के रोल मॉडल स्वच्छता दीदी शशीकला सिन्हा का उल्लेख करते हुए जगदलपुर की महिला समूह को प्रोत्साहित किया। साथ ही कचरा प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा बाबू सेमरा में एमआरएफ सेंटर संचालित करने के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने नागरिकों को गीला-सूखा कचरा के अलग-अलग रखने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इसके लिए सफाई दरोगा का भी सहयोग की बात कही। कचरा प्रबंधन के लिए एसएलआरएम सेंटर में प्रतिदिन गीला-सूखा कचरा के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की छटाई उसी दिन किया जाना है। कचरा प्रबंधन में लगे हुए स्वच्छता दीदियों को सप्ताहवार रोटेशन के आधार कार्य करवाने के लिए सेंटर प्रभारी द्वारा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सुबह 7.30 बजे से कर्तव्य स्थल में उपस्थिति देते हुए जल्द से जल्द कचरा प्रबंधन को समाप्त करने का प्रयास किया जाना चाहिए। सेंटर की व्यवस्थाओं और समस्याओं का निराकरण के लिए समूह के सदस्य आपस में मिलकर करें। एसएलआरएम सेंटर की स्थापना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए मेहनत होना चाहिए। प्रशासन एवं स्वच्छता दीदी की सहयोग से ही शहर को स्वच्छ रखना है। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटर को चेक का वितरण किए। साथ ही सर्वश्रेष्ट सेंटर की रूप में बोधघाट की स्वच्छता दीदियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट किया गया।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सेना की बहादुरी,त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में 07 दिसंबर को कलेक्टोरेट में हर्ष के साथ मनाया गया। इस परिप्रेक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त विंग कमांडर श्री जेपी पात्रो द्वारा अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को सशस्त्र सेना ध्वज प्रतीक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा हेतु शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। वहीं अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल ने इस नेक पहल में उदारता एवं



मुक्तहस्त से सहयोग प्रदान कर अनुग्रहित करने का आग्रह आम नागरिकों से किया।

गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये देश की रक्षा के लिए विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों और वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं।सशस्त्र सेना झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास, शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है।

विदित हो कि दान की गई समस्त राशि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी। उपरोक्त दान राशि पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय धरमपुरा, चित्रकोट रोड जगदलपुर में सम्पर्क कर चेक,आरटीजीएस अथवा ड्राफ्ट या बारकोड के द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

# दंतेवाड़ा जिले के प्रगतिशील कृषक शैलेश कुमार अटामी को मिला लखपति कृषक पुरस्कार

समवेत शिखर संवाददाता

**दन्तेवाड़ा।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार डिस्ट्रिक्ट मिलीनियर फार्मर आफ इंडिया अवार्ड 2023 का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में 6 दिसंबर 2023 को किया गया था। जिसमें दंतेवाड़ा जिले के प्रगतिशील किसान श्री शैलेश कुमार अटामी को लखपति किसान पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा जिले के लखपति किसानों की जानकारी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली को भेजी गई थी। इसके अन्तर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के शैलेश कुमार अटामी का चयन किया गया। शैलेश कुमार अटामी ग्राम कासोली के प्रगतिशील कृषक हैं और 25 एकड़ रकबा में एकीकृत कृषि प्रणाली के अंतर्गत धान, मूंग, सूरजमुखी, सब्जियां, अमरूद, नारियल, केले के साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन और मछली




पालन का काम करते हैं। उक्त प्रगतिशील कृषक के पिता श्री बोसाराम अटामी भी कई वर्षों से कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े हुए हैं एवं उनको भी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा पौधों की विविधता और किसान का संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है और वे भी कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा से समय-समय पर प्रशिक्षण एवं तकनीकी ज्ञान लेकर कृषि कार्य करते हैं और जिले के अन्य किसानों को प्रेरित करते हैं।

# मल्टी लेवल पार्किंग स्थल के निर्माण कार्य को दिसंबर माह तक करें पूर्ण : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने गुरुवार को संजय बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण दौरे में उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इतवारी बाजार में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग स्थल सह दुकानों के निर्माण कार्यों दिसंबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संजय बाजार क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर उपस्थित व्यापारियों से चर्चा किए, इस दौरान निगम के अधिकारियों को बाजार स्थल में प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने, ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करने कहा।

साथ ही मटन मार्केट, पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी




भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने संजय बाजार के मार्केट स्थल में विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर दुकानों का व्यवस्थिकरण करने और योजना अनुसार बाजार शेड में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही शौचालय की साफ-सफाई और बाजार की प्रतिदिन साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। बाजार परिसर में स्थित बसों की पार्किंग को हटाने के भी निर्देश दिए।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### सेल कार्मिकों के 25 साल से अधिक के बच्चों के इलाज को लेकर बड़ा अपडेट




**भिलाईनगर।** स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड-सेल के कर्मचारियों के लिए यह खबर बहुत ही खास है। कार्मिकों के आश्रितों को मिलने वाली मेडिकल सुविधा को लेकर एक बार फिर मुद्दा उठाया गया है। कर्मचारियों के उन पुत्रों का नाम, जिनकी उम्र 25 वर्ष से अधिक हो गई है। स्वतः ही आश्रितों की सूची में जोड़ दिए जाने सम्बंधित पत्र मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक को दिया गया है।इस संबंध में पूर्व में अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन के साथ हुई संयुक्त ट्रेड यूनियनों के साथ बैठक में अवगत कराया जा चुका है। कर्मियों के उन पुत्रों का नाम, जिनकी उम्र 25 वर्ष से अधिक हो जाती है, स्वतः ही आश्रितों की सूची से काट दिया जाता है, जिसकी जानकारी अधिकांश कर्मियों को नहीं होती है।समस्या तब और बढ़ जाती है, जब पुत्र के गम्भीर बीमारी के इलाज के लिए अथवा कार्मिक के चिकित्सकीय अयोग्यता/आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर अनुकम्पा नियुक्ति की स्थिति बनती है, तब चूंकि 25 वर्ष से अधिक उम्र के पुत्र का नाम कट जाता है और आश्रित की श्रेणी में नाम दर्ज नहीं होने से अनुकम्पा नियुक्ति में अड़चन आती है।सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी का कहना है कि इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हिंदुस्तान स्टील इम्प्लाइज यूनियन (सीटू) भिलाई ने बीएसपी प्रबंधन से आग्रह किया है कि कार्मिक के उन पुत्रों का नाम जिनकी उम्र 25 वर्ष से अधिक हो जाती है, स्वतः ही ऋ-द्वह्यह्यद्गस्र के साथ पुनः आश्रित की श्रेणी में दर्ज करें।इस विषय पर उचित कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा गया है। कर्मचारियों के आश्रितों को होने वाली परेशानी से बचाने के लिए प्रबंधन से मानवता के नाते सकारात्मक फैसला लेने की गुहार लगाई गई है। कंपनी की सेवा करने वाले कर्मचारियों के हित में फैसला लेने की वकालत की गई है।

### अयोध्या राम मंदिर के शुभारंभ में शामिल होने अक्षत कलश के माध्यम से आमंत्रण

**साजा।** आमजनो को अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ अवसर पर पुण्य भागीदारी बनने आमंत्रित करने के उद्देश्य से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में अभिमंत्रित अक्षत कलश यात्रा आज साजा नगर के भरतपुर से निकल नगर भ्रमण किया गया। इस अक्षत कलश को श्री राम मंदिर अयोध्या में स्थापित की जाएगी। विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर प्रत्येक 10 ग्रामों में 1 अक्षत कलश यात्रा निकाल कर 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के भव्य शुभारंभ के लिए आमजनो को आमंत्रण दिया जा रहा है। नगर के रामभक्तजनों की भीड़ में ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलश स्थापना यात्रा में भारी संख्या ग्रामीणजन भी जय श्री राम के नारे लगाते हुए मौजूद रहे।



# विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

### प्रधानमंत्री आवास से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्यों को समय पर करने के निर्देश, ग्रामीणों को रोजगार देने मांग अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए-सीईओ जिला पंचायत

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 संपन्न होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे निर्माण कार्यो ने गति पकड़ ली है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से लेकर अधोसंरचना विकास के कार्यों को समय पर पूरा करने विभाग के मैदानी कर्मचारी लगातार फील्ड का निरीक्षण कर रहे हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सेग्रीगेशन शेड निर्माण, महात्मा गांधी नरेगा योजना के विभिन्न कार्यों के साथ अन्य विकास कार्य हो रहे हैं, जिसे समय पर पूरा करने लगातार प्रयास किया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत कर दिया गया है। आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि भी जारी किया गया है।



ऐसे हितग्राही जिनका आवास निर्माण हो रहा है, उन्हें दूसरे एवं तीसरी किस्त की राशि दी जा रही है।

आवास निर्माण के हितग्राहियों को मैदानी कर्मचारी आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन देकर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेग्रीगेशन शेड निर्माण का कार्य हो रहा है। इन कार्यों को ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। इसी तरह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के विभिन्न कार्य प्रारंभ किया जा रहे हैं, जिसमें ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिल सके। सभी जनपद पंचायतों को निर्देश दिया गया है कि नरेगा योजना के अंतर्गत कार्यों की आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य स्वीकृत करने प्रस्ताव जिला पंचायत में प्रस्तुत किया जाए। जिससे कि ग्रामीणों की मांग पर अधिक से अधिक कार्य प्रारम्भ कर ग्रामीणों को रोजगार दिया जा सके।

## टाउनशिप में अतिक्रमण रोकने प्रबंधन से ऑफिसर्स एसोसिएशन की मांग, वेंडिंग जोन बनाएं, राजस्व बढ़ाएं

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** भिलाई के विभिन्न प्रमुख मार्गों में जगह-जगह अनियंत्रित ठेले, खोमचे के कारण सड़कों में लगातार जाम तथा दुर्घटना जन्य स्थिति उत्पन्न हो रही है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने एक बार फिर प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट किया है ताकि हादसों से बचा जा सके। भिलाई टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू के मुर्गा चौक फ्लाई ओवर के समीप, बीएसएनएल चौक 08 चौक, तथा फारेस्ट एवेन्यु में बोरिया गेट के समीप व चाइना बाजार में, पंथी चौक सेक्टर 09-10 के समीप, रिसाली बाजार चौ अनेक अवैध ठेले, गुमटियां लगाए जा रहे हैं तथा आवारा पशु भी भिलाई के मुख्य सड़कों में यत्र तत्र बैठते हैं।भिलाई में यह स्थिति यहां की सड़कों को असुरक्षित बना रही है। यद्यपि नगर सेवा का प्रवर्तन विभाग पूरी तरह से सुधार कार्य में लगा हुआ तथा परिस्थिति पहले से सुधरी हुई है। परंतु अव्यवस्थित ठेलों/ गुमटियों/ पसरा लगाने वाले और मवेशियों से दुर्घटनाएं होती रहती है।भिलाई नगरवासियों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, विगत कुछ दिनों के अंतराल में



भिलाई में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने बताया कि समय-समय पर नगर सेवा विभाग द्वारा अवैध ठेलों-खोमचों को अत्यंत व्यस्त मार्गों से विधि अनुरूप हटाया गया है, जिसमें पुलिस प्रशासन व न्यायालय का भी सहयोग रहा है। मानसून के दौरान भिलाई में दुर्घटनाएं बढ़ जाती है जिसका मुख्य कारण आवारा पशु एवं अवैध ठेले ही होते हैं। अतः नगर के व्यस्त क्षेत्रों को और सुरक्षित बनाने हेतु सड़क के किनारों एवं चौक पर खड़े अवैध गुमटियों को हटाया जाना आवश्यक है।

## बरसते पानी मे आयुक्त व सीएसपी के नेतृत्व में चखना सेंटरों में चला बुलडोजर

### शराब भट्ठियों में अवैध रूप से चल रहा था चकना सेंटर

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व सीएसपी मणि शंकर चंद्रा के नेतृत्व में बरसते पानी मे शहर के शराबभठ्ठियों में नगर निगम अमला व पुलिस प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम की टीम ने आज मैंला गड्ढा के निकट पोटिया चौक के आगे और शिवनाथ नदी महमरा मार्ग नया पारा रोड से लगे भट्ठियों में जाकर चखना सेंटरों में बुलडोजर चला दिया। कलेक्टर के निर्देश मिलते ही अवैध कारोबार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शहर में शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना सेंटरों को नगर निगम द्वारा तोड़ा जा रहा है। शाम 6 बजे से शुरू किया नगर निगम अधिकारी व पुलिस प्रशासन की टीम ने सबसे पहले मौला गड्ढा स्थित



शराब दुकान के पास संचालित अहाता पर बुलडोजर चलाया,जिसके बाद पुराना पोटिया स्थित अहाता को जमींदोज किया, इसी तरह महमरा मार्ग नया पारा रोड किनारे में संचालित चखना सेंटर को भी हटाया गया है। शहर के अंदर सार्वजनिक स्थानों के पास संचालित इन अवैध चखना सेंटरों की वजह से आस-पास का माहौल खराब रहता था, दिन भर असामाजिक तत्वों के मजमा लगे रहने से महिलाओं का निकलना मुश्किल था। शहर के इन सभी चखना सेंटर के हट जाने से खुलेआम शराबखोरी और गुण्डागर्दी पर लगाम लगेगा। नगर निगम क्षेत्र के अलावा अन्य सभी जगहों से अवैध चखना सेंटरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाही के मौके पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहु, अतिक्रम अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थानसिंग यादव,राजू बक्शी,ईश्वर वर्मा,शशि कांत यादव के अलावा प्रधान आ तिवारी आ लोकेश साहू,देवेंद्र राजपूत योगेश चंद्राकर राकेश कुमार खुटेल पद्मनापुर पुलिस बल मौजूद रहें।

## बीएसपी द्वारा आयोजित दो दिवसीय लर्निंग फ्रॉम इच अदर कार्यशाला का समापन

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग द्वारा मानव संसाधन विभाग के सहयोग से आयोजित लर्निंग फ्रॉम इच अदर (लियो) कार्यशाला का समापन भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार उपस्थित थे। कार्यशाला का विषय रिडक्शन ऑफसिंटर रिटर्न फाइन्स-मुद्दे और अवसर है। इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भिलाई निवास में किया गया।इस दो दिवसीय कार्यशाला में सेल की विभिन्न इकाई बीएसएल, डीएसपी, आईएसपी, आरएसपी, आरडीसीआईएस और माइन्स के साथ-साथ निजी इस्पात संयंत्रों




जेएसडब्ल्यू, आरआईएनएल, टाटा स्टील, नेको, टीएसके, टीएसएम तथा अन्य इस्पात संयंत्रों के कई प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सेल की विभिन्न इकाइयों व अन्य निजी इस्पात संयंत्रों के विशेषज्ञ प्रतिनिधियों की छह टीमों द्वारा सिंडिकेट चर्चा के साथ-साथ एक व्यापक विचार-विमर्ष सत्र आयोजित किया गया।माइन्स, सिंटर प्लाट्स, ब्लास्ट फर्नेस और ओर बेनिफिसियेशन प्लाट्स में विभिन्न प्रक्रियाओं को शामिल करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यशाला के उद्देश्य को प्राप्त करने के साथ-साथ सिंटर प्लाट्स को और अधिक सस्टेनेबल और दक्ष बनाने की दिशा में अभिनव पहल पर विचार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न इस्पात संयंत्रों से आए प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान और अनुभव, सभी भाग लेने वाले संगठनों को निश्चित रूप से सिंटर रिटर्न फाइन्स में महत्वपूर्ण कमी लाने व बेहतर सिंटर का उत्पादन करने में सहायक होगा।

## कलेक्टर सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को याद किया

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** जिले में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के योद्धाओं, वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा खरीद कर उन्हें याद किया। जिला कार्यालय में कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत बर्मन, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौडो, कवर्धा एसडीएम श्री पी.सी. कोरी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक व सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों को नमन भी किया। उल्लेखनीय है कि 07 दिसंबर, 1949 से सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। तत्कालिन सरकार ने सन 1949 से सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाने का निर्णय लिया। देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन झंडे की खरीद से होने वाली आय शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च की जाती है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस द्वारा इकट्ठा की गई राशि युद्ध वीरांगनाओं, सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक, युद्ध में अपंग हुए



सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण पर खर्च की जाती है। 7 दिसंबर, 1949 से शुरू हुआ यह सफर आज तक जारी है। आजादी के तुरंत बाद सरकार को लगने लगा कि सैनिकों के परिवार वालों की भी जरूरतों का ख्याल रखने की आवश्यकता है और इसलिए उसने 07 दिसंबर को झंडा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इसके पीछे सोच थी कि जनता में छोटे-छोटे झंडे बांट कर दान अर्जित किया जाएगा।

## ठाड़पानी की छटा सुहानी लोगों को आकर्षित कर रहा यह स्थल

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य का नवगठित जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई कला, साहित्य, संगीत, इतिहास, पुरातत्व व संस्कृति के लिए जितना प्रसिद्ध है। उतना ही यह प्राकृतिक सम्पदा के लिए भी प्रसिद्ध है। इस जिले का पश्चिमी अंतिम छोर साल्हेवारा जहाँ से मध्यप्रदेश की सीमा जुड़ी हुई है,



जंगलों, पहाड़ों व जल प्रपातों को अपने आँचल में समेटे हुए है। कुआँ धाँस जलप्रपात चोभर, धाँस जलप्रपात गोलरडीह मोहगाँव तथा ठाड़पानी जलप्रपात सरईपतेरा यहाँ प्रमुख आकर्षण के केंद्र हैं।

ठाड़पानी जलप्रपात साल्हेवारा तहसील मुख्यालय से लगभग 20 कि.मी. दूर सरईपतेरा गाँव के पास स्थित है। आने-जाने के लिये सरईपतेरा तक 14 कि.मी. पक्की सड़क फिर ठाड़पानी तक 6 कि.मी. की कच्ची सड़क है। ठाड़पानी का जलप्रपात लगभग 100 फुट की ऊंचाई से गिरता है। 'ठाड़ ' अर्थात सीधा पानी गिरने के कारण इसका नाम ठाड़पानी पड़ा। पिपराही नाला व केकरापानी जलस्त्रोत से निकलने वाला पानी बरसाती नाले के रूप में यहाँ बहता है। जिससे यहाँ जलप्रपात का निर्माण होता है। ठाड़पानी झरने का प्राकृतिक स्वर संगीत पैदा कर हृदय को शांति प्रदान करता है। चारों ओर घने जंगल हैं।

## आम जनमानस की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा: गजेंद्र यादव

### बरसते पानी में शहर की समस्याओं को दूर करने विधायक गजेंद्र यादव ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** शहर के विभिन्न समस्याओं को लेकर दुर्ग शहर के नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव ने बरसते पानी में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया और आम जनमानस की पीड़ा को दूर करने की दिशा में कदम बढ़ाया। सुबह उपस्थित अधिकारी एवं समर्थकों के साथ मितान चौक से पोटिया तक रोड निर्माण जो आम जनमानस को आवागमन के लिए सुविधा प्राप्त हो उसके लिए उपस्थित अधिकारियों को सर्वे कार्य प्रारंभ करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बघेरा के पास स्थित प्रजापति ब्रह्माकुमारी रोड जो नेशनल हाईवे से जुड़ता है उसे 15 दिन के अंदर अधिकारियों को काम शुरू करने का निर्देश दिया। वार्ड क्रमांक 56 बघेरा आम जनमानस के मानसा के अनुरूप एवं वार्ड के पार्षद के द्वारा पुल निर्माण के लिए आग्रह किया गया जिसे स्वीकार करते हुए पुल निर्माण हेतु आवश्यक कार्य संपूर्ण जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। वार्ड क्रमांक 1 में भाजपा पार्षद दल से मुलाकत के दौरान पार्षद दल के द्वारा पट्टा वितरण की मांग की गई । उपस्थित एसडीएम पट्टा वितरण जल्द से जल्द शुरू करने का आवश्यक निर्देश दिया। चंडी चौक मार्ग को सुगम बनाने आसपास के पार्षदों की उपस्थिति में सर्वे करने के पश्चात जल्द से जल्द आम जनमानस को इसकी सुविधा के अनुरूप आवागमन प्राप्त हो इसीलिए उपस्थित अधिकारियों को कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। नयागंज मंडी के बाजू से जयंती नगर नगर तक रोड निर्माण



प्रारंभ करने का निर्देश दिया उरला जयंती नगर वासियों के लिए नेशनल हाईवे से पक्की सड़क निर्माण के लिए एस्टीमेट बनाने के लिए निर्देश दिया। साथ ही साथ ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति में सर्वे कर सूर्या होटल से ग्रीन चौक तक नवीन पुल निर्माण हेतु आवश्यक शुरुआती करवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया तथा पुराने पुल के ऊपर तत्काल डामरीकरण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर लोकेश चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी रावटे, नगर पुलिस अधीक्षक चंद्रा, पीडब्ल्यूडी विभाग के ई ई अशोक श्रीवास, एसडीओ ओगरे, नगर निगम ईई ठाकुर, उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि विगत 10 वर्षों से दुर्ग शहर अपनी विकास की बाट जोह रहा था पर अब दुर्ग शहर की जनता अपने शहर को एक नए स्वरूप में बदलते हुए देखेगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.... अ/56 वर्ष 2023-24
ग्राम मंदलोर पहनं. 06 रा.नि.मं. तोरला
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ / वा-3/ना.तह./ 2023 नवापारा,
दिनांक 06.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञानदास मानिकपुरी पिता श्री प्रेमदास निवासी ग्राम मंदलोर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के दादा श्री द्वारिका दास पिता फिरतू राम ग्राम मंदलोर में अपने जीवन काल में कोटवार के पद पर पदस्थ रहकर ग्राम में अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे। आवेदक के दादा द्वारिका दास पिता फिरतू दास का दिनांक 19.11.2023 को मृत्यु हो गया है। जिसके वारिसानों में पुत्र प्रेमदास, विश्वनाथ, शिवनाथ पुत्री प्रेमीन पिसरान द्वारिका दास एवं पत्नी श्रीमती केजबती पति स्व. द्वारिका दास विधिक वारिसान है। विदक अपने दादा की मृत्यु होने के कारण ग्राम मंदलोर के कोटवार पद पर नियुक्त होना चाहता है जिसके संबंध में विधिक वारिसानों को कोई आपत्ति नहीं है तथा अपनी सहमति प्रदान कर दिये है। आवेदक अपने दादा स्व. द्वारिका दास के स्थान पर ग्राम मंदलोर के कोटवार पद पर अपनी नियुक्ति कराकर ग्राम में अपनी सेवा प्रदान करने हेतु न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 21.12.2023 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर वं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, गोबरा नवापारा

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/ 2371/ राजस्व/ न.पा.प./2023-24
दल्लीराजहरा दिनांक 07.12.23

**//ईश्तहार//**

नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत हक अंतरण (नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन का 50 रुपये के स्टाम पेपर में विक्रय इकरार नामा पत्र) हेतु निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 10 वीर नारायण सिंह वार्ड कोण्डे रोड में दल्लीराजहरा राजस्व भूमि पर स्थित मलवा/स्ट्रक्चर कच्चा व्यवसाय 544 वर्ग फीट निर्मित है। विक्रेता श्री गुलबीर सिंग भाटिया पिता गुलाब सिंग भाटिया क्रेता श्री परमिन्दर सिंग पिता श्री अपार सिंग है। विक्रेता का नाम काटकर क्रेता का नाम संपत्तिकर/समेकितकर सर्वे पंजी/मांग पंजी में दर्ज किया जाना है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी व्यक्ति द्वारा दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा**

मुहर

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/ 2373/ राजस्व/ न.पा.प./2023-24
दल्लीराजहरा दिनांक 07.12.23

**//ईश्तहार//**

नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत हक अंतरण (नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन का आवेदन पत्र/ वसीयत नामा/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर) हेतु निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 03 वल्लभ नगर मेन रोड के पास दल्लीराजहरा काबिज राजस्व भूमि पर स्थित मलबा/स्ट्रक्चर 962 वर्ग फीट जमीन पर पक्का आवास व्यवसाय निर्मित है आवेदिका के आवेदन एवं वसीयत नामा/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर उनके ससुर स्व. घनश्याम जोशी पिता स्व. कल्याण मल जोशी के मृत्यु उपरांत नाम काटकर उनकी बहु श्रीमती संगीता जोशी पति स्व. चन्द्रकान्त जोशी का नाम संपत्तिकर/समेकितकर सर्वे पंजी/मांगपंजी में नाम दर्ज किया जना है । उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी व्यक्ति द्वारा दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा**

मुहर

**न्यायालय तहसीलदार बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र 202311230900009/नया साहूकारी लाइसेंस/2023-24**
क्रमांक/1459/वा. तह./2023
बेरला, दिनांक 20/11/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक पुखराज सोनी पिता कलूराम सोनी निवासी ग्राम बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा छत्तीसगढ़ साहूकारी (संशोधित अधिनियम 2005 की धारा 11 (ग) की उपधारा 1 तथा 11 (ग) की उपधारा 2 के अनुसार आवेदक साहूकारी लाईसेंस प्राप्त करना चाहता है। आवेदक ग्राम बेरला तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हैं जिनका पेशा ज्वेलर्स कार्य है। आवेदक द्वारा बेमेतरा राजस्व जिला हेतु साहूकारी लाइसेंस प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेशी दिनांक 11/12/2023 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 20/11/2023 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार, बेरला, जिला बेमेतरा**

**कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार जैन पिता श्री मेवीलाल जैन साकिन अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बेरलाकला प.ह.नं. 12 तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 372/1, 372/2, 373/1, 373/2 रकबा क्रमशः 0.120, 0.130, 0.110, 0.130 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.490 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने के मांग कर आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 20/12/2023 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**रा.प्र.क्र. 202311100900018-ब/121**
**वर्ष 2023-24**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार ठाकुर पिता स्व. रामजी निवासी देमार तहसील पाटन छ.ग. द्वारा आवेदकगण के नाम पर दर्ज मौजा ग्राम देमार प.ह.नं. 33 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित संयुक्त खाते की भूमि आवेदकगण के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 1302 रकबा क्रमशः 0.3200 हे. दर्ज होने किन्तु मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक योगेश कुमार ठाकुर पिता स्व. रामजी निवासी देमार तहसील पाटन छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 12/12/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/11/2023 को जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार, पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मण्डल, रायपुर ( छ.ग. )**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित रायपुर जिले के विकासखंड धरसींवा के अंतर्गत नहरडीह जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी. से 4500 मी. तक रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 08 नग व्ही.आर.बी., 03 नग डी.सी. तथा 13 नग आउटलेट का निर्माण कार्य की ऑनलाईन सिस्टम निविदा क्रमांक 146653/निविदा सूचना क्रमांक 13/वलेलि/2023-24 रायपुर दिनांक 06.09.2023 द्वारा प्रथम आमंत्रण किया गया था। उक्त निविदा में मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, अटल नगर, नवा रायपुर के पृ.क्र. 4262849/निविदा प्रकोष्ठ/2023/10242 (TC) रायपुर, दिनांक 04.10.2023 के कार्यवाही विवरण में प्रथम आमंत्रण में केवल एक ही निविदाकार द्वारा भाग लिये जाने से प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं एकल निविदा की स्थिति निर्मित होने के कारण पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।

**विज्ञापन क्र. 05114 दिनांक 08.09.2023**

**कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, रायपुर ( छ.ग. )**
**कृते, अधीक्षण अभियंता,**
**जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मण्डल,**
**रायपुर ( छ.ग. )**

जी-06199/6

# धान खरीदी केंद्रों में उठाव में तेजी लाने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने ली समय.सीमा की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर सभी विभागों के लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी को धान को बेमौसम बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केन्द्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग एवं नोडल अधिकारियों को फील्ड में जाकर धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने कहा है।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की स्केटिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। साथ ही कहा कि खरीदी के साथ.साथ उठाव




भी जारी रखें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, निर्भय साहू, एसडीएम उमेश साहू, श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, ओंकारेश्वर सिंह सहित डिप्टी कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न होने के पश्चात आयोजित समय.सीमा की पहली बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिले के सभी अधिकारी.कर्मचारियों को उनके जिम्मेदारी पूर्वक किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही जिले के मीडिया कर्मियों को भी निर्वाचन प्रक्रिया में सकारात्मक कव्हरेज के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी समय.सीमा पत्रक, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल के कोई भी प्रकरण और पत्र लंबित नहीं होना चाहिए। उसे तत्काल निराकरण करके पोर्टल में एंट्री करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को प्राथमिकता से तथा समय.सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में जहां.जहां अतिक्रमण की शिकायत आती है वहां जांच करते हुए अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्यवाही करें। बैठक में शहरों के बीच से गुजरने वाले रेत के परिवहन पर रोक लगाने तथा वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश खनिज अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी को दिए है। कलेक्टर श्री मलिक ने 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाले लोक अदालत के लिए सभी विभागों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत में प्रकरण भेजने के निर्देश दिए है। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली और पंखा की स्थिति के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में मरम्मत की आवश्यकता है उसके लिए आवश्यकता अनुसार प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। सभी जनपद सीईओ को आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए गर्भवती माताओं को मिलने वाले गर्म भोजन की जानकारी लेने कहा गया है। साथ ही लोक सेवा केन्द्रों में आय, जाति और राजस्व संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार बारी.बारी से लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट विद्यालय बेलसोंडा में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीमती नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ सी पी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से कस्तूरबा गाँधी ट्रस्ट विद्यालय बेलसोंडा में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस विद्यालय में ऐसे बच्चे रहते सामाजिक रूप से बहिष्कार परिवार, गरीबी, बेरोजगारी, जिसके माता पिता खो गये है जैसे नक्सली हिंसा या अकस्मात कोई घटना से जुड़े है। कार्यशाला में इंटर पर्सनल रिलेसन, कमुनिकेशन, पॉजिटिव एवं निगेटिव, सेवन मल्टीप्लाई के बारे में अभ्यास कराया गया। साथ ही परम्परागत रूचि गत कार्य करने हेतु पूछा गया अधिकांश लोग अपनी व्यवसाय के बारे में बताया गया। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक रूप स्वास्थ्य के बारे बताया गया। स्वस्थ्य रहने के लिए योग साधना, व्यायाम, आसपास की सफाई, गर्म भोजन लेने हेतु कहा गया। मौसमी बीमारी के रख रखाव से अवगत कराया गया। कार्यशाला में लगभग 46 बच्चो ने भाग लिया। कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट से नम्रता चंद्राकर प्रधान पाठक, हेमलता साहू, दीपिका चंद्राकर, ऋतिक चंद्राकर, सीतल चंद्राकर व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा यह जानकारी दिया गया।

### झंडा दिवस मनाया गया



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में झंडा दिवस मनाया गया। जिसमे स्कूल के शिक्षक माधुरी पटेल, हर्ष यादव, नीलम कोसरे, विष्णु चन्द्राकर एवं स्कूल के विद्यार्थियों, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने बताया भारत के लिए झंडा दिवस एक गौरवपूर्ण दिन है। 7 दिसंबर को भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप से मनाया जाते हैं । देश की सीमा की सुरक्षा तीन सेनाएं कर रही हैं। जमीन मार्ग पर थल सेना मुस्तैद है तो वहीं आसमान पर वायु सेना निगरानी करती हैं। भारत के समुद्री मार्गों और सीमा को सुरक्षित रखने के लिए देश की नौसेना तत्पर है। यह खास दिन थल सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों के कल्याण के लिए मनाते हैं और इस दिन देश की सेना को सम्मानित करते हैं।

### पुण्यतिथि पर कमला दीदी को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की क्षेत्रीय निर्देशिका राजयोगिनी ब्रम्हा कुमारी कमला दीदी की प्रथम पुण्य स्मृति दिवस स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा में मनाई गई। समस्त ब्रम्हा कुमारी बहनें एवं ईश्वरीय परिवार ने कमला दीदी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। वे छत्तीसगढ़ की क्षेत्रीय निर्देशिका थी साथ साथ समीपवर्ती राजस्थान, ओडिशा, मध्यप्रदेश सेवाकेंद्रो का प्रशासन भी देख रहीं थीं। सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन ने उनके अथक सेवा का गुणगान करते हुए कहा कि कमला दीदी एक सच्ची समाज सेविका थी। उन्होंने जन जन को परमात्म अवतरण का सन्देश देकर लाखों लोगों का जीवन उज्जवल बनाया।

# अग्निवीर भर्ती परीक्षा की 8 दिवसीय नि :शुल्क प्रशिक्षण कल से

## जांजगीर-चाम्पा में होने वाले भर्ती में शामिल होने निःशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिला प्रशासन तथा पूर्व सैनिक सेवा संघ महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में युवा सफल हो इसके लिए शारीरिक दक्षता की तैयारी शुरू करने जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य युवा जो अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफल होने तैयारी कर रहे हैं उन युवाओं की कमियों को बताकर उन्हें और बेहतर बनाने पहल की जा रही हैं। ताकि अधिक से अधिक संख्या में युवा तैयारी कर अग्निवीर में भर्ती हों सके। इसमें 17 से 21 वर्ष के जिले, अन्य जिले व राज्य के निवासरत युवा, युवतियां शामिल होकर निःशुल्क प्रशिक्षण 9 से 16 दिसंबर तक प्राप्त कर सकेंगे।



इसके लिए 8 दिसम्बर तक पंजीयन किया जा सकता है। गत 6 दिसंबर को कलेक्टर सभाकक्ष में इस संबंध में बैठक बुलाई गई जिसमें कलेक्टर प्रभात मलिक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे व खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे को आवश्यक तैयारियां शुरू करने कहा गया। युवाओं के बेहतर तैयारी पूरी करने आवश्यक सामग्री, मैदान जिसमें 1600 मीटर दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, पुल अप जिक जैक रन, शटल रन इत्यादि किए जाने चर्चा किया गया। अग्निवीर भर्ती के लिए जिले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में लोकनाथ डडसेना पूर्व सैनिक 88883.68895 से संपर्क किया जा सकता हैं व पुलिस लाईन महासमुंद में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक व शाम 4 से 6 बजे तक निःशुल्क अनुभवी ट्रेनर्स द्वारा अभ्यास कराया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए पूर्व सैनिक सेवा संघ महासमुंद के संयोजक प्रदीप चंद्राकर के मोबाइल नम्बर 74988.93401, अध्यक्ष युवराज चंद्राकर के मोबाईल नम्बर 91095.98417, सचिव कनक राम निषाद के मोबाईल नम्बर 96213.54394, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे के मोबाइल नम्बर 96175.00748 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# जीत पर राठी ने योगेश्वर राजू सिन्हा को दी बधाई

## पीएम मोदी की गारंटी से भाजपा की ऐतिहासिक जीत

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुन्द।** भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ट के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी ने महासमुन्द विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजू योगेश्वर सिन्हा की ऐतिहासिक जीत व प्रदेश में बम्फर ढगं से भाजपा की सरकार बनने पर कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारन्टी की विजय है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद महासमुन्द शहर में रिकार्ड 20हजार मत कमल छाप को पहली बार प्राप्त हुआ है इसके लिय शहर की मतदाता बधाई के पात्र है। शहर में कुशल बुथ प्रबन्धन के लिए सभी मतदान केन्द्रों के भाजपा कार्यकताओं श्री राठी ने बधाई दी। श्री राठी ने आगे कहा कि अब नगर पालिका प्रशासन प्रधानमंत्री आवास योजना महिनो से लंबित भुगतान को तत्काल करें किसी प्रकार की कोताही न बरते कांग्रेसी दबाव के चलते न.पा. ने आवास योजना का पैसा महिनों से लंबित रखा है। साथ ही हजारों अवास शहर में बनाया जाना है जिनके आवेदन पेंडिग है, सभी का तत्काल सर्वे कर सभी आवेदनो को स्वीकृत करते हुये ततकाल शासन को भेजा जावे जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा संगठन के अनुसार गरीबों को शीघ्र आवास मिल सके। वार्डो के रोड गली के विकाश कार्य रूके पड़े है जिसे शीघ्र प्रारम्भ करायें विकास के कामों में कोताही न बरती जाये। निराश्रित पेंशनधारीयों का भुगतान महिनो से लंबित पड़े है जिसे जिला पंचायत से पत्र व्यहार कर शीघ्र गरीबों के खाते में डाला जाए । उद्यानो, नगर पालिका के समुदायिक भवनों टाउन हाल की हालत जर्जर है जिसे तत्काल सुधार की दिशा में कदम बढ़ाये। नगर की सफाई व्यवस्था पूर्णतः ढप हो गई है।

# कानून की बारीकियों से अवगत हुए छात्र-छात्राएं



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** एसपी धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश में स्कूल, कॉलजो में लगातार साइबर अपराध एवं बालक बालिकाओं महिला संबंधी विषयों पर जागरूकता के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुन्जे एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सारिका वैद्य् के मार्गदर्शन में आज सरस्वती शिशु मंदिर भलेशर रोड महासमुंद में महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी बालक बालिकाओं को अपराधो एवं साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी गई साथ ही साथ महिला आरक्षक अन्नु भोई एवं विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना के द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता खेल कूद से फायदे एवं अपने और अपने परिवार, समाज में अपराध ना हो उससे सावधानी बरतने व सभी को जागरूक करने बताया गया।

किसी भी अपराधिक घटना या शिकायत हेतु स्थानीय पुलिस से निर्भीक सम्पर्क करने बताया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्य श्रीमती राजश्री ठाकुर एवं प्रधानाचार्य श्रीमती कृष्णा चन्द्राकार व शिक्षकों के सहयोग से साइबर क्राईम जागरूकता व अन्य जागरूकता के सम्बन्ध मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# गली-गली में बिक रही अवैध महुआ शराब हो रहा है अंचल में माहौल खराब

» लगभग हर गांव में है दो से तीन शराब कोचिया?
» धड़ल्ले से बिक रही है सालर अंचल में अवैध शराब?
» ढाबों और नाश्ता सेंटरों में भी शराब का फल-फूल रहा है कारोबार

समवेत शिखर संवाददाता

**सारंगढ़।** जिला मुख्यालय के वनांचल क्षेत्र सालर कनकबीरा अंचल में अवैध महुआ शराब का खुलेआम विक्रय शहर के साथ-साथ गांव-गांव में गली-गली में हो रहा है। सारंगढ़ अंचल के लगभग हर गांव मे दो से तीन अवैध शराब विक्रेताओ के होने से बड़ी आसानी से हर गांव में शराब उपलब्ध हो जा रहा है। जिसके कारण से नशे से मदमस्त लोगो की संख्या बढ़ते जा रही है तथा गांव-गांव और शहर मे माहौल खराब हो रहा है। अवैध शराब के इन ठिकानो पर कार्यवाही के स्थान पर जिम्मेदार विभाग मासिक उगाही का नया बिजनेस शुरू कर लिये है।




वहीं शहर और गांव में तेजी से अवैध चखना सेंटर फल-फूल रहे है तथा नाश्ता सेंटरो मे भी अवैध शराब बड़ी आसानी से उपलब्ध हो रहे है। शराब के बढ़ते खपत और अवैध खराब के आर्कषक व्यवसाय के कारण से अंचल उड़ता सारंगढ़ बनते जा रहा है। अंचल में बड़ा क्षेत्र वनांचल का होने के कारण से महुआ का बड़ा उत्पादन होता है। तथा इस महुआ शराब से व्यापम मात्रा मे यहा पर शराब बनाया जाता है। नदी-नालो के किनारे तथा घने जंगलो में बड़ी आसानी से शराब का अवैध निमार्ण किया जा रहा है। इस अवैध महुआ शराब को उत्पादन पश्चात आसानी से खपत भी क्षेत्र में किया जा रहा है किन्तु इस अवैध धंधा को रोकने वाला विभाग इसी शराब कोचियो से बड़ी रकम प्रति माह का अवैध उगाही के रूप मे लेकर इस अवैध शराब के धंधे को संरक्षण प्रदान कर रहा है। ऐसा नही है कि सारंगढ़ अंचल में हो रहे अवैध महुआ शराब के निर्माता-निर्देशक की जानकार आबकारी विभाग और पुलिस विभाग को नही है। किन्तु अवैध महुआ शराब के प्रतिदिन के लाखो रूपये के इस व्यवसाय में सरकारी दोनो विभाग कार्यवाही कर इस पर अंकुश लगाने के स्थान पर इसको भागीदार बनकर मलाई खा रहे है। प्रदेश में सत्ता परिर्वतन होने के बाद विभिन्न शहरो से अवैध शराब माफियाओ पर कड़ी कार्यवाही की खबरे छनकर सामने आ रही है किन्तु सारंगढ़ अंचल में अभी भी रामराज्य चल रहा है। यहा पर अवैध महुआ शराब का निमार्ण करने और उसका विक्रय करने वालो पर नाम मात्र की कार्यवाही चल रही है वही गांव-गांव में महुआ शराब की बिक्री करने वाले और हर मोहल्ले मे खुले अवैध चखना सेंटरो पर कार्यवाही नही कर एक हिसाब से सांठगांव का संकेत सरकारी विभाग और अवैध शराब माफिया प्रदान कर रहे है।

**गोमर्डा अभ्यारण्य के जंगल मे बन रही है हर दिन लाखो रुपए की शराब? :** सारंगढ़ अंचल के शहर सहित कई गांव की सीमाएं गोमर्डा अभ्यारण्य के जंगल से लगा हुआ है तथा इसी का बेजा फायदा उठाकर अवैध महुआ शराब का निमार्ण करने वाले माफिया इस जंगल का उपयोग अवैध शराब के निमार्ण और वितरण मे कर रहे है।

# लगातार बारिश से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त

समवेत शिखर संवाददाता

**सारंगढ़।** अंचल में इन दिनों हो रही बारिश की बौछारें से बादल छाए हुए हैं, जिसके चलते कोहरा छाने की भी आसार हैं साथ ही कड़ाके की ठंड शुरू होने लगी है। सोमवार की सुबह से ही सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। दिन भर घने बादल छाए रहे, सुबह 7.30 बजे के लगभग बूंदाबांदी भी हुई, जिसके कारण एक बार फिर ठंड बढ़ गई। नगर की गलियां सूनी दिख रही थी। किसानों के खेत में अभी भी धान की कटी फसल पड़ी हुई है। इस मौसम से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर फिर से छा गई है। मौसम के जानकारों के अनुसार छत्तीसगढ़ में फिलहाल 8-9 दिसंबर तक मौसम के यूं ही बने रहने का अनुमान है। अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियों, चक्रवाती तूफान और बंगाल की खाड़ी के साथ अरब सागर से आ रही नमी के चलते 8-9 दिसंबर तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। सोमवार को भी बारिश की चेतावनी जारी की गई थी।



मौसम विभाग के इंतजार अनुसार बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ रहा तूफान मिचोंग गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होते ही आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट से टकराने वाला है। इसके असर से प्रदेश में बादल छाए हुए हैं और दिन के पारा में गिरावट आ रही रही है। है। वर्तमान में अरब सागर पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात और एक पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा के दक्षिणी भाग पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इससे एक द्रोणिका का भी संबद्ध बना हुआ है। दक्षिणी राजस्थान पर हवा के ऊपर बना चक्रवात अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर पहुंच गया है, जिससे लगातार नमी आ रही है और मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इसके अलावा अरब सागर में ऊपरी हवा के चक्रवात के रूप में बनी हुई है, जिससे नमी आ रही है।

# नगरीय निकाय सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने का प्रबंध करें : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने विगत 4 दिनों से हल्की बारिश, शीतलहर एवं ठंड की स्थिति को मद्देनजर नागरिकों को बचने के उपाय अपनाने की अपील की।कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने बचाव एवं राहत उपाय में कहा कि शीतलहर के दौरान अनावश्यक घर से बाहर न निकले, अतिआवश्यक होने पर गर्म कपड़े से खास कर कान, नाक, गला और हाथ पैर कवर करें एवं मास्क का प्रयोग करें। छह वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं 64 वर्ष से अधिक उम्र वृद्धों को घर पर ही किसी अन्य व्यक्ति की निगरानी में रखें। सर्दी के दिनों में उनी कपड़ों का पहने,ओढ़े, उपयोग करें।बीच-बीच में गर्म पानी, तुलसी लौंग युक्त गर्म पानी व चाय पीते रहे। शरीर को सुखा रखें। निंरगुल दस्ताने का प्रयोग करें। शरीर को गर्म रखने के प्रतिदिन तेल या पेट्रोलियम जैली का प्रयोग करें। अधिक समय तक ठंड के संपर्क में न रहें। विटामिन सी युक्त आहार एवं फलों का सेवन करें। मदिरा का सेवन न करें। घर की खिड़की दरवाजा अच्छी तरह से बंद रखें। नगरीय निकाय सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने का प्रबंध करें। शीत लहर के प्रकोप में आये व्यक्तियों को तत्काल



चिकित्सकीय परामर्श दिलावें। मौसम विभाग द्वारा जारी आपातकालीन जानकारी का बारिकी से पालन करें। प्रभावित व्यक्ति को गरम स्थान पर ले जाकर उसके कपड़े बदले।प्रभावित व्यक्ति के शरीर को शरीर के साथ संपर्क करके गरम रखें, कंबल बहु परत, कपड़े टावेल या शीट से ढके। शरीर को गरम करने के लिए गरम पेय दे। शराब न दें। हालत बिगड़ने पर डाक्टरी सलाह लें। कंपकपी को नजरअंदाज न करें। यह एक महत्वपूर्ण पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है और प्रभावित व्यक्ति को तुरंत घर के अंदर करें।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के कार्यों की समीक्षा की

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक ली। डॉ सिद्दीकी ने मनरेगा, आवास, एनआरएलएम की जानकारी अपडेट करके रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को नियमित



भुगतान करना सुनिश्चित करें। इसके लिए आवश्यक ई केवाईसी, आधार सिडिंग आदि कार्य को शीघ्र पूरा करें, इसमें किसी किसान का भूमि रिकार्ड एंट्री आदि भी किसानों को पूरा करना है। किसान भूमि की एंट्री नही करेंगे तो उनको सम्मान निधि का भुगतान करने संभव नही है।

डॉ सिद्दीकी ने कहा कि जिले के सभी जनपद सीईओ गोबर खाद के खरीदी और भुगतान की जानकारी एक सप्ताह के अंदर पूरा करें। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग जिले के सभी गाय, भैंस को टीका लगाने तथा कितना वैक्सिनेशन पूरी हुई है या नही हुई है, इसकी अपडेट जानकारी देने की निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी आदि को मिलाकर कुल 48 केंद्र हैं। बैठक के अंत में डॉ सिद्दीकी ने विद्युत अधिकारी को स्वामी आत्मानंद स्कूल सारंगढ़ के सारबिला कैरियर अकादमी के बिल्डिंग के ऊपर बिजली की तार को हटाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, सभी सीईओ, सीएमओ, पशु चिकित्सा और विद्युत कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा : शर्मा



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर लोगो से अपील की है कि महतारी वंदन योजना को लेकर किसी की बातों में आकर आपको कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि इस योजना को भाजपा अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के रूप में प्रस्तुत की थी अतः सरकार के गठन होते ही इस योजना का प्रस्ताव सबसे पहले पास होगा और सभी पात्र हितग्राहियों को इसका घर पहुंच लाभ मिलेगा। कहा कि इसके साथ ही भाजपा अपने सभी चुनावी वायदों को पूरा करेगी । श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की मिजाल्टी और अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू की जीत पर समस्त मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। बताया कि मौसम साफ होते ही नवनिर्वाचित विधायक इंद्रकुमार साहू का विजय जुलुस आभार रैली के रूप में शहर में निकाली जाएगी। उन्होने शहर के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### चंपारण पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू



**नवापारा राजिम।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक इंद्रकुमार साहू चंपारण पहुंचे। यहां विधायक श्री साहू का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ आतिशी स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्री साहू सपत्नीक चंपेश्वर महादेवकी पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आपको बता दें कि विधायक निर्वाचित होने के बाद श्री साहू प्रथम बार चंपारण पहुंचे। विधायक श्री साहू के चंपारण पहुंचने की खबर जैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं की मिली, वे जबरदस्त उत्साहित होकर स्वागत के लिए उमड़ पड़े। इंद्र कुमार साहू जैसे ही चंपारण पहुंचा यहां भाजपा कार्यकर्ताओं, शुभचिंतको ने फूल माला पहनाकर लाद दिया। कई कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद श्री साहू अपनी पत्नी कांती साहू के साथ चंपेश्नाथ महादेव की अभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस दौरान भाजपा नेता शोभाराम साहू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

### डॉ. मनीष को मिली पीएचडी की उपाधि



**गरियाबंद।** इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ. मनीष घाटगे को मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ मनीष घाटगे द्वारा थीसिस टाइटल किसानों की हिंदी, इंग्लिश एवं छत्तीसगढ़ी मिश्रीत भाषा का मशीन लर्निंग द्वारा सेंटीमेंट अनालिस में शोध कार्य किया है। छत्तीसगढ़ी बोली पर पहली बार किसी शोधार्थी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शोधकार्य किया है, डॉ घाटगे ने अपने सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों एवं मित्र गणों को दिया।उनके इस उपाधि को लेकर गफ्फूमेमन आशीष शर्मा विजय सिन्हा प्रवीण मानिकपुरी अमित भामरे ऋषिकांत मोहरे प्रकाश निर्मलकर तरुण साहू दिलीप यादव जितेश सुखदेवे राहुल शर्मा प्रमोद मानिकपुरी मनीष दीवान सुशांत दौरा रविंद्र यादव ने बधाई दिये।

### दो मोटरसायकल में भिड़ंत, उपचार के दौरान युवक की मौत

**भाटापारा।** ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत अपने ससुराल से दुपहिया वाहन मे भाटापारा शहर की ओर लौट रहे एक युवक को दूसरे मोटरसायकल सवार ने ठोकर मार कर घायल कर दिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। उक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मेहता नगर निवासी दीपक ध्रुव जो कि दुपहिया मोटरसायकल क्रमांक सीजी 22 वाई 2562 मे सवार होकर अपने ससुराल माचाभाट गया हुआ था जहां से वह वापस लौट रहा था कि ग्राम पेन्ड्री के समीप उसकी मोटरसायकल से विपरित दिशा की ओर से आ रहे दूसरे मोटरसायकल क्रमांक सीजी 22 आर 0524 के चालक से उसकी भिडंत हो गई इस दुर्घटना मे दीपक ध्रुव को गंभीर चोट पहुंचने पर ईलाज हेतु उसे 108 एम्बुलेंस मे भरकर हास्पिटल लाया गया जहां से आगे की उपचार के लिये अग्रवाल हास्पिटल रायपुर रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान दीपक ध्रुव की मौत हो गई। उक्त घटना की रिपोर्ट मृतक की माता शांति बाई ध्रुव ने थाना पहुंचकर लिखाई जिस पर पुलिस ने धारा 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र गरियाबंद में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

### 'मृदा एवं जल जीवन का एक स्रोत' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

समवेत शिखर संवाददाता




**गरियाबंद।** कृषि विज्ञान केन्द्र,गरियाबंद में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर 5 दिसम्बर को मृदा एवं जल जीवन का एक स्रोत के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों एवं कृषकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कृषकों को विश्व मृदा दिवस के महत्व तथा मृदा एवं जल के संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्या ने कृषकों मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए समय-समय पर परीक्षण करवाने, जैविक खेती एवं संतुलित उर्वरक उपयोग करने की जानकारी देते हुए मृदा नमूना लेने का तरीका, मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वाथ्य पत्रक के माध्यम से फसलों में संतुलित उर्वरक प्रबंधन के महत्व को बताया। साथ ही के केन्द्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ. शालु एन अब्राहम ने कृषकों को प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ ईशू साहू ने सब्जी में पोषक प्रबंधन,ई. प्रवीण कुमार जामरे ने मृदा एवं जल संरक्षण,डॉ.ज्योति रमा भारद्वाज ने मृदा जनित रोग प्रबंधन तथा तुषार मिश्रा ने मृदा में स्थित सूक्ष्म जीवों का महत्व विषयों पर कृषकों को विस्तृत रूप से पॉवर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी।केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा कृषकों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया एवं भ्रमण के दौरान कृषकों को प्रक्षेत्र विभिन्न इकाईयों जैसे फसल उत्पादन इकाई, फल मातृ उद्यान,ग्रीन शेडनेट,किचन गार्डन,सब्जी नर्सरी,मशरूम उत्पादन,पशुपालन एवं अन्य इकाईयों की जानकारी दी गई।उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि रमेश निषाद, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,कृषक मित्र एवं कृषक उपस्थित थे।

# राजिम विस हार की नैतिक जवाबदारी लेते हुए ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने दिया इस्तीफा

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** 2023 विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में संपन्न हुआ, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की 11911 वोटो से हार हुई, जिसमें अधिकतम हार का सामना फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले राजिम, फिंगेश्वर, बासीन, बोरसी, किरवई, कोपरा, कौंदकेरा से सामना करना पड़ा जिसकी नैतिक जवाबदारी लेते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष रूपेश साहू ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नाम त्यागपत्र सौंप दिया है।

ज्ञात हो कि 27 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया था जिसमें रूपेश साहू ने हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अमितेश शुक्ला को जीत दिलाने के लिए आवाहन किया था, साथ ही साथ उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को यह भी कह दिया था कि अगर फिंगेश्वर ब्लॉक से हम चुनाव हारे तो सबसे पहले इस्तीफा मेरा होगा जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है,यह अलग बात है कि पार्टी हाई कमान इस्तीफा को मंजूर करता है या नहीं यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

पत्रकारों को साहू ने बताया कि मैं पार्टी का निष्ठावान सिपाही हूं और आने वाले समय में भी पार्टी के लिए और हमारे क्षेत्र के मुखिया अमितेश शुक्ला के लिए कार्य कर्ता रहूंगा तथा पार्टी जो भी दिशा निर्देश देगी उसकी पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करूंगा।

# इंद्र साव का विजयी जुलूस निकला गया

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विजयी प्रत्याशी इन्द्र साव का विजय जुलूस तरेंगा नाका यज्ञ स्थल से निकला जो महारानी चौक, कांग्रेस भवन, जय स्तंभ चौक, मंडी रोड़, सती मंदिर मार्ग, हटरी बाजार, सदर बाजार, गोविंद चौक, आजाद चौक, जय स्तंभ चौक व सुभाष बाजार सहित अन्य मार्ग से होते हुये बाजे गाजे के साथ वापस पहुंचा। उक्त विजय जुलूस मे मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, शैली भाटिया, आलोक मिश्रा, राधेश्याम शर्मा फग्गा, हितेन्द्र ठाकुर, सुरेन्द्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, ईश्वर ठाकुर, सतीश अग्रवाल, अरूण यदू, रोशन हबलानी, कुबेर यदू, रामबिलास साहू, कुलदीप सलूजा, त्रिलोक सलूजा, रमेश घृतलहरे, मोहन केशरवानी, भुलुराम कुर्रे, नरेश चौबे, अययुब बांठिया, आबिद खान, दिवाकर मिश्रा, लक्ष्मी पांडे, गोविंदा देवदास, मुनीन्द्र साहू, महेन्द्र साहू, भरत नागवानी, शशिकांत साहू सहित अन्य कांग्रेसी तथा महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ सेवा दल एनएसयूआई के अनेक लोग शामिल हुये जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया।

# भाजपा की जीत से सिद्ध हो गया कि देश के मन में मोदी हैं

### राजिम की जनता का भी आभार : चंद्रशेखर साहू

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** राजिम विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने भाजपा की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड विजय से यह सिद्ध हो गया है कि छग सहित पूरे देश के मन में मोदी है। छग की जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए मुहर लगाया है। भाजपा को जो सफलता मिली है उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, मनसुख मंडवीया, नीतिन नबीन, ओपी माथुर सहित प्रदेश के नेता डॉ रमन सिंह, अरुण साव, ओपी चौधरी व सभी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई और धन्यवाद। आज जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे सब नरेंद्र मोदी के सुशासन की नीतियों के साथ हैं। वँचित और गरीब वर्ग के लोग नरेंद्र मोदी जी की नीतियों पर विश्वास करते हैं यह उसका प्रमाण है। उन चुनाव परिणाम उन लोगों को करारा जवाब है, जिन लोगों ने तमाम प्रकार के अपशब्द प्रधानमंत्री के लिए कहें हैं, छग की जनता ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू ने राजिम विधानसभा क्षेत्र की जनता का भी आभार प्रकट किया और राजिम विधानसभा से परिवारवाद को खतम कर रोहित साहू के रूप में किसान के बेटे को विधायक बनाने के लिए समूचे क्षेत्रवासियों को धन्यवाद कहा साथ ही आश्वत किया कि अब जनता की भावनाओं के अनुरूप विकास कार्य होंगे।

# आरंग में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस



समवेत शिखर संवाददाता

**आरंग।** सतनाम भवन कॉलेज चौक आरंग में बुधवार को सतनामी समाज आरंग के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष घनश्याम टंडन व बेदराम खुटे ने मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया।

इस अवसर पर समाज के डम्बेश्वरी कोसले, संगीता पाटले, गोमती राजेत्री, सुशीला गिलहरे, राजकुमार बंजारे, बिनेश ढ़ीढ़ी, गणेश बांधे, खेमलाल खेलवार, टिकेश्वर गिलहरे, दिवाकर जांगडे, ललित ढ़ीढ़ी, धरम टंडन अनिल कोशले, सुनील सोनवानी, भीम मनहरे, भोला मनहरे, भोला जांगडे, बलराम सोनवानी, नंदकुमार ढ़ीढ़ी, रितेश कुमार, पी.सी. पाटले, जनकराम आवड़े, बुधेलाल सोनवानी आदि पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बनाए 45 मॉडल

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।** छुरा नगर के शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में कॉमर्स संकाय द्वारा प्रतिवर्ष की भांति मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यार्थियों द्वारा 45 मॉडल बनाए गए थे जिसमें विषय जल प्रदूषण ,पर्यावरण संरक्षण, जी एसटी, बैंकिंग ,एटीएम, चॉकलेट मशीन, चंद्रयान-3 ,मुद्रा का विकास ,शहरी विकास, ओजोन परत ,वीवीपैट ,कंप्यूटर, मार्केटिंग ,चेक के प्रकार, लोन के प्रकार ,ऑनलाइन बिजनेस, पंचवर्षीय योजना, उद्योग, बाजार, यातायात, रोजगार, कृषि इत्यादि विषयों पर मॉडल बनाए गए थे इन प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक गण के रूप में केशव साहू स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम श्रीमती रेनू देवांगन शासकीय उच्चतर विद्यालय खडमा ,भोजराज साहू स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भूपत कन्नौज निर्णायक थे निर्णयको द्वारा प्रथम स्थान विषय (वितरण वाहिका )कु. भावना साहू ,राधिका, सोनाली यादव कक्षा बारहवीं रही। द्वितीय स्थान विषय (लोन के प्रकार) कु.कुमकुम ध्रुव, गीतांजलि, तनु ने प्राप्त किया तृतीय स्थान विषय (पहले का व्यवसाय, अब का व्यवसाय )कु रौनक ,डाली, राखी ने स्थान प्राप्त किया इस मॉडल प्रतियोगिता के अतिथि गण श्याम चंद्राकर खेल अधिकारी जिला गरियाबंद, मनोज केला उत्कृष्ट कार्यक्रम के प्रभारी गरियाबंद, सलीम मेमन एल्डरमैन, प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू ,प्रदीप मिश्रा ,शीतल ध्रुव समाजसेवी थे अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया अतिथियों द्वारा मॉडल प्रतियोगिता का अवलोकन किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत आयोजक शिक्षिका सीमा सिंह ,नेहा जायसवाल एवं विद्यार्थियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर किया गया इस मॉडल प्रतियोगिता के संबंध में शिक्षिका सीमा सिंह ने बताया 7मुख्य अतिथि श्याम चंद्राकर ने कहा इस विद्यालय में प्रतिवर्ष मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं एवं अनेक प्रकार के शिक्षा संबंधी गतिविधियां किया जाता है इससे विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट होता है अपने प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और यही आगे चलकर विद्यार्थी होनहार होंगे जिस प्रकार मॉडल प्रतियोगिता के लिए अपने कड़ी मेहनत किया है।

# धान की बोरी से फिसलकर ट्रक खाली कर रहे मजदूर की मौत

**भाटापारा।** शहर के एक पोहा मिल मे धान की छल्ली से पैर फिसल जाने के कारण एक श्रमिक की मौत होने की खबर है। उक्त संबंध मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोखली स्थित जगदंबा फूड प्रोडक्ट मे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीबी 8999 मे भरी हुई धान को राजकुमार ध्रुव उर्फरज्जू अपने साथी मजदूर कैलाश ध्रुव, फिरोज ध्रुव व सुमन ध्रुव के साथ ट्रक मे लोड़ धान को उतारकर पोहा मिल के अंदर ले जा रहे थे कि रज्जू ध्रुव का पैर धान बोरे से फिसल गया और वह सीधा खडी ट्रक के डाला के नीचे गिर गया जिसके कारण उसके नाक, सिर व अन्य हिस्सों मे चोट पहुंची इस घटना की जानकारी मिल मुंशी राजा पाल को होने पर उसे फौरन उपचार के लिये सिविल हास्पिटल भाटापारा लाया गया जहां रज्जू ध्रुव के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पुलिस ने मिल संचालक ओम प्रकाश चंचलानी के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस का कहना है कि उक्त मिल संचालक द्वारा ट्रक से पोहा मिल के अंदर जो धान के बोरे खाली कराये जा रहे थे उसमे नियोजित मजदूर को कार्य अनुरूप उपयुक्त एवं पर्याप्त सुरक्षा उपकरण प्रदान नहीं किया गया था और न हीं श्रमिक को कार्य के दौरान समुचित दिशा निर्देश एवं पर्याप्त सुरक्षा प्रशिक्षण नहीं दिया गया था जिसके चलते मजदूर धान की बोरी से फिसलकर दुर्घटना का शिकार हुआ।

# आप जितना मौत से डरते हैं उससे अच्छा सावधान होने की जरूरत है

समवेत शिखर न्यूज



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

**अहमदाबाद।** रात पड़ती है और आंख बंद हो जाती है और दिन उगता है तब आंख खुलती है एवं जीवन की रफ्तार शुरू होती है। सुबह नौं बजे से हम भटकना शुरू करते हैं तो रात के दस बजे तक यही क्रम मानव जीवन में चलता रहता है। सुबह आंख खोलते हैं एवं रात को आंख बंद करते हैं। ऐसा क्रम हमारा निरंतर चालू है। बीच वाले समय में मानव रण के रोज की तरह इधर-उधर घूमता रहता है। उसमें एक दिन ऐसा आएगा की जिसमें हमेशा के लिए आंख बंद हो जाएगी और फिर आंख नहीं खुलेंगी। मनुष्य यदि भटकने के लिए दौरान यह सोच को कि मैं जो यह मेहनत कर रहा हूं यह किसलिए है? यह छलकपट कर रहा हूं, वह किसके लिए है? जीना थोड़ा है और लंबी झंझट किसके लिए है? हमारी आंख बंद होने के पहले हमें अंतर की आंख एक बार खोलनी है।

उक्ताशय के उद्गार जैनाचार्य प.पू.आ.देव राजयश सूरीश्वरजी म.सा. ने विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य रोग से डरता है उसी तरह यदि मनुष्य पाप से डरता तो? हम क्यों रोरग से डरते है? मन में भय है कि हम मर जाएंगे? इसलिए हमें मौत का डर है।

साधु महात्मा कहते है कि आप जितना मौत से डरते हैं उससे अच्छा सावधान होने की जरूरत है। जीवन एवं मृत्यु को कितने लोग उसे समस्या कहते हैं। इस विश्व के सभी वैज्ञानिक हम यदि इकट्ठा करे तो भी किसी भी वैज्ञानिक ने आज तक मृत्यु से बचने का कोई उपाय नहीं बताया है। जीवन बचाने की अथवा मर जाने की दवाई है। परंतु मृत्यु से बचने की ऐसी कोई औषधि को खोजी नहीं है। जिसके पास मृत्यु का विचार है, मृत्यु का स्वीकार है वह खुद डरता नहीं और दूसरों को तकलीफ नहीं देते। जिसमें मृत्यु का स्मरण नहीं है। मृत्यु अस्वीकार है वह मनुष्य स्वयं दुःखी होता है और दूसरो को भी तकलीफ देता है।

साधु की परंपरा में मृत्यु के लिए दो शब्द बहोत अच्छ कहे। साधु का मृत्यु होता है तब उसके पहले शब्द है काल। धर्म यह शब्द बाद में कहा है। परंतु उसके पहले शब्द है काल। काल एवं धर्म इन दोनों का संयुक्त शब्द है काल धर्म। क्या धर्म यह भी मृत्यु हो सकती है? क्या मृत्यु भी धर्म बन सकता है? हां! मृत्यु यह भी धर्म ही है। दूसरी तरफ से धर्म भी एक प्रकार का मृत्यु है एवं मृत्यु भी एक प्रकार का धर्म है। दुर्राचार का मृत्यु, दुर्गणों का मृत्यु यह धर्म का जय है एवं मृत्यु का मृत्यु है। इस धर्म के साथ में है काल। जन्म लेना यह भी काल का धर्म है। उसी प्रकार मृत्यु यह भी काल का धर्म है।

भगवत् गीता में कहा है

नैनं छिन्दति शस्त्राणि, नैनं दशति पावकः
न चैनं कलेदयन्त्यापो, नैनं शोषयति मारुतः।।

मृत्यु से क्या डरते हो? हमारी आत्मा अजर एवं अमर है। इस आत्म तत्व को न कोई शस्त्र छेद सकता है न ही जला सकता है। पानी से आत्मा न गिला हो सकती एवं हवा से आत्मा सूख नहीं सकती। इस अमरत्व को पायी हुई आत्मा तो शाश्वत है एवं अनिष्य है। इस देह में से आत्मा जब बिदाई लेती है तब मानो जीर्ण देह को छोड़कर नूतन देह को धारण करने के लिए मृत्यु पाता है। यदि कपड़ा फट जाए तो क्या करते है? नए कपडे पहनते है और पूराने कपडे फाड देते है, निकाल देते है। ठीक इसी तरह मृत्यु आती है तब, यहां से मृत्यु पाकर दूसरी जगह जाना है। साधु इस काल के धर्म को हंसते-हंसते स्वीकार करता है यानि साधु के लिए अवसान शब्द का उपयोग नहीं होता। एक्सापायर डेट यानी उसका समय पूरा हा गया है। इस तरह यहां पर हमारा समय पूरा हो गया है। बस, जीवन आनंद से जीए वैसे ही मृत्यु को भी आनंद से मिले और परम पद को पाकर आत्मा पर परमात्मा बने।

# नवनिर्वाचित विधायक गुरु खुशवंत साहेब से की मुलाकात



समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा राजिम।** सतनामी समाज अभनपुर के जनप्रतिनिधी व समाजिकजनो ने आरंग विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक गुरु खुशवंत साहेब से उनके निज निवास में मुलाकात कर बधाई दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले ने नवनिर्वाचित विधायक गुरु खुशवंत साहेब से निवेदन किया कि गुरु वंशज होने के नाते छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरु घासीदास जी के बताए रास्ते में चलकर समता मूलक समाज की स्थापना कर छत्तीसगढ़ के संपूर्ण जनता का संपूर्ण कल्याण कर छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य के रूप में स्थापित कर बाबा जी के सपने को पूरा करें। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजू बारले, सभापति जितेंद्र बंजारे, पार्षद शिवनारायण बघेल, सरपंच बसंत कोसले, सरपंच मुकेश ढिढ़ी, पूजा बघेल, किरण गिलहरे, राजकुमार बंजारे, धर्मचंद महिलांग, रामचंद्र महिलांग, राजेंद्र एनेश्वरी, कौशल्या धृतलहरे, चंद्रकांत चेलक, नान्हे धृतलहरे, महेंद्र खुट्यारे, मन्नू कोसले, पंचराम ओगरे, संजय बंजारे, प्रभु कोसरिया, दिलेन्द्र डहरिया, मुकेश बंजारे, हेमपुष्पा पाटिल, अविनाश देशलहरे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### न्यूज़ ब्रीफ

## मंडी स्थल में तेंदुए की दस्तक हेमालो में अपरा-तफरी



**छुरा।** आज करीबन 12:00 बजे मंडी प्रांगण के निकट दो तेंदुवा पेड़ के शाखों में विचरण करते देख स्थल में कार्य में मशगूल हेमालों के होश उड़ गए वहीं हेमालों में अपरा तफरी मच गया। खूंखार तेंदुआ के तेवर व दाहाड़ों से पूरा जंगल गूंज उठा। पेड़ पर एक साथ दो तेंदुओं को देख हेमालों के साथ मंडी ऑफिस में कार्यरत कर्मचारी दांतों तले उंगली दबा लिए। मंडी स्थल पर ग्रामीण की संख्या को देख तेंदुआ थोड़ी देर बाद ओझल हो गया। मंडी कर्मचारी यशवंत यादव ने जानकारी दिया कि मंदिर स्थल के निकट घनघोर जंगल होने के कारण ऐसे कई अवसरों पर धन बोरी के मुंडेर पर तेंदुआ को देखा गया है अभी तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचने की जानकारी दी। कयास लगाया जा रहा है कि तेंदुआ संभवतः अपना आशियाना मंडी स्थल के निकट पहाड़ों पर बनाया गया होगा।

## मरवाही रेंज में घायल भालू की मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** पेंड्रा-गौरेला-मरवाही जिले में मंगलवार को सड़क किनारे खेत में एक भालू जख्मी हालत में मिला था। जिसे मरवाही वनमंडल की टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा था, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वन विभाग की आधिकारियों ने भालू का पीएम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया है। दरअसल, मरवाही वन परिक्षेत्र के ग्राम दानीकुंडी में पिछले दो दिनों से एक भालू बस्ती के आसपास घूमता नजर आया था। भालू के आने से पहले ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, लेकिन जब कुछ लोगों ने भालू को नजदीक से जाकर देखा, तो उसके पैर में गहरे चोट के निशान दिखाई दिए।

## चक्रवाती तूफान के चलते स्पेशल ट्रेन कैंसिल, 7 दिसंबर से वाडी जंक्शन स्टेशन से भोपाल के लिए होने वाली थी रवाना

**भोपाल।** मध्य रेल द्वारा जारी सूचना के अनुसार चेन्नई में चक्रवात के कारण ट्रेन संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण मध्य रेलवे से गुजरने वाली नियमित ट्रेनों का विनियमन, मार्ग परिवर्तन और रद्द करना पड़ा है। इन परिस्थितियों में कोहरे के मौसम की स्थिति और अन्य तकनीकी कारणों के चलते परिचालन संबंधी बाधा को देखते हुए 7 दिसंबर को वाडी जंक्शन स्टेशन से भोपाल के लिए चलने एवं वापस जाने वाली गाड़ी संख्या 01331/01332 वाडी-भोपाल-वाडी स्पेशल ट्रेन को निरस्त किया गया है। यह गाड़ी अब भोपाल नहीं आएगी। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि जिन भी यात्रियों के टिकट इस ट्रेन में थे उनको नियामानुसार रिफंड किया जाएगा।

# रायपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में चल रहे बुलडोजर

### रायपुर, बिलासपुर समेत कई जिलों में एक्शन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बुलडोजर पॉलिटिक्स की एंट्री हो गई। कांग्रेस ने इस पर सवाल उठाए हैं तो बीजेपी कार्रवाई का समर्थन कर रही है।

छत्तीसगढ़ में इलेक्शन रिजल्ट के बाद से बुलडोजर की एंट्री हो गई है। रिजल्ट के बाद बीजेपी नेता और कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर में चढ़कर जश्न मनाया था। इसके बाद से रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में अवैध कब्जों पर बुलडोजर चल रहे हैं। रायपुर को 5 दिसंबर को पहली कार्रवाई हुई जिसके बाद 7 दिसंबर को तीसरे दिन भी अलग-अलग इलाकों में अवैध निर्माण जमींदोज किए गए।

हालांकि बुलडोजर वाली कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं। जिनके दुकानों के पास कार्रवाई की गई है उनका कहना है कि, बिना किसी सूचना के कार्रवाई करना ठीक नहीं है। कांग्रेस ने भी कहा कि गरीबों की रोजी-रोटी पर बुलडोजर चल रहा है। इस पर बीजेपी ने कहा कि, कानून तोड़ने वालों पर ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। एक कार्यक्रम में पहुंचे बृजमोहन अग्रवाल के सामने बुलडोजर के नारे लगे तो उन्होंने ने भी पूछा- रफ्तार ठीक है ना?





### बिलासपुर में भी लगातार अवैध चखना सेंटर पर कार्रवाई की जा रही है

5 दिसंबर को लिंक रोड, पुराना बस स्टैंड और गौरव पथ समेत 12 जगहों पर बुलडोजर चला। 6 दिसंबर को मोपका, सकरी, पिपरा में कार्रवाई की गई। 7 दिसंबर को तोरवा मेन रोड, अशोक नगर, बिरकोना नहर के पास बुलडोजर चलाया गया। तीन दिनों में करीब 25-30 चखना सेंटर हटाए गए हैं।

### भाजपा ने कहा- चलता रहेगा बुलडोजर

कार्रवाई का समर्थन करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अब राजधानी सहित प्रदेश में कानून का राज चलेगा गुंडे, बदमाशों की खैर नहीं। लोगों से बात करते हुए बृजमोहन ने कहा कि चल रहा हैं ना बुलडोजर? ठीक हैं न रफ्तार? यह चलता रहेगा अवैध निर्माण पर, अवैध कार्यों पर। कानून नहीं मानने वालों पर एक्शन जारी रहेगा। राजेश मूणत समेत कई बीजेपी नेता भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने की बात कह चुके हैं। छत्तीसगढ़ में इलेक्शन रिजल्ट के दिन जैसे ही भाजपा के पक्ष में जनमत आया बीजेपी कार्यकर्ता मतगणना स्थल पर ही बुलडोजर लेकर पहुंच गए थे। छत्तीसगढ़ से सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने जीत के बाद बुलडोजर पर चढ़कर समर्थकों का अभिवादन किया।

### दुर्ग-भिलाई में भी चखना सेंटर पर कार्रवाई

5 दिसंबर से लगातार 3 दिन तक वैशाली नगर सुपेला और दुर्ग के कोतवाली थाना इलाके में चखना सेंटर हटाए जा रहे हैं।



### कार्रवाई को लेकर नाराजगी भी

रायपुर नगर निगम प्रशासन ने गुढ़ियारी क्षेत्र के अशोक नगर दुर्गा चौक में सड़कों पर लगी दुकानों को हटाया गया। वहीं नालियों के ऊपर बनाई गई दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। इससे वहां के लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बदली है लेकिन अभी तक सरकार का शपथ ग्रहण भी नहीं हुआ । यह कार्रवाई निगम किसके इशारे पर कर रहा है । गुमटी संचालकों ने कहा कि नगर निगम को पहले नोटिस देना चाहिए। ताकि हम अपनी दूसरी व्यवस्था कर पाए। दुर्गा चौक में हुई कार्रवाई को लेकर स्थानीय युवक ने कहा अगर दुकानों पर कार्रवाई को अवैध बताया जा रहा है तो क्या 4 साल से नगर निगम सोया हुआ था। इससे पहले कार्रवाई क्यों नही की गई। कार्रवाई से पहले नगर निगम को नोटिस जारी करता है दुकान हटाने का मौका देता है। बहुत से लोग रोज कमाते हैं अपना परिवार चलाते हैं। बिना किसी सूचना के कार्रवाई करना ठीक नहीं है।

आईई

# 14 वाहनों को आग लगाने वाले 9 नक्सली पकड़ाए

### 2 नाबालिग भी, दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सीमा से किया गया गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस ने 9 नक्सलियों को पकड़ा है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सरहद से सर्चिंग के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी भांसी में 14 वाहनों को आग लगाने की वारदात में शामिल थे। दोनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह और 7 नक्सलियों को जेल भेज दिया गया है। मामला फरसपाल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले की सरहद पर भैरमगढ़ एरिया कमेटी के कामालूर रूरस कमांडर सोनू ओयाम के साथ लगभग 20-25 माओवादी मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के अनुसार छत्रस्त्र, बस्तर फाइटर्स, छत्रक्ष्क्ष के जवानों को चिडरापाल, मुण्डेर समेत आस-पास के इलाके में सर्चिंग के लिए निकाला गया था।

### घेराबंदी कर पकड़ा

वहीं जब जवान इन्हीं इलाकों के जंगल में पहुंचे तो पुलिस को देखकर 9 संदिग्ध भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनसे पूछताछ की गई। जिन्होंने अपना नाम दशरु ओयाम, संतोष उर्फ पाकलू मंडावी, गोपी कुंजाम, छोटू, राकेश कड़ियाम, लालू कड़ती, मनीराम ओयाम बताया। पुलिस ने इनकी पहचान नक्सलियों के रूप में की है। इनसे पूछताछ की गई। जिसमें इन्होंने बताया कि, पिछले कई सालों से नक्सल संगठन से जुड़कर काम कर रहे हैं। सड़क काटना, बैनर-पोस्टर लगाने जैसे काम किया करते थे। 26 नवंबर को भांसी के डामर प्लांट में खड़ी 14 वाहनों को आग के हवाले करने की वारदात में भी शामिल थे। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है।

# लोस में फिर उठी देवभोग को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग

### ध्यानाकर्षण में महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू ने रखा अपना पक्ष

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र में एक बार फिर से जिले के अंतिम छोर में बसे देवभोग को रेलमार्ग से जोड़ने की मांग उठी है। इसे लेकर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने बुधवार को सत्र में ध्यानाकर्षण के दौरान मामला उठाया। सांसद ने नियम 377 के अधीन मामला उठाते हुए देवभोग और जिला मुख्यालय गरियाबंद को रेलमार्ग से जोड़ने की मांग रखी।

उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिले,विशेषकर देवभोग को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग वर्षो से उठते रही है। इसे लेकर पूर्व में कई लोकसभा में सर्वे की मांग की गई।एक बार फिर लोकसभा में रेलमार्ग का मुद्दा उठा है। हालाकि इस बार इसे लेकर कार्यवाही की प्रबल संभावना नजर आ रही है।कारण कि ओडिशा में जुनागढ़ तक रेल मार्ग आ चुकी है जिसकी देवभोग से दूरी महज 25 किमी है वही रायपुर से राजिम तक रेलमार्ग का काम जारी है जिसे राजिम से गरियाबंद 45 किमी दूर आगे बढ़ाया जा सकता है।

### जूनागढ़ से देवभोग तक बढ़ाना आसान



जानकारी के मुताबिक लोकसभा सत्र के तीसरे दिन 6 दिसम्बर को सांसद चुन्नीलाल साहू ने ध्यानाकर्षण के दौरान गरियाबंद जिले को रेलमार्ग से जोड़ने का प्रश्न उठाया है। नियम 377 के अधीन अपनी मांग रखते हुए सांसद ने कहा है कि गरियाबंद जिला मुख्यालय से 127 किमी दूर देवभोग विकासखंड सीमावर्ती उड़ीसा राज्य के जूनागढ़ रेलमार्ग में जोड़ने से क्षेत्र के लोगों को राजधानी रायपुर आने जाने एवं शिक्षा, चिकित्सा या व्यापार से जोड़ने में सुविधा होगी। ओडिशा के धरमजयगढ़ और जूनागढ़ तक रेलमार्ग आ चुका है। यहां से देवभोग की दूरी महज 25 किमी है। राजधानी रायपुर से जूनागढ तक प्रतिदिन पेसेंजर ट्रेन संचालित है। जिसे देवभोग तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है। यह क्षेत्र पूर्वी-तटीय रेल अंतर्गत आता है। इसके बनने से इस क्षेत्र के लोगो को सुविधा मिलेगी।

### राजिम से गरियाबंद तक बड़ी लाइन संभव

इसके अलावा सांसद ने राजधानी रायपुर से गरियाबंद जिले के राजिम तक प्रगतिरत रेलमार्ग को राजिम से आगे जिला मुख्यालय गरियाबंद तक बढ़ाने की मांग रखी। सांसद ने कहा कि रायपुर से राजिम छोटी लाइन से बड़ी लाइन परिवर्तित करने का कार्य प्रगतिरत है। इसे गरियाबंद तक आगे बढ़ाने से गरियाबंद जिला मुख्यालय भी सीधे राजधानी रायपुर से रेलमार्ग से जुड़ जाएगा। इससे गरियाबंद से रोजाना राजधानी जाने वाले हजारो लोगो को राहत मिलेगी। आर्थिक लाभ भी मिलेगा। व्यापार व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।

### रिजर्व एरिया के चलते बाधा

मालूम को गरियाबंद जिले में मैनपुर विकासखंड में उदंती अभ्यारण्य तथा सघन वन व टाईगर रिजर्व एरिया कोर क्षेत्र) होने के चलते यहां नेशनल हाईवे रायपुर देवभोग का कार्य भी पर्यावरण विभाग से अनुमति के प्रत्याशी में लंबित है, निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है। जिसे देखते हुए देवभोग को जूनागढ़ रेलमार्ग से जोड़े जाने से लोगो को राजधानी आने जाने में राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि इसके पहले भी सांसद चुन्नीलाल साहू ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मिलकर गरियाबंद जिले एवं देवभोग को रेलमार्ग से जोड़ने की मांग रखी थी।

# लगातार हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित इलाके में किसानों के करपा व धान को नुकसान

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** क्षेत्र मे चक्रवाती तूफान के असर के कारण सोमवार से बिगड़ा हुआ मौसम के हालात गुरूवार को भी यथावत रहा बादल बदली व बूंदा बांदी बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ। लोग बादल बदली एवं बारिश के बीच गर्म कपडे रेनकोट व छाते पकड़कर आवाजाहीं करते रहे मौसम के बिगडने के कारण सभी तरफ अव्यवस्था व गंदगी का माहौल कायम रहा पुराना बस स्टैड़ सहित रेल्वे अंडरब्रिज हटरी बाजार सब्जी बाजार रेल्वे अंडरब्रिज का उपरी हिस्सा वाला मार्ग जो कि हटरी बाजार की ओर जाता है, वहां पर भी लबालब पानी भर जाने से लोगों को आवाजाहीं मे भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ा।



इसी तरह नयागंज वार्ड मे स्थित सोनी धर्मशाला के पास भी सड़क पर जल जमाव होने से लोग परेशान होते रहे वहीं मौसम के खराब रहने के कारण कृषि उपज मंडी मे धान की आवक कमजोर रहीं लेकिन बाहर से आये हुये धान के भाव आज भी तेजी लिये हुये थे इसी तरह हटरी बाजार, सब्जी बाजार मे बारिश के कारण सर्वत्र गंदगी व कीचड़ से दुकानदार व ग्राहक दोनो परेशान रहे इस बीच हरी सब्जियों के कमजोर आवक की वजह से उनके भाव पिछले चार दिनो से लगातार बढ रहे है बादल बदली पानी के कारण लोकल सब्जी बाडी से सब्जियो की आवक कमजोर होने की वजह से लोगो को टमाटर, धनिया, मूली, मिर्ची, पालक, लालभाजी, कुसुम भाजी सहित अन्य हरी सब्जियो के लिये अपनी जेब से अधिक दाम चुकाकर लोगो को हरी सब्जियो खरीदना पड़ रहा है इसके अलावा मौसम के बिगडे होने के कारण बाजार मे सामान्य दिनो की तुलना मे चहल पहल कमजोर होने से दुकानदार निराश बैठे रहे वहीं सोना चांदी तथा गर्म कपड़ो के बाजार मे भारी चहल पहल का वातावरण गुरूवार को भी देखने को मिला। कुल मिलाकर मिचौंग तूफान के व्यापक असर भाटापारा शहर के साथ साथ ग्रामीण ईलाके मे भी देखने को मिल रहा है अनेक किसानो के खेतो मे करपा व धान की कटी हुई फसल के साथ साथ कई किसानो के पैरावट व खरही को भी पानी से नुकसान पहुंचा है।

# भाटापारा में व्यवस्थित बस स्टैंड नहीं होने से सड़क पर ही बेतरतीब खड़ी हो रही हैं बसें

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** शहर मे सर्व सुविधा संपन्न बस स्टैड की आवश्यकता एक लंबे समय से महसूस की जा रहीं है मौजूदा समय मे जगह जगह बसों का ठहराव सड़क पर होने से जहां एक ओर यातायात बाधित हो रहा है वही दूसरी ओर बस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को रूकने ठहरने व इंतजार करने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बस मार्ग के यात्री सड़क पर या होटल पान दुकान मे बैठकर वाहनो की प्रतीक्षा करते रहते है अरसे पूर्व कृषि उपज मंडी के समीप बनाये गये बस स्टैड का समूचा परिसर खंडहर होने के साथ साथ अवैध कब्जा से इस कदर भर गया है कि यात्री बसों को अब मुख्य सड़क पर ही खड़ा करके यात्री भरने एवं उतारने का कार्य बस संचालक कर रहे हैं।





वर्तमान मे भाटापारा से बिलासपुर, बेमेतरा, पथरिया, नवागढ की ओर जाने वाली तमाम बसों को कालेज मार्ग के मुख्य सड़क पर खडी करके यात्री चढाये व उतारे जा रहे है इसी प्रकार के हालात भाटापारा से मुंगेली, नांदघाट, मउ मल्दा की ओर जाने वाली बसों का है जिसका ठहराव मंडी क्षेत्र स्थित सुलभ शौचालय के सामने बीच सड़क पर होने से लोग हलाकान है ठीक इसी तरह भाटापारा से बलौदाबाजार की ओर जाने वाली बसों का है जिसको मुख्य सड़क पर खडी करके यात्रियों को चढाया व उतारा जा रहा है इसी तरह भाटापारा से खरोरा व सुहेला मार्ग की ओर चलने वाली बसों का ठहराव माता देवालय वार्ड शीतला मंदिर के समीप स्थित तालाब किनारे होने से यात्रियों को एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर आने जाने मे दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है। सुहेला मार्ग के बस यात्रियों को रिक्शा मे सवार होकर लंबे सफर के बाद शहर आना पड़ रहा है इसी तरह कुछ बसों को रेल्वे स्टेशन क्षेत्र मे तो कुछ यात्री बस को महारानी चौक के सड़क पर खडी करके यात्रियों को चढाने उतारने की प्रक्रिया चालू रहने से सड़क पर यातायात जहां बाधित हो रहा है वहीं यात्रियों की जान जोखिम मे हमेशा इसलिये रहता है कि स्टेशन रोड़ व महारानी चौक यातायात व्यवस्था के हिसाब से अति व्यस्त मार्ग है यहां पर आये दिन छोटी मोटी दुर्घटनायें होती रहती है इस तरह व्यवस्थित बस स्टैड शहर मे नहीं होने से लोग अपनी जान जोखिम मे डालकर सड़क पर से हीं खडी बस मे सड़क मार्ग की यात्रा करने विवश है व्यवस्थित व सुविधा संपन्न बस स्टैड नहीं होने से बाहर से आने वाले यात्रियों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है क्षेत्र के अनेक राजनीतिज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी बस स्टैड को व्यवस्थित करने के लिये अनेक बार अखबारी बयानबाजी करते रहे है लेकिन यथार्थ की धरती पर व्यवस्थित बस स्टैड नहीं बन पाया है जिससे समूचे भाटापारा क्षेत्र के सड़क मार्ग के यात्री हलाकान है साथ हीं यातायात व्यवस्था इसीलिये आये दिन जटिल हो रहा है। जनहित मे कृषि मंडी के समीप स्थित पुराना बस स्टैड को व्यवस्थित करते हुये वहां तमाम मार्गो के बसों का ठहराव करने की दिशा मे संयुक्त रूप से प्रयास की जरूरत है।

# चक्रवात तूफान मिचौंग ने बढ़ाई किसानों की चिंता

### दलहन तिलहन चना की फसलों का हुआ भारी नुकसान किसानों ने की मुवावजा की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** बीते 3 दिनो से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।अंचल के किसान ऐसे भी कृषि विभाग की कार्यप्रणाली से नाखुश हैं।जिसमें ग्राम सेवक और कृषि मित्र द्वारा किसानों को बीज वितरण सहित किसी प्रकार की कृषि विभाग की योजनाओं का जानकारी नही मिलता छुरा स्थित वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का कार्यालय केवल शो पिश बना हुआ है।पर कृषि विभाग की माने तो 1 पर्ची में 30 किलो वितरण किया गया है।



रजनकटा, खट्टी में 50 हेक्टेयर में निशुल्क बीज वितरण किया गया है।और जो जरूरत मंद को 30 किलो 1100 सौ रुपए प्रति बोरी के हिसाब से दिया गया है। पर यहां के कुछ किसानों ने चना, दलहन, तिलहन की फसल अपनी अपनी व्यवस्था से बीज खरीदकर लगाई तो बेमौसम बारिश ने कहर ढा दिया । मिचौंग तूफान की कहर से लगातार दो तीन दिन से हो रही बारिश की वजह से खेतो मे पानी भर गया है किसान चिंतित है ऐसे में पांडुका क्षेत्र के किसान, अब मुआवजे की मांग कर रहे हैं क्योंकि बारिश की वजह से उनके दलहन की फसले सड़ जाएगी और चना मे जो फूल, फल लग चूका था ओ बारिश मे झड़ कर गिर गया है। ऐसे मे किसान सर पकड़ कर बैठ गया है कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण में ऐसे भी किसानो को नाखुश करते आ रहें हैं। हर साल की तरह इस साल भी बीज वितरण में भाई भतीजा वाद और अपने लोगों को बीज वितरण किया गया है जबकि जरूरतमंद किसानों को हर साल बीज नहीं मिलता और कुछ कृषि मित्रों एवं ग्राम सेवकों के द्वारा अपने चिन्हांकित लोगों को ही लाभ पहुंचाया जाता है जैसे तैसे किसान स्वय की लागत से अब बीज बोकर जब फसल लगा ही लिये तो मौसम की मार ने किसानों को मायूस कर दिया। रजनकटा पांडुका अंचल के किसान भाइयों ने बताया जिसमे दानी राम साहू, दौलत राम, खरक राम साहू, चेतन साहू, पुरुषोत्तम साहू, ऋषि साहू, भगत राम साहू, प्रभात साहू, लखन, सेवक, रूपू, छगन, योगेश, विजय, हेमलाल, डोमन आदि 100 एकड़ से ज्यादा मे चना का फसल लगाय है।जिसमे फूल चालू हो गया था तथा कही कही फल भी गया था।बारिश का पानी खेत मे रुक जाने से फसल बीज सड जायेगा फुल भी झड़ गया,फल लग रहा था।उसमे दाना नही आयेगा किसानो ने बताए की कृषि विस्तार अधिकारी सरोज केंवट आये थे बीमा कराने बोले है।साथ ही बीमा वालो को भेजूंगी बोली है। इस बार इस फसल में हमें लागत प्रति एकड़ 50 किलो बीज 200 रूपय किलो के हिसाब से,4 बार जोताई दवाई,खाद पानी सहित 25 हजार से 30 हजार प्रति एकड़ लागत लगा है।अगर हमे मुआवजा नहीं मिला तो हम बरबाद हो जायेंगे इस लिए हम शासन प्रशासन से मुवावाजा की मांग कर रहे हैं।

वही इस बारे में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी छुरा एन भाई ढुढ्ने बताए की किसानो को दो योजनाओं के तहत बीज वितरण किया गया है।साथ ही 31 दिसंबर तक बीमा कराना है ।मैं पता लगाया हु खेतो में पानी उतना नहीं भरा है। फसल बचने की चांस है।नियमानुसार बीमा दिया जाएगा।

# कर्मचारियों को नजर अंदाज करना भूपेश सरकार को पड़ा महंगा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ रही कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है। कांग्रेस पार्टी की इस प्रत्याशित हार के पीछे की वजह कर्मचारियों की नाराजगी भी रही है। छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार को कर्मचारियों को नजर अंदाज करना भारी पड़ा और प्रदेश के 4 लाख नियमित एवं 7 लाख अनियमित कुल 11 लाख कर्मचारीऔर उनके परिवार ने अपने आप को कांग्रेस सरकार से ठगा महसूस करते हुए मतदान किया। डाक मतपत्रों की गिनती से ही भाजपा आगे रही जो इस बात की पुष्टि करता है। काग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में कर्मचारियो से जो वायदे किए गए उस पर अमल नही किया गया।शैक्षिक संकुल समन्वयक पूरे प्रदेश के शिक्षकों में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यो का समन्वय करता है,,लेकिन उन्हें लगातार बिना वजह के प्रताड़ित किया गया, उन पर कई जिलों में निलंबन की कार्यवाही की गई, भरी बैठकों में संकुल समन्वयकों की फजीहत की गई सार्वजनिक रूप से अनर्गल आरोप लगाए गए जिससे स्वाभाविक आक्रोश पनपता चला गया, पुरानी पेंशन की घोषणा कर शिक्षकों को छला गया। रिटायरमेंट के बाद मात्र चंद हजार रूपए शिक्षकों को पेंशन दिया गया,शिक्षकों के एनपीएस के पैसों में खेला किया गया। उनका कोई हिसाब किताब नहीं था,,कर्मचारियों के बीच लगातार समय पर महंगाई भत्ता नहीं मिलना, विलंब से महंगाई भत्ता देना जिसके एरियर्स राशि को शून्य कर देना, पदोन्नति क्रमोन्नति नहीं हो पाना संविदा



और अनियमित कर्मचारियों का नियमितिकरण नहीं हो पाना, मृत शिक्षा कर्मियों के अनुकंपा नियुक्ति पीड़ित परिजनों का एक वर्ष से भी ऊपर का हड़ताल, विधवा महिलाओं का मुंडन होना उसके बाद भी उनसे बात तक न करना,स्वास्थ्य विभाग में हड़तालीजूनियर डॉक्टरों को बिना सुने बर्खास्त करना,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की लगातार नाराजगी,,मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोइयों की बस्तर सरगुजा से रायपुर तक सत्ता विरोधी पदयात्रा,पंचायती राज के मेरुदंड पंचायत सचिवों के मांगों की अनदेखी,,,उसके साथ ही जब भी कर्मचारी संगठन, मंत्री या अधिकारियों से मिलते थे तो बातों की अनसुनी होती थी और दिए गए समस्याओं या ज्ञापन पर कोई भी कार्यवाही भी नहीं होती थी,

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
( * पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### लर्निंग लाइसेंस के लिए 8 दिसम्बर को होगा शिविर का आयोजन

**दन्तेवाड़ा।** जिला कार्यालय परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के निवासियों हेतु जिला परिवहन कार्यालय परिसर में 08 दिसम्बर 2023 को अस्थायी लाइसेंस (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक किया जा रहा है। उपरोक्त दिनांक को शिक्षार्थी अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) परिवहन सुविधा द्वारा बनाया जाएगा। इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये, परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस/टैक्स भुगतान करने हेतु (प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए) 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्क्रीनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड (प्रति पेज) 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, देय शुल्क निर्धारित है। इसके अलावा अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण पत्र के तहत आधार कार्ड, बिजली बिल, वोटर आईडी, पासपोर्ट शासन द्वारा जारी आईडी, 2 फोटो, लोकल पता हेतु किरायानामा/ शपथपत्र, आयु प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति को अनिवार्य किया गया है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवारों हेतु 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील तोकापाल ग्राम रायकोट निवासी संतोष मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी मंगल मंडावी को, ग्राम बुरूंगपाल सालेडोंगरीपारा की कुमारी गीता कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता शंकर कश्यप को, ग्राम नैननार देवापारा के हड़मों पोयाम की मृत्यु पानी में डूबने से पोता पाकूल को और ग्राम बोड़नपाल की परमिला बघेल की सांप काटने से पति अरकित बघेल को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए आवेदन 21 दिसंबर तक आमंत्रित

**नारायणपुर।** नारायणपुर परियोजना के अन्तर्गत ग्रामों में पुराने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 21 दिसंबर सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। ग्राम पंचायत टेमरूगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यकर्ता के 1 पद, केरलापाल के हल्बापार में सहायिका के 1 पद, बोरण्ड नयापारा में सहायिका के 1 पद, हुच्चाकोट में सहायिका के 1 पद और गुडरीपारा सिंगोड़ीतराई में सहायिका के 1 पद रिक्त है। जिस ग्राम, वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित किया जाना है, उस ग्राम के इच्छुक महिला उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र स्वयं अथवा पंजीकृत डॉक से परियोजना कार्यालय नारायणपुर में 21 दिसंबर सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

# रेहाड़ियों को हटाने एवं जनशिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

## कलेक्टर दीपक सोनी ने समय-सीमा बैठक में दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत दी जाने वाली सभी सेवाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लिए प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के दौरान दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए निष्पक्ष और निर्विवाद निर्वाचन के लिए अधिकारियों को बधाई दी।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की गति बढ़ाने को कहा, जिससे लोगों को इस योजना का लाभ शीघ्र प्राप्त हो। उन्होंने नारायणपुर मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक प्रक्रिया की गति बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इसके साथ ही भारतमाला योजना के तहत सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने केशकाल मार्ग में वाहनों के खराब होने के कारण आवागमन के बाधित होने के कारण अनफिट वाहनों को घाट में प्रवेश न करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट में प्रवेश के पूर्व सभी मालवाहक वाहनों की फिटनेस प्रमाण पत्र अवश्य देखा जाए।

कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बड़े कनेरा मार्ग स्थित मदिरा दुकान के आसपास लगाई जाने वाले रेहड़ियों के कारण मार्ग में आवागमन में आ रही बाधा को हटाने के लिए दुकानों का संचालन हेतु स्थल निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी संस्थानों को शीघ्र तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी निर्माणाधीन कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए, जिससे लोगों को इन योजनाओं का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, आरके जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम पर एनएसएस शिविर

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ डी एल पटेल व जिला समन्वयक शशि भूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी का विशेष शिविर 5 से 11 दिसम्बर तक ग्राम कढ़ाई बेड़ा में आयोजित है। शिविर का उद्घाटन शाला प्रबंधन समिति एस एम सी के अध्यक्ष पीलू राम मरकाम, उपाध्यक्ष चैतू राम मरकाम, शिक्षा विद घसिया राम नेताम, वरिस्ठ नागरिक गगरूराम, लखमूराम मंडावी, प्रधानाध्यापक सुरेश चौहान, जनमेजय पोडती, सुको ध्रुव, सोनालाल नेताम की उपस्थिति में संम्पन हुआ। ततपशचात एमएसएस का ध्वजारोहण कर विधिवत शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि ने ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला द्वितीय दिवस हल्की बारिश ने खलल उत्पन्न किया फिर भी स्वयं सेवको ने बुलंद हौसले के साथ विद्यालय के आसपास साफ सफाई की एवं खरपतवारों को हटा कर श्रमदान किया गया। बौद्धिक चर्चा का विषय संयोजन जिसमें ग्रामीण विकास युवाओं की भूमिका पर परिचय आयोजित की गई विषय विशेषज्ञ योगेश खापर्डे एवं देवेंद्र दीवान ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

# पहली बार पुहंची कोढ़ेर में बिजली की रोशनी



समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** जिला मुख्यालय नारायणपुर से लगभग 60 किलोमीटर दूरी पर स्थित अति संवेदनशील क्षेत्र के ग्राम कोढ़ेर में आजादी के बाद पहली बार जिला प्रशासन के प्रयास से विद्युत पहुंचाई गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता हिलोन ध्रुव ने बताया कि कोढ़ेर में जिला खनिज न्यास निधि की राशि 16 लाख 99 हजार रूपये से विद्युत विभाग द्वारा बिजली पहुंचाई गई है।

ग्राम कोढ़ेर में 41 बीपीएल कार्डधारी परिवारों के घरों में विद्युत कनेक्शन दी गई है। ग्राम कोढ़ेर स्कूलपारा, पटलेपारा के लिए परंपरागत उर्जा से विद्युतीकरण करने हेतु दो ट्रांसफार्मर लगाई गई है तथा 11 केव्ही0 लाईन 2.46 किलोमीटर और एल0टी लाईन 2.025 किलोमीटर पूर्ण की गई है। अब पढ़ने वाले बच्चों को बिजली पहुंचने से पढ़ाई करने में काफी सुविधा मिल रही है। बिजली पर निर्भर कार्यो जैसे खेतों में सिचाई सुविधा के साथ घरों में टीव्ही लगने से देश विदेश के गतिविधियां की जानकारी आसानी से मिल रही है। सूचना क्रांति के जमाने में विद्युत नहीं होने के कारण हमे किसी भी प्रकार के मनोरंजन की सुविधा भी नही मिल पा रही थी किन्तु अब बिजली पहुंचने से घरों में पंखा कुलर के साथ मोबाईल चार्जिंग करने में सुविधा प्राप्त हो रही है, जिससे गांव वाले बेहद खुश हैं। बिजली पहुंचने से ग्रामवासी जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।

# नेलगुट्टीपारा से मढोनार तक बनाई गई पक्की सड़क

## क्षेत्र के लोगों को मिल रही आवागमन में बेहतर सुविधा

समवेत शिखर संवाददाता



**नारायणपुर।** देश के प्रधान मंत्री द्वारा वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की शुरूवात किया गया था। इस योजना के अंतर्गत ग्राम के सड़कों को जोड़ने हेतु कार्य प्रारंभ किया गया था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता विनय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस योजना अंतर्गत नारायणपुर जिले में वर्श 2009 में कार्य प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश ग्राम पंचायतो को मुख्यमार्ग से जोडने हेतु कार्य योजना बनाया गया था। जिले में विगत 04 वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत वर्तमान में 01 सड़क नेलगुट्टीपारा से खासपारा (छोटेडोंगर से मढोनार तक) जिसकी लंबाई 8.50 किलो मीटर है। उक्त सडकें अत्याधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में होने एवं कोई मार्ग नही होने के कारण कार्य स्थल तक पहुच पाना संभव नहीं था किन्तु पुलिस विभाग के सहयोग से वर्तमान में उक्त सड़के पूर्ण हो गया है। जिससे इस क्षेत्र के ग्रामवासियों को आवागमन एवं शासन के योजनाओं से लाभांवित हो रहे है। इस सड़क के बनने से क्षेत्रवासी जिला मुख्यालय तक आसानी से पहुंच पा रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय बद्रीनाथ बघेल जिला चिक्तिसालय में मरीजों को लाने ले जाने में अब कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ता है जिससे इस क्षेत्र के निवासी बेहद खुश हैं।

# सीएमएचओ डॉ आरके सिंह ने किया सर्वाधिक नसबंदी हेतु ऑपरेशन

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत की गयी 234 पुरुषों की नसबंदी

समवेत शिखर संवाददाता




**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले भर में पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन 21 नवंबर से 11 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस पखवाड़े में जिले के 234 पुरूषों की नसबंदी की गयी। इस पखवाड़े को सफल बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह ने नेतृत्व संभालते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, जिसमें उन्होंने जिले में सर्वाधिक ऑपरेशन करते हुए कल 174 पुरुषों की नसबंदी हेतु ऑपरेशन किया। इस तरह से जिले में कुल 234 पुरुषों ने अभियान को सफल बनाते हुए नसबंदी कराया है। इसके तहत माकड़ी में 32, केशकाल में 50, फरसगांव 62 एवं बड़ेराजपुर में 30 प्रकरणों में नसबंदी सीएमएचओ द्वारा चिकित्सक दल सहित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर किया गया। वहीं जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा 60 पुरूषों की नसबंदी की गयी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह ने अभियान से जुड़े सभी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक अभियान संचालन की बधाई देते हुए लोगों को जागरूक करने हेतु बताया कि पुरुष नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थाई सुरक्षित साधन है। ऑपरेशन में ज्यादा समय नहीं लगता व्यक्ति उसी दिन अपने घर जा सकता है। नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती व्यक्ति कुशलतापूर्वक अपना विवाहित जीवन जी सकता है। हितग्राहियों को इसके लिए 3000 रूपये की प्रोत्साहन राशि भी दिया गया है। जनसंख्या एवं परिवार नियोजन हेतु सभी को जागरूक होकर सहयोग एवं अपनी भागीदारिता सुनिश्चित करने हेतु अपील की है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# पटना पाइरेट्स की तेलुगु टाइटंस पर बड़ी जीत




**नई दिल्ली।** टाइटंस की तरफ से पवन सहरावत ने सर्वाधिक 11 अंक बनाए, लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों का साथ नहीं मिला। टाइटंस ने शुरू में दबदबा बनाकर बढ़त हासिल की थी लेकिन पाइरेट्स सचिन के दम पर 10वें मिनट में 11-10 से आगे हो गया था।

रेडर सचिन के शानदार खेल से पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में बुधवार को यहां तेलुगु टाइटंस को 50-28 से करारी शिकस्त दी। सचिन ने 14 अंक बनाकर अपनी टीम की जीत ने अहम भूमिका निभाई। टाइटंस की तरफ से पवन सहरावत ने सर्वाधिक 11 अंक बनाए, लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों का साथ नहीं मिला। टाइटंस ने शुरू में दबदबा बनाकर बढ़त हासिल की थी लेकिन पाइरेट्स सचिन के दम पर 10वें मिनट में 11-10 से आगे हो गया था। इसके बाद उसने अपनी बढ़त आखिर तक बरकरार रखी। मध्यांतर से ठीक पहले पाइरेट्स ने एक और ऑल आउट कर 28-16 के अंतर से बड़ी बढ़त ले ली। पाइरेट्स ने दूसरे हाफ में भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा जिससे वह टाइटंस को बड़े अंतर से हराने में सफल रहा।

# आईसीसी टी20 विश्व कप का लोगो हुआ जारी




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने 2024 में होने वाली महिला और पुरुष क्रिकेट ञ्च20 वर्ल्ड कप के लिए नए लोगो जारी कर दिए हैं। आईसीसी ने टी20 विश्व कप के नए लोगो को रिवील किया है। आईसीसी ञ्च20 वर्ल्ड कप पुरुष का आयोजन 30 जून से किया जाना है। ये मैच वेस्ट इंडीज और अमेरिका में खेले जाएंगे। वहीं महिला क्रिकेट टी20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होना है।

महिला टी20 विश्व कप के लिए अब तक तारीख और शेड्यूल सामने नहीं आया है। हालांकि आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए नया लोगो रिवील कर यह बता दिया है कि महिला और पुरुष टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू हो गई है।

**लोगो में दिखती है एनर्जी :** आईसीसी ने टी20 का नया लोगो जारी किया है वह बेहद एनर्जेटिक है। यह लोगों क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में होने वाले जल्दी बदलाव को दर्शाता है। इस लोगो से टी20 क्रिकेट की ऊर्जा दिखाई देती है। बता दें कि इस लोगो में 2024 में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप की मेजबान देशों से प्रेरित बनावट और पेटर्न्स को सम्मिलित किया गया है। आईसीसी ने लोगो जारी करने के दौरान कहा कि लोगो, बल्ले, गेंद और एनर्जी का क्रिएटिव मिश्रण है। यह सब टी20 क्रिकेट के मूल एलिमेंट्स भी है। इस लोगों में टी20 शब्द को ऐसे लिखा गया है कि वह बैठ के स्विंग की तरह दिखता है। तीन अक्षरों के पास एक जिगजैग पैटर्न बनाया गया है जिससे बात और बॉल के बीच स्ट्राइक से निकली वाइब्रेशन प्रदर्शित होती है। आईसीसी मार्केटिंग एंड कम्यूनिकेशन के जनरल मैनेजर ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए जारी किए गए नए लोगो की तारी करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले पुरुष विश्व कप की तैयारियों के लिए सिर्फ छह महीने ही शेष है। फैंस वर्ल्ड कप और टिकट संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए खुद को रजिस्टर कर सकते है।

### डिशटीवी द्वारा लांच किए गए वॉचो - ओटीटी सुपर ऐप ने एक साल के भीतर 3 मिलियन सब्सक्रिप्शन को किया पार

**मुंबई।** डिश टीवी का रोमांचक नया ओटीटी एकत्रीकरण प्लेटफॉर्म, वॉचो - ओटीटी सुपर ऐप, जेन ॅ सहित शहरी और ग्रामीण सभी पीढ़ियों के लिए ओटीटी मनोरंजन का वन-स्टॉप समाधान बनकर उभरा है, जिसने इस साल के अगस्त महीने में 2 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा हासिल करने के बाद 3 मिलियन से अधिक सशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह 2022 में लॉन्च होने के बाद से प्रतिस्पर्धी ओटीटी एकत्रीकरण और मनोरंजन परिदृश्य में मंच की निरंतर वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण है। वॉचो - डिश टीवी के ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अद्भुत वृद्धि का प्रदर्शन किया है, लॉन्च के बाद से इसका उपयोगकर्ता आधार 90 मिलियन से अधिक हो गया है, जो विविध दर्शकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मनोरंजन समाधान प्रदान करने के प्रति अपने समर्पण को दर्शाता है। प्लेटफ़ॉर्म ने न केवल पर्याप्त उपयोगकर्ता आधार प्राप्त किया बल्कि एक अग्रणी ओटीटी समाधान के रूप में अपनी स्थिति भी मजबूत की है। यह उपयोगकर्ताओं को एक सहज और व्यापक मनोरंजन अनुभव प्रदान करता है, जिसमें डिज्नी+हॉटस्टार, ज़ी5, सोनी लिव, लायंसगेट प्ले, हंगामा प्ले, होईचोई, चौपाल, मनोरमा मैक्स, फैनकोड, राज डिजिटल, तरंग प्लस, शॉर्ट्स टीवी, ईटीवी विन, स्टेज, आओ नेक्स्ट, और 'वॉचो एक्सक्लूसिव्स×ह्व39; जैसे 16 लोकप्रिय प्लेटफॉर्म शामिल हैं। ओटीटी सुपर ऐप वॉचो के मूल कंटेंट के व्यापक संग्रह में भी प्रवेश प्रदान करता है, जिसमें 45 से अधिक मनोरम वेब सीरीज, स्वैग , फैंटेसी, साहसिक और साई-फाई जैसी शैलियों को शामिल किया गया है, जो प्रीमियम कंटेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करते हैं।

### फिल्म 'थैंक गॉड' देखने के शीर्ष 5 कारण

**मुंबई।** इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित एक फंतासी कॉमेडी-ड्रामा है, जिसमें अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रकुल प्रीत सिंह और नोरा फतेही जैसे बेहतरीन कलाकार हैं। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम उन शीर्ष पांच कारणों पर चर्चा करेंगे कि क्यों 'थैंक गॉड' अवश्य देखा जाना चाहिए। अपनी मनोरम कहानी और शानदार प्रदर्शन के साथ, यह फिल्म हास्य और जादू के मिश्रण के साथ एक आनंदमय अनुभव का वादा करती है।



देखना न भूलें, एंड पिक्चर्स का थैंक गॉड का प्रीमियर, 8 दिसंबर, रात 8 बजे 1. परफेक्ट फैमिली एंटरटेनमेंट- फिल्म की हल्की-फुल्की कॉमेडी परिवार के छोटे से लेकर बड़े तक हर सदस्य को गुदगुदाने के लिए बनाई गई है। कॉमेडी और मनोरंजन के बीच, 'थैंक गॉड' एक सकारात्मक और उत्थानकारी संदेश देता है, जो इसे न केवल मनोरंजक बनाता है बल्कि समृद्ध भी बनाता है। संक्षेप में, थैंक गॉड वाली फिल्म सभी उम्र के दर्शकों के लिए एक आकर्षक और संपूर्ण अनुभव सुनिश्चित करती है। थैंक गॉड का प्रदर्शन फिल्म की सार्वभौमिक अपील के प्रमाण के रूप में खड़ा है, जो एक स्थायी प्रभाव छोड़ता है और कहानी कहने के जादू के माध्यम से लोगों को एक साथ लाता है।

# डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार, 13 दिसंबर 2023 को खुलेगा




**मुंबई।** डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ('ऑफर') बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को खोलने का प्रस्ताव रखा है। बिड/ऑफर के बंद होने की तिथि शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 होगी। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023 है।

ऑफर का प्राइस बैंड 750 प्रति इक्विटी शेयर से 790 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 18 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 18 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

ऑफर में 3,500.00 मिलियन तक की कुल संख्या में इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (नया निर्गम) शामिल है। साथ ही, ?8,500.00 मिलियन तक इक्विटी शेयरों ('ऑफर किए गए शेयर') की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है। इनमें ?8,000.00 मिलियन तक के एफ आई एल ए - फैब्रिका इटालियाना लैपिस एड एफिनी एस.पी.ए. के इक्विटी शेयर, संजय मनसुखलाल राजानी द्वारा 250.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर, और केतन मनसुखलाल राजानी द्वारा 250.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, 'सेलिंग शेयरहोल्डर्स' और सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा बिक्री के लिए, 'ऑफर फॉर सेल') भी हैं। इस ऑफर में योग्य कर्मचारियों ('कर्मचारी आरक्षण भाग') द्वारा सदस्यता के लिए ?50.00 मिलियन तक की संख्या में इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है। कंपनी, बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, कर्मचारी आरक्षण भाग ('कर्मचारी डिस्काउंट') के तहत बोली लगाने वाले योग्य कर्मचारियों को ऑफर मूल्य पर ?75 प्रति इक्विटी शेयर के बराबर छूट की पेशकश कर सकती है। कर्मचारी आरक्षण भाग को घटाकर इस ऑफर को इसके बाद 'नेट ऑफर' कहा जाएगा। कंपनी फ्रेश इश्यू की आय का उपयोग लेखन उपकरणों, जल रंग पेन, मार्कर और हाइलाइटर्स की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के लिहाज से करना चाहती है।

# एचडीएफसी बैंक, रिजर्व बैंक इनोवेशन हब ने आई-इनोवेट लांच किया

**बेंगलुरु।** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अग्रणी एचडीएफसी बैंक ने आज आई-इनोवेट पेश करने के लिए रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जो एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले चैंपियन फिनटेक के लिए डिज़ाइन की गई है। यह पहल विशेष रूप से सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) का लाभ उठाने पर केंद्रित है ताकि न केवल वृद्धि की जा सके, बल्कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव भी लाया जा सके।

रिजर्व बैंक इनोवेशन हब , भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो वित्तीय क्षेत्र में नवाचार के लिए अनुकूल माहौल बनाने के प्रयासों का नेतृत्व करती है। एचडीएफसी बैंक, अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के तहत, अपने परिवर्तन स्टार्टअप अनुदान कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप का समर्थन करता है। एचडीएफसी बैंक और रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब मौजूदा अंतराल को पाटने और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय पहुंच बढ़ाने के लिए सामाजिक नवाचार और उद्यमिता का लाभ उठाने के लिए एक साथ आए हैं। इसके अलावा, आबादी के इस वर्ग के लिए नवाचार में विशेषज्ञता के साथ योगदान देने के साथ-साथ इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स के विकास, त्वरण और पोषण में विशेष सहायता प्रदान करने के लिए एसिसटेक फाउंडेशन (एटीएफ) को एक सहायक भागीदार के रूप में शामिल किया गया है।

# सेना के अधिकारियों-अपर कलेक्टर ने लिया सेना भर्ती की तैयारियों का जायजा

## पुलिस लाइन खोखराभांठा जांजगीर में 15से 23 दिसम्बर तक थल सेना भर्ती का होगा आयोजन

**समवेत शिखर संवाददाता**

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय सेना में अग्निवीर व थल सेना की भर्ती का आयोजन 15 से 23 दिसम्बर तक पुलिस लाइन खोखराभांठा जांजगीर में होगा। सेना के सहायक भर्ती अधिकारी श्री सतीष कुमार बी एवं अपर कलेक्टर श्री एस वैद्य ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सेना भर्ती रायपुर के सहायक भर्ती अधिकारी श्री सतीष कुमार बी ने सेना भर्ती रैली स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक, पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं जनरेटर, अभ्यर्थी हेतु आवास स्थल की व्यवस्था, इंटरनेट व्यवस्था, सीसीटीवी, बेरिकेडिंग, चिकित्सा एवं एम्बूलेंस, वाहन व्यवस्था, बस स्टैण्ड एवं मेला स्थल पर पुछताछ एवं मार्गदर्शन केन्द्र की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डलाल जगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी, एसडीएम जांजगीर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, एसडीएम अकलतरा श्री विक्रान्त अंचल, जिला रोजगार सहित संबंधित अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### कर्मचारियों का गुस्सा हार की वजह ,पूर्णानंद मिश्रा बोले, कर्मचारियों को नजरअंदाज करना भूपेश सरकार को पड़ा महंगा

रायपुर 5 दिसंबर 2023- विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ रही कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है। कांग्रेस पार्टी की इस प्रत्याशित हार के पीछे की वजह कर्मचारियों की नाराजगी भी रही है। छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष पूर्णानंद मिश्रा ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार को कर्मचारियों को नजर अंदाज करना भारी पड़ा और प्रदेश के 4 लाख नियमित एवं 7 लाख अनियमित कुल 11 लाख कर्मचारीऔर उनके परिवार ने अपने आप को कांग्रेस सरकार से ठगा महसूस करते हुए मतदान किया।,

डाक मतपत्रों की गिनती से ही भाजपा आगे रही जो इस बात की पुष्टि करता है। काग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में कर्मचारियो से जो वायदे किए गए उस पर अमल नही किया गया।शैक्षिक संकुल समन्वयक पूरे प्रदेश के शिक्षकों में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों का समन्वय करता है,,लेकिन उन्हें लगातार बिना वजह के प्रताड़ित किया गया,, उन पर कई जिलों में निलंबन की कार्यवाही की गई,, भरी बैठकों में संकुल समन्वयकों की फजीहत की गई,, सार्वजनिक रूप से अनर्गल आरोप लगाए गए,,,जिससे स्वाभाविक आक्रोश पनपता चला गया,,पुरानी पेंशन की घोषणा कर शिक्षकों को छला गया,,,रिटायरमेंट के बाद मात्र चंद हजार रूपए शिक्षकों को पेंशन दिया गया,शिक्षकों के एनपीएस के पैसों में खेला किया गया,उनका कोई हिसाब किताब नहीं था,,कर्मचारियों के बीच लगातार समय पर महंगाई भत्ता नहीं मिलना, विलंब से महंगाई भत्ता देना जिसके एरियर्स राशि को शून्य कर देना, पदोन्नति क्रमोन्नति नहीं हो पाना संविदा और अनियमित कर्मचारियों का नियमितिकरण नहीं हो पाना, मृत शिक्षा कर्मियों के अनुकंपा नियुक्ति पीड़ित परिजनों का एक वर्ष से भी ऊपर का हड़ताल,विधवा महिलाओं का मुंडन होना,उसके बाद भी उनसे बात तक न करना,स्वास्थ्य विभाग में हड़तालीजूनियर डॉक्टरों को बिना सुने बर्खास्त करना,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की लगातार नाराजगी,,मध्यान्ह भोजन में कार्यरत रसोइयों की बस्तर सरगुजा से रायपुर तक सत्ता विरोधी पदयात्रा,पंचायती राज के मेरुदंड पंचायत सचिवों के मांगों की अनदेखी,,,उसके साथ ही जब भी कर्मचारी संगठन, मंत्री या अधिकारियों से मिलते थे तो बातों की अनसुनी होती थी और दिए गए समस्याओं या ज्ञापन पर कोई भी कार्यवाही भी नहीं होती थी,

इस सरकार के कई बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त होकर कर्मचारी संगठनों से अच्छा व्यवहार नहीं करते थे जिसकी जानकारी सरकार को भली भांति होने पर भी किसी प्रकार का सुधार नहीं किया जा रहा था।खासकर शिक्षको के मुद्दे पर पदोन्नती क्रमोन्नति ट्रांसफर पोस्टिंग,संशोधन आदि मुद्दों पर शिक्षक लगातार परेशान रहे जिससे बड़ी संख्या में शिक्षको को न्याय की आस में हाईकोर्ट का शरण लेना पड़ा।उच्च पदों पर आसीन इन्ही अधिकारियों की कर्मचारी विरोधी नीतियों ने कर्मचारियों के मन मे कांग्रेस सरकार के प्रति कड़वाहट भर दी।पूर्णानन्द मिश्रा प्रान्ताध्यक्ष, मोहन लहरी प्रांतीय सचिव,संतराम बंजारा प्रदेश कोषाध्यक्ष,राजेंद्र प्रसाद सिन्हा प्रदेश प्रवक्ता,डीजेंद्र कुर्रे प्रदेश मीडिया प्रभारी,प्रांतीय पदाधिकारी ओमप्रकाश बघेल,रामचंद्र सोनवानी,कमलेश साहू, आशीष साहू,ओमप्रकाश बघेल, बृजराज गिरी,तरुण सिंह राठौर,सरोज सेठिया,विकास पटेल, हेमेन्द्र साहसी, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा,खेमलता प्रधान,भूपेश पंडा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ एक छोटा राज्य है और यहां पर एक या दो परसेंट के मतांतर से सरकार बनती और बिगड़ती है, ऐसे में छत्तीसगढ़ में जब भी कर्मचारियों को नजर अंदाज किया गया है तो निश्चित ही कर्मचारियों ने अपने हक और अधिकार में हानि होते देख एकजुट हो मताधिकार का प्रयोग किया है। संघ ने स्वस्थ प्रजातांत्रिक प्रक्रिया के तहत भाजपा की सरकार बनने पर बधाई दिया एवं भरोसा जताया कि आने वाले समय में भाजपा की सरकार कर्मचारियों के मुद्दे का समय पर निराकरण करेगी।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक और कलेक्टर जनदर्शन शुरू होगा

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के आदेशानुसार आगामी सप्ताह के मंगलवार (12 दिसंबर 2023) से जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक और कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कीया जायेगा। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक का समय सुबह 10:30 बजे और जनदर्शन कार्यक्रम का समय दोपहर 01 बजे निर्धारित किया गया है।

### कलेक्टर ने एक्सिस बैंक की बिहारपुर शाखा व एटीएम सेंटर का किया उद्घाटन

**सूरजपुर।** एक्सिस बैंक की बिहारपुर शाखा व एटीएम सेंटर का उद्घाटन आज कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। जिससे इस क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा का विस्तार हुआ है, जिससे निश्चित रूप से बिहारपुर के क्षेत्र वासियों को लाभ होगा। उद्घाटन के पश्चात कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा एक्सिस बैंक का अवलोकन किया गया और एक्सिस बैंक के अधिकारियों व स्टाफ से क्षेत्र वासियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी भी ली गई। सूरजपुर जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर खुले एक्सिस बैंक को उन्होंने शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के संबंध में ली बैठक

## कलेक्टर ने बेमौसम बारिश से धान को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**

**सक्ती।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत 01 नवम्बर से जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संबंधी कार्य किया जा रहा है। धान खरीदी के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन व उपार्जित धान के सुरक्षित रखरखाव के संबंध में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी संबंधित अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने बेमौसम बारिश से धान को सुरक्षित रखने के लिए धान उपार्जन केन्द्रों में किए गए उपायों की समीक्षा करते हुवे आवश्यक निर्देश दिए।



कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान को भीगने से बचाने के लिए कैप कवर, पानी निकासी, धान के सुरक्षित रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अलर्ट होकर किसी भी प्रकार की फसल क्षति होने पर उसकी जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुभाग स्तर पर भी खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, पटवारी, आरआई सहित अन्य संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेकर फसलों की स्थिति व धान खरीदी कार्यों की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में किसानों के धान खरीदी में रकबा संबंधी शिकायतों के निराकरण सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। धान उपार्जन केंद्रों में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों एवं बिचैलियों पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है।

बैठक में एसडीएम सक्ती पंकज डाहिरे, एसडीएम डभरा सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम जैजैपुर अरूण कुमार सोम, जिला खाद्य अधिकारी, सहकारिता अधिकारी सुश्री माहेश्वरी तिवारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# अयोध्याजी से श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा का अक्षत कलश पहुंचा खरसिया

**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरसिया।** अयोध्याजी में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। वहीं रामलला के नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। इस भव्य कार्यक्रम में रामभक्तों को आमंत्रित करने अक्षत कलश खरसिया पहुंचा, जिसके स्वागत में शंख ध्वनि के साथ ढोल-नगाड़ों और जय-जय श्रीराम के नारे गूंजायमान हुए। जन-जन को आमंत्रित करने अक्षत कलश के आगमन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बहरहाल गायत्री शक्तिपीठ में सर्वप्रथम अक्षय कलश की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई, वहीं घर-घर में श्रीराम भक्तों के द्वारा अब श्रीराम मंदिर अयोध्या में पहुंचने का न्योता दिया जाएगा। 18 अक्षत कलश नगर में आए हैं, जिन्हें 165 ग्रामों तथा नगर के 18 वार्डों में विभक्त कर घर-घर आमंत्रण दिया जाएगा। वहीं मौसम की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए भव्य शोभायात्रा भी निकल जाएगी।





# जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**समवेत शिखर संवाददाता**

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज बिहारपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना जिसकी लागत रू. 2835.40 लाख है, से 19 ग्राम की लगभग 27000 जनसंख्या लाभान्वित होंगी। इन 19 ग्रामों में लगभग 7900 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया जाएगा जिससे उन्हें शुद्ध पेय जल प्राप्त होगा। कलेक्टर द्वारा 3.00 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र स्थल, इंटेकवेल 6.0 मीटर व्यास 27 मीटर ऊंचाई के कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए भूमि संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण त्वरित करने हेतु राजस्व अधिकारी को दिया गया।

# 14वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल सीनियर पुरुष प्रतियोगिता में जांजगीर-चांपा उपविजेता

**समवेत शिखर संवाददाता**

**जांजगीर।** जांजगीर के टीसीएल महाविद्यालय में दो दिवस से चल रही नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें दुर्ग जिला विजेता रही एवं मेजबान जांजगीर चांपा जिला की टीम उपविजेता रही दो दिवसी नेटबॉल प्रतियोगिता जो की 5 दिसंबर से शुरू हुई और 6 दिसंबर को जिसका समापन हुआ इस प्रतियोगिता के उद्घाटन में जांजगीर नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी जी द्वारा किया गया जबकि समापन के कार्यक्रम में जांजगीर नगर पालिका के अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के समापन पर मौजूद रहे नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश पैगवार एल्डरमैन रफीक सिद्दीकी , शिशिर द्विवेदी , प्रिंस शर्मा , परमेश्वर निर्मलकर , मनोज पाण्डेय ,आलोक शुक्ला , छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के अध्यक्ष प्रमोद जैन, छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ की महासचिव हिना खान, छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष प्रशांत जेकब , जावेद खान, अब्बास आलम, अमित तिवारी, गोपाल साहू, जिला नेटबॉल संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी , कोषाध्यक्ष संस्कार द्विवेदी , उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय मौजूद रहे 2 दिन चले इस प्रतियोगिताओं में पूरे प्रदेश से 12 जिला एवं कॉरपोरेशन की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें विजेता श्री का खिताब दुर्ग जिला की टीम रही जबकि उप विजेता टीम मेजबान जांजगीर-चांपा की टीम रही तृतीय स्थान के लिए कंबाइन पुरस्कार दिया गया जो कि कोरबा जिला एवं बलौदा बाजार जिला को दिया गया पूरे प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय पुरस्कार कप एवं मैडल



स्व. रामकुमार पाण्डेय जी की स्मृति में विवेकानंद विद्यालय के संस्थापक मनोज पाण्डेय द्वारा प्रदान किया गया अंत में आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन द्वारा किया गया जबकि मंच संचालन जिला नेटबॉल संघ जांजगीर चांपा के सचिव राजेश राठौर द्वारा किया गया।

फाइनल मैच के हीरो रहे जांजगीर के निहाल पाण्डेय एवं शैलेंद्र गहरा हालांकि यह फाइनल मैच दुर्ग जिला ने जीत लिया लेकिन दर्शकों का मन मोह लिया जांजगीर के दो खिलाड़ियों ने संघर्षपूर्ण इस मुकाबले में बराबर की टक्कर रही दोनों टीमों के बीच और इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में 14-10 के मुकाबले दुर्गा टीम विजय रही लेकिन पूरे मैच में यह दो खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा अंतिम क्षण में हुवा मैच का निर्णय। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोनम का हुआ सम्मान हाल ही में साउथ कोरिया से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनम शर्मा ने छत्तीसगढ़ टीम का नाम रोशन किया था जिला नेटबॉल संघ जांजगीर चांपा ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोनम शर्मा का किया सम्मान।

छत्तीसगढ़ नेटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन की घोषणा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं नेटबॉल को प्रदेश में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव करेंगे मदद, हर जिलों में नेटबॉल की नई इकाइयों को प्रशिक्षण देने हेतु सीनियर खिलाड़ियों अलग-अलग जिलों में भेज कर कि जाएगी इसकी शुरुआत सीनियर खिलाड़ियों की बनेगी एक टीम जो प्रदेश में हर जिलों में जाकर नेटबॉल खेल के बारे में करेंगे मॉनिटरिंग।

# तूफान के असर से पत्थलगांव का मौसम हुआ ठंडा



## तापमान में भारी गिरावट, धान की फसल को नुकसान, जगह-जगह आग जलाकर लोगों ने ठंड से किए बचने के उपाय

### असमय बारिश से सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**समवेत शिखर संवाददाता**

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव में लगातार तीसरे दिन भी आज हल्की बूंदाबांदी बारिश से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा सड़कों की हालात हल्की सी बारिश में ही कीचड़ में सरोवर हो चुकी है सड़कों के किनारे पानी के जमाव के कारण हालात काफी दयनीय नजर आने लगी है सड़कों के किनारे बनी करोड़ों रुपए की नाली केवल शोपीस के अलावा और कुछ नहीं प्रतीत हो रही है। स्कूलों में भी छात्र-छात्राओं की काफी संख्या में अनुपस्थिति दर्ज की गई लोग तापमान की गिरावट के कारण बड़ी ठंड से घरों में दुबके पड़े रहे ।जगह-जगह लोगों ने आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया ।

असमय बारिश के कारण धान की फसलों को नुकसान देखा गया खेतों में पड़े धान पानी के कारण खराब होने की स्थिति में पहुंचने लगे वहीं खेतों में बिना कटाई के धान बारिश की वजह से खराब होने के कगार पर पहुंचने लगा। बारिश के कारण जगह-जगह सड़कों पर जाम की स्थिति भी देखी गई बारिश के कारण नागरिक घरों में दुबके पड़े रहे। बारिश की वजह से तापमान में आई गिरावट से ठंडक बढ़ने से आग जलाकर ठंड से बचने का उपाय करते नजर आए जहां राजनीति को लेकर जगह-जगह लोगों ने छत्तीसगढ़ के संभावित मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा राजनीतिकार जशपुर जिले से ही मुख्यमंत्री की उम्मीद लगाए बैठे आपस में चर्चाएं करते नजर आए।

# रासेयो के सात दिवसीय शिविर में 40 स्वयंसेवक ले रहे हिस्सा

**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरसिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडतराई में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम केराझर में 5 दिसम्बर को किया गया। शिविर में विद्यालय में अध्ययनरत कुल 40 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर 11 दिसम्बर तक जारी रहेगा।

सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर आयोजित किया गया है। वनांचल ग्राम केराझर स्थित प्राथमिक शाला भवन में आयोजित इस शिविर में शामिल स्वयंसेवक प्रतिदिन सुबह 6 बजे योग, व्यायाम, प्रार्थना करेंगे। उसके पश्चात सुबह 8 बजे से 12 बजे तक परियोजना कार्य के तहत श्रमदान करेंगे। भोजन पश्चात दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा में भाग लेंगे। इसके तहत प्रतिदिन अलग अलग क्षेत्रों से जुड़े अनुभवी लोग स्वयंसेवकों के बीच उपस्थित होकर उनका मार्गदर्शन करेंगे। इसके बाद रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शिविर स्थल में ही किया जायेगा, जिसमें स्वयंसेवक अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।



रासेयो के उक्त सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ ग्राम पंचायत केराझर के सरपंच छबिलाल चौहान, पंच राजकुमार यादव, गजानन पटेल, प्रेमलाल सिदार, झनेन्द्र राठिया, गिरीश पटेल, विद्यालय के प्राचार्य श्री सुधीन राम भगत के विशेष उपस्थिति में हुआ। इस दौरान अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर उनका पूण्य स्मरण किया। इस अवसर पर विद्यालय रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार पटेल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्रा, व्यायाम शिक्षक अनुप कुमार टोप्पो, सहायक शिक्षिका श्रीमती कामिनी पाण्डेय, भृत्य राजेन्द्र कुमार स्नेही एवं ग्राम केराझर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।